धनबाद, मंगलवार 30.04.2024
मूल्य- ₹ 3
वर्ष-30 अंक-69 पृष्ठ- 12
वैशाख कृष्ण पक्ष-7
संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक

# बिहार ऑबजर्वर




## गर्मी और लू के मद्देनजर केजी से कक्षा आठवीं तक की कक्षाएं अगले आदेश तक के लिए स्थगित



**रांची (ससे):** राज्य में अत्यधिक गर्मी और लू के मद्देनजर छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को ध्यान में रखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालय सहित सभी निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से कक्षा आठवीं तक की कक्षाएं अगले आदेश तक के लिए स्थगित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश विद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मियों पर लागू नहीं होगा एवं उनकी गर्मी छुट्टी हेतु अलग से आदेश निर्गत किया जाएगा। शिक्षक एवं कर्मी हर रोज विद्यालय की निर्धारित अवधि में विद्यालय में उपस्थित होकर विभिन्न कार्य करेंगे। वहीं कक्षा ९ से ऊपर के क्लासेस ७ बजे से ११.३० तक ही संचालित की जाएगी। इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं आउटडोर गतिविधियां संचालित नहीं की जाएगी। प्रभारी सचिव उमाशंकर सिंह के हस्ताक्षर से जारी यह आदेश ३० अप्रैल के प्रभाव से अगले आदेश तक लागू रहेगा।

### 1 अरब 20 करोड़ की एफडी का मामला

## सीएस ने पीएस हैल्थ एज्युकेशन से 15 दिनों में रिपोर्ट की तलब

**जबलपुर (ईएमएस):** मप्र मेडिकल साईंस युनिवर्सिटी (एमपीएमएसयू) में १ अरब २० करोड़ की एफडी का मामला सुर्खियों में आने के बाद प्रदेश के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

मप्र शासन की मुख्य सचिव (सीएस) श्रीमति वीरा राणा ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव (पीएस) मोहम्मद सुलेमान को पत्र जारी कर १५ दिनों के भीतर मामले में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। एक तरफ जहां प्रदेश के शीर्ष प्रशासनिक अफसर मामले की तह तक जाकर आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने पूरा जोर लगा रहे हैं वहीं इस बड़ी आर्थिक अनियमितता के मामले में एमपीएमएसयू प्रबंधन के जिन शीर्ष अधिकारियों का नाम आ रहा है वह तिकड़ी इतनी निश्चिंत बैठी है मानों उन्हें किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई का भय न हो।




एमपीएमएसयू सूत्रों की मानें तो इस कुख्यात तिकड़ी ने हाल ही में बैठक की, जिसमें तिकड़ी के सरगना ने एक अधीनस्थ और एक पूर्व में अधीनस्थ रहे अधिकारी को सांत्वना देते हुए कहा कि फंसते वो लोग हैं जो १०-२० करोड़ जैसी छोटी राशि की गड़बड़ी करते हैं हमने १ अरब २० करोड़ की गड़बड़ी की है इसलिए डरो मत। उन्होंने कहा कि जैसे अब तक ईओडब्ल्यु जांच और अन्य मामलों से सभी को अपने विशेषाधिकार का प्रयोग कर बचाते आए हैं वैसे ही आगे भी बचाएंगे। कोई जांच उनका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकती फिर ▶▶ 4

## कनाडा के पीएम की मौजूदगी में खालिस्तानी समर्थक नारेबाजी का भारत ने किया विरोध

**नई दिल्ली (ईएमएस):** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तानी समर्थक नारेबाजी का भारत ने कड़ा विरोध जताया है। साथ ही कनाडा के राजदूत को तलब किया है। कनाडा के बड़े नेताओं की मौजूदगी वाले एक कार्यक्रम के दौरान खालिस्तान के नारे लगाने के लिए विदेश मंत्रालय ने कनाडा के उप उच्चायुक्त को तलब किया था। कार्यक्रम को कनाडा के प्रधानमंत्री ने भी संबोधित किया था।



आयोजन में इस तरह की नारेबाजी को जारी रखने की सहमति पर भारत सरकार की ओर से गहरी चिंता और कड़ा विरोध व्यक्त किया गया है। कहा गया है कि ये कनाडा में एक बार फिर अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को दिए गए राजनीतिक स्थान को दर्शाता है। इस तरह की घटनाएं न केवल भारत-कनाडा संबंधों को प्रभावित करती हैं, बल्कि कनाडा में अपने ही नागरिकों के लिए हिंसा और आपराधिकता के माहौल को भी बढ़ावा देती हैं।

दरअसल टोरंटो में आयोजित खालसा दिवस समारोह में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ-साथ विपक्षी नेता पियरे पोइलीवरे की मौजूदगी में खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए थे। कनाडा स्थित सीपीएसी टीवी द्वारा जारी किए गए वीडियो में दिखा कि जैसे ही पीएम ट्रूडो खालसा दिवस के मौके पर अपने संबोधन के लिए मंच पर जाने वाले थे, तेज आवाज में नारे लगाए जाने लगे।

इस कार्यक्रम में खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगे, जिसमें एनडीपी नेता जगमीत सिंह और टोरंटो मेयर ओलिविया चाउ भी मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री मोदी के दस साल के कार्यकाल में 70 साल की समस्या का समाधान हुआ : मध्यप्रदेश सीएम



**रांची (ससे):** भाजपा के स्टार प्रचारक सह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव झारखंड के एक दिवसीय दौरे के क्रम में सोमवार को रांची में भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं ने उन्हें सम्मानित किया। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा की धरती पर आकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दस साल के कार्यकाल में ७० साल की समस्या का समाधान हुआ है। देश की कई महत्वपूर्ण समस्याओं को सरलता से निपटाया है। इसे देश ही नहीं पूरी दुनिया देख रही है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने वोट बैंक के आधार पर अपने आप को केवल एक चश्मे से देखने का काम किया है और हिंदुओं को लगातार अपमान किया है। पीएम मोदी के कार्यकाल में तीन तलाक, धारा ३७० और भगवान राम जन्म की मंदिर जैसे महत्वपूर्ण फैसलों का सरलता से निबटारा हुआ है।

देश की बेहतरी के लिए पीएम मोदी का फिर आना जरूरी है। इससे पहले मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव का रांची एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया।

## पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

### ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया

**रांची (ससे):** जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। यह सुनवाई जस्टिस एसएन प्रसाद की अदालत में हुई।



इस दौरान सेना के कब्जेवाली जमीन से संबंधित ईडी के अनुसंधान के क्रम में आए वैसे दस्तावेज की मांग की गई जिसे ईडी ने कोर्ट में प्रस्तुत नहीं किया।

कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। साथ ही मामले की अगली सुनवाई की तारीख तीन मई को निर्धारित की है । गौरतलब है कि रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को जमीन घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वह ४ मई २०२३ से जेल में बंद है। सेना के कब्जेवाली ४.५५ एकड़ जमीन फर्जीवाड़े में छवि रंजन निचली अदालत से जमानत नहीं मिलने पर हाईकोर्ट में जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की है।

## भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी, 5 मई को राज्य के उत्तर पूर्वी इलाकों में हल्की बारिश के आसार



**रांची (ससे):** राज्य में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। पिछले २४ घंटे के दौरान अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान ४२ डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से लगभग २ से ३ डिग्री सेल्सियस अधिक रहा । वहीं गोड्डा में अधिकतम तापमान ४४ दशमलव ३ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया । मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिकों के मुताबिक अगले ४ दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की उम्मीद कम है। आगामी ४ मई तक आकाश मुख्यत: साफ रहेगा और मौसम के शुष्क बने रहने के आसार हैं। आगामी ५ मई को राज्य के उत्तर पूर्वी इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में २ मई तक हीट वेव की भी आशंका है जिसके लिए मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने येलो अलर्ट जारी किया है। रांची में ३ मई तक मौसम के शुष्क बने रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान ३९ से ४० डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।

## मोदी पर 6 साल बैन बैन वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली (ईएमएस):** दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ६ साल के लिए चुनावी बैन की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ता एडवोकेट आनंद एस जोंधले का आरोप था कि पीएम नरेंद्र मोदी ने आचार संहिता का उल्लंघन किया। चुनाव आयोग की तरफ से एडवोकेट सिद्धांत कुमार ने पैरवी की।

कोर्ट ने कहा कि याचिका कई कारणों से पूरी तरह से गलत है। याचिकाकर्ता का मानना है कि आचार संहिता का उल्लंघन हुआ, लेकिन हमारे लिए चुनाव आयोग को किसी शिकायत पर कोई विशेष नजरिया अपनाने का निर्देश देना सही नहीं है। चुनाव आयोग जोंधले की शिकायत पर कानून के मुताबिक एक्शन लेगा। हम ये याचिका करते हैं। जोंधले ने १५ अप्रैल को अपनी याचिका में कहा था कि पीएम मोदी भगवान और मंदिरों के ▶▶ 4

## मोदी सरकार संविधान से कोई छेड़छाड़ नहीं करेगी : अमित शाह



**गुवाहाटी (ईएमएस):** गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार संविधान से कोई छेड़छाड़ नहीं करेगी। लोकसभा चुनाव के दो चरणों में वोट प्रतिशत कम होने के सवाल पर गृहमंत्री ने कहा कि इसके दो कारण हैं। पहला - कई सालों बाद मतदाता सूची का शुद्दीकरण हुआ है, दूसरा - कांग्रेस के समर्थक निराश होकर घर बैठ गए हैं। एक समाचार चैनल से शाह ने कहा कि जिस दिन गिनती होगी, उस दिन ये साबित हो जाएगा कि मार्जिन भी बढ़ेगी, सीटें भी बढ़ेंगी और प्रचंड बहुमत के साथ हम ४०० पार करेंगे। विपक्ष के इस आरोप पर कि अगर एनडीए ४०० पार हुई, तो संविधान में बदलाव होगा और आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा, अमित शाह ने कहा, संविधान बदलने की क्षमता तो हमारे पास १० सालों से है। विपक्ष को पूर्ण बहुमत की आदत नहीं होगी, लेकिन हमारे पास तो १० साल से है। लेकिन हमने पूर्ण बहुमत का उपयोग धारा ३७० हटाने में किया, ट्रिपल तलाक हटाने में किया, राम मंदिर बनाने में किया, अंग्रेजों के बनाए कानून बदलने में किया। ४०० पार तो देश को और मजबूत करने के लिए चाहिए। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पाकिस्तान को लेकर दिए बयान पर गृहमंत्री ने कहा कि विपक्ष तो वोट बैंक के कारण पाकिस्तान का भी विरोध नहीं कर रहा है।

## हेमंत सोरेन की याचिका पर ईडी को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली (ईएमएस):** उच्चतम न्यायालय ने झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर शुक्रवार को ईडी को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने यह आदेश पारित करते हुए इस मामले को अगले सप्ताह के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि इस बीच झारखंड उच्च न्यायालय चाहे तो कोई आदेश पारित कर सकता है।

न्यायमूर्ति खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष आज पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने २४ अप्रैल को भी झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता श्री सोरेन का पक्ष रखते हुए उनकी ओर अनुच्छेद ३२ के ▶▶ 4

## बंगाल शिक्षक भर्ती मामले सीबीआई जांच पर रोक

### सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 6 मई को

**कोलकाता (ईएमएस):** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है।




कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए कहा कि हम मामले की अगली सुनवाई ६ मई को करेंगे। तब तक सीबीआई जांच पर स्टे रहेगा। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई नियुक्ति सही है तो क्या उसे अलग किया जा सकता है।

दरअसल, कलकत्ता हाईकोर्ट ने २२ अप्रैल को २०१६ में की गई २५,७५३ नियुक्तियों को रद्द कर दिया था। हाईकोर्ट ने इन शिक्षकों को ७-८ साल के दौरान मिली सैलरी १२ प्रतिशत इंटरेस्ट के साथ लौटाने के निर्देश भी दिए हैं। इसके लिए कोर्ट ने ६ हफ्ते का समय दिया है।

**शिक्षकों को मिलेगी अप्रैल की सैलरी**

बंगाल सरकार ने कहा कि वह उन सभी २५,७५३ शिक्षकों और नॉन टीचिंग स्टाफ को अप्रैल के वेतन का भुगतान करेगी, जिनकी नियुक्तियां रद्द की गई हैं। राज्य सरकार ने कहा कि सभी कर्मचारियों ने लगभग पूरे अप्रैल काम किया है। इसलिए मामले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने तक सभी को सैलरी दी जाएगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने 14 साल की बच्ची को गर्भपात की इजाजत वाला अपना आदेश वापस लिया

**नई दिल्ली (ईएमएस):** सुप्रीम कोर्ट ने १४ साल की बच्ची को गर्भपात की इजाजत वाला अपना आदेश वापस ले लिया है। बलात्कार पीड़िता के माता-पिता के अपनी बेटी के स्वास्थ्य की सुरक्षा के संबंध में चिंताएं जताने और बच्चे को जन्म देने की इच्छा व्यक्त करने के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने अपना आदेश पलट दिया।



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर बच्चे के माता-पिता से बात करने के बाद सीजेआई ने कहा, बच्चे का हित सर्वोपरि। नाबालिग लड़की के माता-पिता ने अपनी बेटी को घर वापस ले जाने और बच्चे को जन्म देने की इच्छा व्यक्त की।

तकरीबन एक सप्ताह पहले उच्चतम न्यायालय ने करीब ३० सप्ताह की गर्भावस्था वाली १४ वर्षीय बलात्कार पीड़िता को चिकित्सकीय गर्भपात कराने की अनुमति दे दी थी। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने किसी भी मामले में पूर्ण न्याय प्रदान करने के लिए आवश्यक आदेश पारित करने का अधिकार देने वाले संविधान के अनुच्छेद १४२ के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग किया था। पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला भी शामिल थे।

न्यायालय ने कहा था, ''स्थिति की तात्कालिकता और नाबालिग के कल्याण को ध्यान में रखते हुए, उसकी सुरक्षा सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। हमने बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द कर दिया है। सुनवाई की शुरूआत में पीठ ने कहा था, ''हम गर्भ के चिकित्सकीय समापन की अनुमति देते हैं, क्योंकि पीड़िता १४ साल की है और ये बलात्कार का मामला है। ये एक असाधारण मामला है। न्यायालय ने मुंबई के सायन स्थित लोकमान्य तिलक महानगरपालिका सर्वसाधारण रुग्णालय एवं वैद्यकीय महाविद्यालय (एलटीएमजीएच) के डीन को निर्देश दिया था कि वो नाबालिग के गर्भपात के लिए चिकित्सकों के दल का तत्काल गठन करें। ▶▶ 4

## पीएमओ के आदेश के बाद भी जीएम साहा ने कोई कार्रवाई अब तक क्यों नहीं की

### रत्नेश कुमार ने बजरंगी के विरूद्ध कोल माफियाओं से सांठगांठ कर बीसीसीएल में घपला करने का आरोप लगाया था









**धनबाद (कासं) :** अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के जिला अध्यक्ष रत्नेश कुमार के शिकायत के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय ने बीसीसीएल मुख्यालय के महाप्रबंधक विद्युत साहा को बजरंगी कुमार बीसीसीएलकर्मी के विरूद्ध जांच कर एफआईआर करने का आदेश दिया है।

इस मामले में श्री कुमार ने प्रधानमंत्री को लिखित शिकायत किया था कि कुसुंडा एरिया ६ में कार्यरत बजरंगी कुमार उर्फ पप्पू नोनिया बीसीसीएल में कार्यरत रहने के बाद भी बीसीसीएल को ही लुटवाने में लगा रहता है और कहा था कि बड़े-बड़े कोयला मफियाओं के साथ भी सांठ-गांठ है।

पूर्व में बजरंगी कुमार का काले कारनामों का सच उजागर किया था तो बजरंगी कुमार ने रत्नेश कुमार पर जान लेवा हमला भी करवाया था और रत्नेश ने लिखा था की बजरंगी कुमार कभी भी मेरे ऊपर फिर से हमला करवा सकता है जिसका बाद दिनांक २३.०४.२४ को प्रधानमंत्री कार्यालय से आया पत्र और संदेश में यह लिखा हुआ है की स्थानीय थाना में कार्रवाई भी हो सकती है बजरंगी कुमार पर ओर प्रधानमंत्री कार्यालय से श्री विद्युत साहा (जीएम- एमपीआईआर) भारत कोकिंग कोल लिमिटेड पर्सनल डिपार्टमेंट कोयला भवन कोयला नगर धनबाद बीसीसीएल को पत्र भेजा गया है और जांच कर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। लेकिन ७ दिन बीत जाने के बाद भी बीसीसीएल के कोयला भवन में पदस्थापित जीएम विद्युत साहा ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

**7 दिन बीत जाने के बाद भी प्रधानमंत्री कार्यालय के आदेश का अनुपालन नहीं हुआ है**

जिसके कारण शिकायतकर्ता रत्नेश कुमार को आरोपी बजरंगी कुमार और उसकी पत्नी झुठी शिकायत कर रहे हैं प्रशासन से। इस मामले में रत्नेश कुमार ने पीएमओ की चिट्ठी लगाते हुए एसएसपी एच.पी.जनार्दनन से शिकायत कर झुठा आरोप लगानेवालों पर कार्रवाई की मांग की है।

# स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन तैयार

**धनबाद (कासं) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को लोकसभा चुनाव २०२४ की अधिसूचना

### धनबाद संसदीय क्षेत्र में 22 लाख 78 हजार 221 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

जारी करते हुए प्रेस वार्ता का आयोजन कर पत्रकारों से कहा कि जिला प्रशासन स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। जिले में ६३ स्टैटिक सर्विलांस टीम, २१ फ्लाइंग स्कायड टीम व २१ विडियो सर्विलांस टीम कार्यरत है। २ एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर भी धनबाद पधार चुके हैं।

उन्होंने बताया कि अधिसूचना जारी होते ही उम्मीदवार नामांकन पत्र खरीद कर जमा कर सकेंगे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि ६ मई २०२४ को दोपहर ३ बजे तक है। नामांकन सुबह ११ बजे से दोपहर ३ बजे तक किया जाएगा। ७ मई को सुबह ११ बजे से नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। वहीं ९ मई २०२४ को दोपहर ३ बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी। साथ ही बताया कि धनबाद में २५ मई को सुबह ७ बजे से संध्या ५ बजे तक मतदान निर्धारित है। वहीं ४ जून २०२४ को मतगणना तथा ६ जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि धनबाद संसदीय क्षेत्र में बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद एवं झरिया को मिलाकर २२ लाख ७८ हजार २२१ मतदाता है। धनबाद संसदीय क्षेत्र में १२७० भवन में २,५३९ मतदान केंद्र है। इसमें शहरी क्षेत्र में ११७७ और ग्रामीण क्षेत्र में १,३६२ मतदान केंद्र है। पुरुष मतदाताओं की संख्या ११ लाख ९२ हजार ९७६, महिला १० लाख ८५ हजार १६५ व ८० थर्ड जेंडर मतदाता है।

उन्होंने बताया कि एसएसआर २४ में २७ अक्टूबर २०२३ से २७ अप्रैल २०२४ तक ८२ हजार ६२८ नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है। वहीं ४० हजार ९४९ का नाम डिलीट किया गया है।

साथ ही बताया कि धनबाद जिले के सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी एवं बाघमारा विधानसभा में १३१३ भवन में २३७८ मतदान केंद्र है। इसमें शहरी क्षेत्र में ९१८ व




ग्रामीण क्षेत्र में ११८३ मतदान केंद्र है। कुल मतदाताओं की संख्या २० लाख ४६ हजार ४७३ है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या १० लाख ७२ हजार ३१८, महिला ९ लाख ७४ हजार १०६ व ४९ थर्ड जेंडर वोटर्स है।

धनबाद जिले में १७२ पर्दानशीन व महिला मतदान कर्मियों द्वारा संचालित १९ बूथ है। जबकि पीडब्ल्यूडी मतदान कर्मियों द्वारा संचालित सिंदरी विधानसभा में एक और युवा मतदान कर्मियों द्वारा संचालित धनबाद विधानसभा में एक बूथ है। वहीं टुंडी एवं बाघमारा में एकएक यूनिक बूथ बनाए गए हैं।

इस बार लोकसभा चुनाव में धनबाद जिले में १८ से १९ वर्ष के २४ हजार १९२ पुरुष, २९ हजार ४८३ महिला तथा २ थर्ड जेंडर को लेकर ५३ हजार ६७७ फर्स्ट टाइम वोटर्स है। १५ हजार १७८ तथा १२ हजार ६७५ महिलाओं को लेकर २७ हजार ८५३ पीडब्ल्यूडी वोटर्स, ३४१२ पुरुष व ३,३७२ महिलाओं सहित ६,७८४ मतदाता ८५ वर्ष अधिक उम्र के है।

नामांकन की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि नामांकन करने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में उम्मीदवार सहित ५ व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। वहीं कलेक्ट्रेट मेन गेट तक तीन वाहनों को आने की अनुमति रहेगी। वहीं स्वतंत्र उम्मीदवार के लिए अधिकतम १० प्रस्तावक की अनुमति रहेगी। आदर्श आचार संहिता का पालन करने तथा सुरक्षा के लिए पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के सथ ही जिले में अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। उत्पाद विभाग ने अब तक ७ लाख ७६ हजार ७९७ रुपए की ३,११३ लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। जबकि ६ लाख ६३ हजार रुपए से अधिक का महुआ जावा जब्त किया है।

पत्रकार वार्ता के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने बताया कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए १२ इंटर स्टेट चेक पोस्ट तथा जामताड़ा, गिरिडीह व बोकारो जिले की सीमा पर पांच चेक पोस्ट बनाए गए हैं। अब तक ७५ लाख ४८ हजार ८५० रुपए की अवैध शराब, गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ की रिकवरी की गई है। जबकि एक करोड़ १८ लाख से अधिक रुपए का अवैध सामान पकड़ा गया है।

एसएसपी ने बताया कि १२४१ लाइसेंसी आर्म्स धारकों में ९०६ ने अपने हथियार जमा कराए हैं। २५१ हथियार को जमा कराने से विमुक्ति प्रदान की है। वहीं २७ के आर्म्स लाइसेंस रद्द किए हैं।

उन्होंने बताया कि जिनका १० साल में आपराधिक इतिहास रहा है वैसे ४,८८६ लोगों को चिह्नित कर ३,१९२ का सत्यापन किया गया है। १,४४५ पर प्रीवेंटिव एक्शन लिया है। ३३६ लोगों का नाम गुंडा पंजी में दर्ज किया है। ५९ लोगों के विरुद्ध सीसीए की अनुशंसा की है। २६४ लोगों पर सर्विलांस प्रोसिडिंग की है। वैसे ३,२४३ लोग जो चुनाव प्रभावित कर सकते हैं पर १०७ की कार्रवाई तथा ८०५ के विरुद्ध १०८, १०९, ११० के तहत कार्रवाई की है।

पत्रकार वार्ता में उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, डीडीसी सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह मौजूद थे।

## लोस चुनाव के लिए 18 लोगों ने खरीदे नामांकन पत्र



**धनबाद (कासं) :** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद सोमवार को १८ लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे। इस संबंध में अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने बताया कि सामान्य वर्ग के लिए प्रति नामांकन पत्र का मूल्य २५ हजार तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए १२,५०० रुपए निर्धारित है। आज सामान्य वर्ग में १४, अनुसूचित जाति में ३ तथा अनुसूचित जनजाति में १ व्यक्ति ने नामांकन पत्र खरीदा। नामांकन पत्रों की बिक्री कार्यालय अवधि के दौरान कलेक्ट्रेट में की जा रही है। बिक्री काउंटर पर जिला पंचायती राज विभाग के प्रधान सहायक रमेश कुमार तिवारी, शंभु महतो, नंदलाल चौहान मौजूद थे।

## राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा का रोड शो व जनसभा आज



**धनबाद (कासं) :** धनबाद लोकसभा सीट से ३० को भाजपा प्रत्याशी पर्चा दाखिल करेंगे। जिसमे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और बाबूलाल मरांडी व आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो शामिल होंगे। बता दें कि मिशन ४०० पार के लक्ष्य को पाने के लिए धनबाद लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी के नामांकन के बाद भाजपा गठबंधन का मेगा शो होगा जिसमे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो मौजूद रहेंगे।

नामांकन के बाद धनबाद के रणधीर वर्मा स्टेडियम में ये तीनों नेता जनसभा को संबोधित करेंगे। एनडीए में शामिल सभी घटक दल के नेता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। वहीं मीडिया से बात करते हुए पूर्व मंत्री उमाकांत रजक और बीजेपी लोकसभा प्रभारी सुरेश साव ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की रणनीति पर खुलकर चर्चा की और बताया कि एनडीए गठबंधन की मजबूती के सामने इंडी बंधन कहीं टिकने वाली नहीं है।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने लिया विधिव्यवस्था का जायजा



**धनबाद (कासं) :** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

इस संदर्भ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर नामांकन प्रक्रिया के दौरान विधिव्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने सोमवार को सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में की जाएगी। नामांकन के दौरान निरंकारी चौक से मेमको मोड़ तक (नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि ६ मई २०२४ तक) सुबह १० बजे से संध्या ४ बजे तक नो एंट्री लागू है। साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू है। इस दृष्टिकोण से कलेक्ट्रेट, निरंकारी चौक तथा मेमको मोड़ का निरीक्षण कर वहां प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता एवं विधिव्यवस्था संधारण के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

## निर्दलीय प्रत्याशी सुनैना सिंह किन्नर ने खरीदी नामांकन पत्र



**धनबाद (कासं) :** धनबाद संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सुनैना सिंह किन्नर ने सोमवार को नामांकन पत्र ले लिया है। उन्होंने दावा किया कि उनका नामांकन ऐतिहासिक होगा क्योंकि पूरे झारखंड राज्य में ही वह इकलौती किन्नर है जो लोकसभा चुनाव में अपने किस्मत आजमा रही है। उन्होंने बताया कि हमारा नामांकन ३ तारीख को पूरे गाजे बाजे के साथ किया जाएगा। हमने जो वादा धनबाद लोकसभा के अपने जजमानों से किया है उसे पूरा करने के लिए पूरी तरह से तत्पर रहूंगी। यह लोकसभा चुनाव हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होगी।

# महिला मतदान पदाधिकारियों को मॉक पोल का दिया गया प्रशिक्षण

**धनबाद (कासं) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर



सोमवार को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय एवं पीके राय मेमोरियल कॉलेज में महिला मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, राजकुमार वर्मा, संजय कुमार ने मॉक पोल, १७ ए रजिस्टर का संधारण, एएसडी वोटर, बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली में अमिट स्याही लगाने आदि के संबंध में बताया।

प्रशिक्षण के दौरान सेन्टर प्रभारी सह जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी व जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार ने निरीक्षण किया। मौके पर मास्टर ट्रेनर कुमार वंदन, प्रवीण लाला, के के तिवारी, सुभाष, रामलखन कुमार, नीरज मिश्रा सहित अन्य प्रशिक्षक उपस्थित थे।

# स्कूली बच्चों के लिए समर कैम्प का आयोजन

**गोविंदपुर (ससे) :** मारवाड़ी युवा मंच की उन्नति शाखा ने रविवार को मधुबन होटल गोविंदपुर में स्कूली बच्चों का समर कैम्प लगाया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को अलगअलग तरह की कलाएं सिखाई गई। बच्चों को योगा, कसरत, गिटार सिखाया गया। जंक फूड के नुकसान और हेल्दी फूड के फायदे बताए गए। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य का खासकर के ध्यान



रखा गया। हर थोड़ी देर पर उनको फल, नींबू पानी, ग्लूकोन-डी, हेल्दी लंच और इवनिंग स्नैक्स दिये गए। विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को मारवाड़ी महिला सम्मेलन की पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष रेणु दुदानी, सरोज सरिया, पदमा बुबना आदि से सम्मानित कराया। शाखा अध्यक्षज्योति अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक स्नेहा अग्रवाल, शाखा सचिव पायल मित्तल, कोषाध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, पायल अग्रवाल, नेहा बंसल, स्वाति बंसल, कोमल दुदानी, विशाखा लोधा, करिश्मा केजरीवाल, प्रीति अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, रेशम अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, नेहा सरिया आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

## अक्षय व प्रतिभा के शुभ विवाह पर लोगों ने दिया आर्शीवाद



**धनबाद (कासं) :** जोड़ाफाटक रोड धनबाद के सुरेन्द्र गली निवासी रवीन्द्र पाण्डेय के पुत्र अक्षय कुमार पाण्डेय के विवाह के उत्सव पर हुए स्वागत समारोह में कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया और वर अक्षय कुमार पाण्डेय और वधू प्रतिभा को आर्शीवाद दिया। इस अवसर पर दिवेश कुमार पाण्डेय, अरविन्द कुमार पाण्डेय, नवल कुमार पाण्डेय, प्रवीण पाण्डेय, आयुष पाठक, भूषण पाठक के अलावा बिहार ऑबजर्वर अखबार के सम्पादक गणेश मिश्रा ने भी वरबधू को शादी के शुभ अवसर पर आर्शीवाद दिया। वहीं सुशीला मिश्रा, सुनीता मिश्रा, रंजना देवी, रूबी देवी, पार्वती देवी, सावित्री देवी, कंचन देवी के अलावा सैकड़ों लोगों ने नव वरबधू को शादी की बधाई दी।

# पानी की लम्बे समय से हो रही चोरी को बंद कराया गया

**गोविंदपुर (ससे) :** दंडाधिकारी और पुलिस बल की उपस्थिति में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने सोमवार को गोविंदपुर थाना क्षेत्र के फुफुआडीह में मैथन जलापूर्ति योजना के पानी की लंबे समय से हो रही चोरी को बंद कराया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग धनबाद प्रमंडल१ के कार्यपालक अभियंता जेसन होरो ने विगत २६ अप्रैल को अनुमंडलाधिकारी उदय रजक को पत्र लिखकर पानी चोरी का मुहाना बंद करने के लिए दंडाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की मांग की थी। इसी के आलोक में अनुमंडलाधिकारी ने आदेश जारी कर गोविंदपुर के अंचल निरीक्षक कुमार सत्यम भारद्वाज को इस कार्य के लिए दंडाधिकारी प्रतिनियुक्ति किया। पेयजल विभाग के अभियंता को अंदेशा था कि बगैर दंडाधिकारी एवं



पुलिस अधिकारी के पानी चोरी बंद कराने जाने पर विधि-व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती है।

दंडाधिकारी अंचल निरीक्षक श्री भारद्वाज ने बताया कि धनबाद शहरी जलापूर्ति योजना अंतर्गत मैथन डैम स्थित इंटकवेल से भेलाटांड़ जल शोध संस्थान के बीच कच्चा जलापूर्ति पाइपलाइन को तोड़कर एवं उसमें १०० एमएम का अलग से पाइप लगाकर लोगों द्वारा लंबे समय से पानी की चोरी की जा रही थी। इससे मैथन जलापूर्ति योजना का पूरा पानी भेलाटांड़ नहीं पहुंच पाता था।

पानी चोरी का यह धंधा लंबे समय से जारी था। दंडाधिकारी पुलिस बल एवं पेयजल के अभियंताओं के साथ जब अवैध कनेक्शन बंद कराने गए तो ग्रामीण जुट गए और कहने लगे कि पानी की दिक्कत है। इसी कारण इस पानी का उपयोग किया जा रहा था। ग्रामीणों ने विरोध प्रकट किया परंतु दंडाधिकारी की सूझबूझ से मामला सलट गया। श्री भारद्वाज ने ग्रामीणों से कहा कि यदि किसी को पानी की दिक्कत है तो कार्यपालक अभियंता से संपर्क कर आग्रह करें। पानी की चोरी करना उचित नहीं है। इसके बाद ग्रामीण मान गए और अवैध कनेक्शन को बंद कर दिया गया। इस मौके पर गोविंदपुर के सहायक अभियंता कुमार समरेंद्र मल्लिक एवं डीएन महतो, कनीय अभियंता कुमार आनंद, पुलिस अवर निरीक्षक लक्ष्मी नारायण महतो आदि शामिल थे। कार्यपालक अभियंता श्री होरो ने कहा कि यदि और किसी स्थान पर इस तरह पानी की चोरी हो रही है तो उसे बंद करा दिया जाएगा। अब पानी चोरों पर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक -गणेश मिश्रा. फोन -9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

# पुलिस ने 2 सौ टन अवैध कोयला किया जब्त





**केन्दुआ (ससे) :** वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद के आदेशानुसार सोमवार को कोयला चोरी के विरुद्ध छापामारी अभियान के क्रम में गोन्दुडीह ओपी प्रभारी राजन कुमार झा और सीआईएएफ के संयुक्त रूप से गोन्दुडीह कांटा घर के समीप मैदान में कोयला तस्करों के द्वारा जमा किया गया। लगभग २०० टन कोयला जब्त किया गया। जब्त कोयला को बीसीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया है। गौरतलब है कि गोन्दुडीह ओपी क्षेत्र के बसेरिया, धोबी कुली, दास बस्ती में डंके के चोट पर कोयला तस्कर गोन्दुडीह माइंस से जबरन कोयला चोरी करते हैं। आउटसोर्सिंग प्रबंधन के द्वारा कोयला चोरी का विरोध करने पर तस्कर जानलेवा हमला कर देते हैं। छापामारी अभियान से अवैध कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया है।

# करमाटांड़ चौक में 2 वाहनों में टक्कर



**बलियापुर (ससे) :** करमाटांड़ चौक में सोमवार को एक दूल्हे का वाहन व एक चार चक्का माल वाहक के बीच आमने-सामने टक्कर हो जाने से अफरातफरी मच गई। लोग काफी संख्या में जमा हो गए। हालांकि इस दुर्घटना में किसी को चोट नहीं आई। माल वाहन के चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला। इस दौरान दुल्हे की वाहन में सवार लोगों ने माल वाहन पर सवार करन रजवार की पिटाई कर दी। जिससे व घायल हो गया। लोगों ने इसकी सूचना बलियापुर पुलिस को दी। घायल को सीएचसी बलियापुर लाया गया। घायल करन रजवार ने इस संबंध में बलियापुर थाना में लिखित शिकायत किया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। दोनों वाहनों का अगला भाग क्षतिग्रस्त हो गया।

# लाखों टन कोयला में लगी आग



**कतरास (ससे) :** बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र अंतर्गत तेतुलमारी में (तेतुलमुड़ी) कोल डंप के लाखों टन कोयला में लगी आग को काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड पहुंची, जहां जलती कोयला पर पानी का फुहेरा डाल कर कोयले में लगी आग को बुझाया गया। फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने बताया कि संभावना जताई कि ५ ट्रिप पानी से आग पर काबू पाने का प्रयास किया जायगा।

डंप में असंगठित मजदूर के प्रतिनिधि मनोज सरदार ने कहा कि प्रबंधन के मनमानी के कारण ही कोयला में आग लग रही है, जिससे लाखों टन कोयला में आग लगी है। करोड़ों रुपये की राष्ट्रीय संपत्ति जलकर राख हो रही है। मनोज सरदार ने बताया कि तेतुलमारी कोलडंप के लगभग १ हजार असंगठित मजदूरों के समक्ष भुखमरी की स्थित उत्पन्न हो गया है। सूत्रों की माने तो तेतुलमारी कोलडंप में मुडीडीह कोलियरी का जलता हुआ ओबी गिराने से कोयला के डंप में आग लगी है।

# फुटपाथ दुकानदारों का अर्द्धनग्न प्रदर्शन



**धनबाद (कासं) :** खोमचा, सब्जी, मीट लगाने वाले दुकानदारों को धनबाद नगर निगम के द्वारा हटाए जाने के खिलाफ सोमवार को पथ विक्रेता समन्वय समिति के बैनर तले फुटपाथ दुकानदारों ने अर्धनग्न होकर विरोध प्रदर्शन किया। फुटपाथ दुकानदारों के नेता श्यामल मजूमदार ने कहा कि दुकानदारों को हटाए जाने पर निगम के अधिकारियों ने बताया है कि निगम द्वारा उन्हें हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब फुटपाथ दुकानदारों से मिलना तक मुनासिब नहीं समझा। अब आखिर वर्षो से व्यवसाय कर रहे ये गरीब दुकानदार जाएं तो कहा जाएं।

# खराब पड़े चापानलों की हुई मरम्मति

**कतरास (ससे) :** नगर निगम के वार्ड संख्या ५ के अंगारपथरा चुनाव गोदाम स्थित राजेंद्र चाय दुकान के पास खराब पड़े चापानल की मरमति हुई, जिसे यहां के ग्रामीण, व्यवसायियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

लोगों ने धनबाद नगर निगम के अधिकारियों को यह कहते हुए धन्यवाद दिया कि काफी दिनों से चापानल से पानी बंद था, जिसे इस प्रचंड गर्मी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। आज चापानल से पानी निकल रहा है, लोगों ने इस गर्मी में राहत की सांस लिया। मौके पर इब्राहिम खान, मंटू सिंह, राजू अंसारी, राजेंद्र, महेंद्र, तारा सहित दर्जनों लोगों ने खुशी जाहिर किया। वहीं दूसरी और कांग्रेस नेता अजय सिंह के पहल पर वार्ड नंबर ५ में लगभग १० चापानलों का मरमति कार्य २ दिन में हुआ है जिसे लोगों में काफी खुशी का माहौल देखा जा रहा है।

# प्रखंड प्रमुख कार्यालय में पंसस की बैठक संपन्न



**बलियापुर (ससे) :** प्रखंड प्रमुख कार्यालय में सोमवार को प्रमुख पिंकी देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की एक बैठक हुई। जिसमें कहा कि किसी भी हाल में भ्रष्टाचार व पदाधिकारियों की तानाशाही चलने नहीं दिया जाएगा। इसको लेकर जल्द ही जिला व राज्य के संबंधित अधिकारियों व विभाग से बात की जाएगी। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि विजय रजक, पंसस प्रतिमा देवी, रविन्द्र महतो, हीरालाल मोदक, प्रताप सिंह, तपन रजक, शैलेन मंडल, सुरेन्द्र मांझी, जीतू मंडल आदि मौजूद थे।

# शिक्षक कैलाश प्रसाद महतो की पुण्यतिथि मनी



**बलियापुर (ससे) :** उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय आमटाल में सोमवार को शिक्षक स्व. कैलाश प्रसाद महतो की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गई। उनके तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक राजू राम, गातूल ग्राहाचार्य, जितेन दे, दुर्गा पासवान, मृत्युंजय बनर्जी, शंकर, अंजलि हेम्ब्रम, सीता कुमारी, प्रसादी मंडल के अलावा विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## बाइक चोरी की शिकायत दर्ज

**लोयाबाद (ससे) :** लोयाबाद थाना क्षेत्र के सेन्द्रा नं. १० निवासी रतन कुमार पिता श्याम सुंदर राम ने बीती रात अपनी लाल रंग की हीरोहोण्डा फैशन मोटरसाइकिल जे एच १०बी एफ ९४८२ चोरी होने का लिखित शिकायत थाना में दिया है। अपने शिकायत में रतन कुमार ने बताया कि बीते रात एकड़ा बस्ती शादी में गया था। शादी समारोह से वापस लौट कर जहाँ अपनी मोटरसाइकिल खड़ा किया था। वहां मोटरसाइकिल नहीं था। काफी खोज बीन किया, पर कही पता नहीं चला। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है।

# गुजरात में भाजपा के 26 में से 24 व कांग्रेस के 23 में से 21 उम्मीदवार करोड़पति

**अहमदाबाद (ईएमएस) :** लोकसभा चुनाव में गुजरात के उम्मीदवारों को लेकर एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट सामने आई है, जिसके मुताबिक भाजपा के २६ में २४ प्रत्याशी करोड़पति हैं। वहीं कांग्रेस के २३ में से २१ उम्मीदवार करोडपति हैं। गुजरात सबसे अधिक आय और सपंत्ति जामनगर से मौजूदा सांसद और भाजपा प्रत्याशी पूनम माडम के पास हैं। पूनम माडम के पास १४७ करोड़ रुपए की संपत्ति है। जबकि केन्द्रीय गृह मंत्री और गांधीनगर से भाजपा उम्मीदवार अमित शाह के पास ६५ करोड़ और नवसारी से प्रत्याशी सीआर पाटील के पास रु. ३९ करोड़ की संपत्ति है। संपत्ति के साथ ही उम्मीदवारों के सिर कर्ज पर बात करें तो भाजपा की पूनम माडम पर रु. ५३ करोड़, कांग्रेस के चंदनजी ठाकोर पर रु. ९ करोड़ और कांग्रेस प्रत्याशी जेनी ठुम्मर पर रु. ३ करोड़ का कर्ज है। बता दें कि गुजरात में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में ७ मई को वोटिंग होगी। गुजरात की २६ सीटों पर कुल २६६ उम्मीदवार मैदान थे। लेकिन सूरत लोकसभा सीट निर्विरोध घोषित किए जाने के बाद अब राज्य की २५ लोकसभा सीटों पर ७ मई को मतदान होगा। एडीआर रिपोर्ट के मुताबिक गुजरात में भाजपा के २६ में से ४ उम्मीदवारों और कांग्रेस के २३ में से ६ उम्मीदवारों का आपराधिक इतिहास है। इंडिया गठबंधन के भरूच सीट से प्रत्याशी चैतर वसावा के खिलाफ १३ केस, अनंत पटेल के खिलाफ ४, हीरा जोटवा के खिलाफ २, हिम्मतसिंह पटेल के खिलाफ २, चंदनजी ठाकोर, सुखराम राठवा और गेनीबेन ठाकोर के खिलाफ ११ केस दर्ज है। वहीं भाजपा के अमित शाह के खिलाफ ३, राजेश चूडास्मा और जशुभाई राठवा के खिलाफ ११ केस दर्ज है।

## लवली ने आप पार्टी गठबंधन में निभाई अहम भूमिका

**नई दिल्ली (ईएमएस) :** इस्तीफे पर आप नेता संजय सिंह ने कहा कि लवली ने आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने ही दिल्ली में इंडिया गठबंधन बनाने में बड़ी भूमिका निभाई। जब सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया जा रहा था, तो अरविंदर सिंह लवली कांग्रेस से पहुंचने वाले पहले व्यक्ति थे। लेकिन अब वह ऐसा क्यों कह रहे हैं। कोई उन्हें बताए। सूत्रों के अनुसार, अरविंदर सिंह लवली के त्यागपत्र देने व उसे स्वीकार करने के बावजूद अभी उत्तराधिकारी की ताजपोशी नहीं होगी। कांग्रेस आलाकमान लोकसभा चुनाव के बाद ही नए अध्यक्ष की नियुक्ति करेगा। फिलहाल, चुनाव पूरे दमखम से लड़ने और गठबंधन धर्म निभाने के लिए कार्यकारी अध्यक्ष के अलावा प्रदेश के ४५ वरिष्ठ नेताओं की एक कमेटी गठित करने पर विचार किया है।

## नीमच, मंदसौर से अफीम की सबसे बड़ी मंडी मानी जाती है

**नीमच (ईएमएस) :** अरुणाचल, मणिपुर तथा झारखंड की अफीम मध्य प्रदेश के रास्ते से होकर राजस्थान पंजाब तक पहुंच रही है। नीमच, मंदसौर से अफीम की सबसे बड़ी मंडी मानी जाती है। पूर्वोत्तर राज्यों से मध्य प्रदेश के रास्ते नशे के सौदागरों के नेटवर्क के माध्यम से इसे राजस्थान पंजाब हरियाणा दिल्ली इत्यादि राज्यों में भेजा जाता है। सीबीएनए पिछले २ साल में १३७६ किलो अफीम और ६९००० किलो डोड़ाचूरा जप्त किया है। सूत्रों के अनुसार मणिपुर और अरुणाचल से सबसे बड़ी मात्रा में अफीम का कारोबार हो रहा है।

## दिल्ली विवि के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक कर लोगों को किया जागरूक

**नई दिल्ली (ईएमएस) :** चुनावों के बीच दिल्ली विश्वविद्यालय (विवि) के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक किया। नाटक मंडली ने सड़क पर घूमघूम कर सबसे आओआओ नाटक देखो की अपील की और देशभर में फैली सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए रविवार को दिल्ली में ७ जगहों पर नुक्कड़ नाटक किया। डीयू के अलगअलग कॉलेज के छात्रों ने नाटक में बखूबी अपना किरदार निभाया। जिसने न केवल लोगों का ध्यान खींचा बल्कि कुछ ही पल में नाटक देखने के लिए लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। डीयू के शहीद सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज की ओर से अलग-अलग समाजसेवी संगठनों के सहयोग से दिल्ली में २ दिवसीय नुक्कड़ नाटक उत्सव मंथन आयोजित किया गया। शनिवार को ८, जबकि रविवार को ७ स्थानों लाल किला, रोहिणी, लाजपत नगर, सरोजिनी नगर, कमला नगर, हौज खास व डीयू के दुर्गाबाई देशमुख साउथ कैंपस में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। उत्तरपूर्व नस्लवाद, बंधुआ मजदूरी, मानव तस्करी और बाल यौन शोषण जैसे विषयों पर छात्रछात्राओं ने सामूहिक रूप से नाटकों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# हरिनाम संकीर्तन समारोह की शुरूआत

**गोविंदपुर (ससे) :** गांव भीतर सोलह आना दिगर के सौजन्य से गांव भीतर दुर्गा मंदिर प्रांगण में चार दिवसीय हरिनाम संकीर्तन समारोह की शुरुआत सोमवार से हुई। शाम ७ बजे से रात १० बजे तक श्रीपुर, वर्धमान से आए रंगदल अपनी कला से श्रोताओं का मन जीत लिया। इसके पश्चात रामनाथ कीर्तन संप्रदाय की दोमहानी, वर्धमान से आईं रिंकू दास उर्फ चुमकी ने पाला कीर्तन गाकर समां बांध दिया। इसके पूर्व रविवार की रात शुभ गंधाधिवास अनुष्ठान किया गया था। संकीर्तन समारोह का समापन गुरुवार को होगा।

मौके पर सोलह आना दिगर के अध्यक्ष कृटि भूषण रूज, सचिव सुभाष घाटी उर्फ कालो, कोषाध्यक्ष माणिक रतन दत्ता समेत नंदलाल अग्रवाल, दयामय दत्ता, गौतम विष्टु, दुलाल दत्ता, मिलन दत्ता, मोहन कुंभकार, कृष्ण कुमार अग्रवाल, रूपेश बंसल, मंसाराम, विजय कुमार, सनत लायक, पवन लोधा, बबलू दुदानी, डॉ. अनिल कुमार, एसके पाठक, सुमिता दास, अशोक बर्मन, डॉ. एसके दे, दीपक भगत, मृदुल विष्टु, सोमनाथ गुप्ता, अनूप सरिया, शत्रुघ्न साव, संतोष सोनी, श्याम किशोर अग्रहरी, विमल यादव, रमेश बाउरी, भोला गुप्ता, राजकुमार तायल, बजरंग अग्रवाल, बाबूलाल यादव, जितेन पाल, नवीन भगत, लक्ष्मण सिंह, राधेश्याम बंसल, मन्नू सोनार, सुभाष चंद्र, सपन दां आदि मौजूद थे।

# हाड़ी समाज भूली शाखा का सम्मान समारोह

**धनबाद (कासं) :** बारंमुड़ी में सोमवार को हाड़ी समाज भूली शाखा का सम्मान समारोह



आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न बेहतर प्रदर्शन करने वाले समाज के लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूली शाखा के अध्यक्ष बबलू हाड़ी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर तथा उन्हें नमन कर की गई। सम्मान समारोह के दौरान सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष राजू हाड़ी, संगठन के जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी, उपाध्यक्ष सागर हाड़ी, महिला नेत्री बिजली देवी रक्षा मंत्री, भोला हाड़ी, उपकोषाध्यक्ष मनु हाड़ी, कार्यालय सचिव नारायण हाड़ी, संगठन सचिव डब्लू हाड़ी, उप संगठन विनोद हाड़ी, सुभाष हाड़ी, जिला पदाधिकारी किशुन हाड़ी, रामदेव हाड़ी, मीडिया प्रभारी अमित हाड़ी, प्रदीप हाड़ी रवि हाड़ी, संजय हाड़ी, नेपाल हाड़ी तथा सिद्धार्थ हाड़ी शामिल थे।

# पिकअप वैन और कार की टक्कर में 9 की मौत, 23 घायल

**बेमेतरा (ईएमएस) :** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में पिकअप वैन(मालवाहक वाहन) और कार की भिड़ंत में ९ लोगों की मौत हो गई। इसमें ५ महिलाएं ३ बच्चे और एक पुरुष शामिल हैं। जबकि २३ लोग घायल है जिन्हे स्थानीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। इनमें कुछ को गंभीर चोटें आई हैं जिन्हे रायपुर एम्स के लिए रिफर किया गया है। इनमें ४ की हालत ज्यादा गंभीर है। हादसा बेमेतरा थाना क्षेत्र के ग्राम कठिया पेट्रोल पंप के पास हुआ। सड़क के किनारे माजदा कार खड़ी थी, जिसमें लोगों से भरी पिकअप ने टक्कर मार दी। सभी लोग परिवारिक कार्यक्रम में शामिल होकर ग्राम तिरैया से अपने गांव पथर्रा लौट रहे थे। फिलहाल घटना स्थल पर कलेक्टर एसपी सहित एसडीएम प्रशासन मौजूद है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार देर रात कठिया गांव के पास हुई, पीड़ित एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। हादसे का शिकार सभी लोग पथर्रा गांव के निवासी थे, तिरैया गांव में एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। अधिकारी ने बताया कि मालवाहक वाहन सड़क किनारे खड़े मिनी ट्रक से टकरा गया। मृतकों की पहचान भूरी निषाद (५०), नीरा साहू (५५), गीता साहू (६०), अगनिया साहू (६०), खुशबू साहू (३९), मधु साहू (५), रिकेश निषाद (६) और ट्विंकल निषाद (६) के रूप में हुई है। एक की पहचान बाकी है। अधिकारी ने बताया कि हादसे में घायल २३ लोगों को दो अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बाद में गंभीर रूप से घायल चार लोगों को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर ले जाया गया। बाकी घायलों का इलाज जिला अस्पताल बेमेतरा में चल रहा है। बेमेतरा कलेक्टर रणवीर शर्मा ने बताया कि बेमेतरा हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है और २३ घायल हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भाजपा विधायक दीपेश साहू ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की। साहू ने कहा कि जिले में हुआ यह एक दुखद सड़क हादसा है। एक कार ने खड़ी गाड़ी को टक्कर मार दी। इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई है। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बूथ संख्या 280 संवेदनशील घोषित



**कतरास (ससे) :** अंगारपथरा चुना गोदाम१० नंबर जो अंगारपथरा ओपी अंतर्गत है। बूथ संख्या २८० को संवेदनशील बूथ घोषित किया गया है। इस संबंध में अंचल अधिकारी रवि भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में ग्रामीणों के साथ एक बैठक की गई। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ सूषमा आनंद उपस्थित रही। बैठक समाप्ति के बाद जिला से पुलिस बल मंगाकर क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व ओपी प्रभारी स्वयं कर रहे थे। सुश्री सूषमा आनंद ने बताई की मतदान के दिन बिना किसी भय के अपने अंतरात्मा से वोट करें, कोई डराने धमकाने या प्रलोभन की बात करें तो इसकी सूचना संबंधित ओपी प्रभारी को दें, जिसे तुरंत कार्रवाई हो सकेगा। मतदान के दिन १७ साल से कम उम्र के वालंटियर को नियुक्त किया गया है जो विकलांग बुजुर्गों को वोट करायेंगे।

अंगारपथरा ओपी प्रभारी विशाल विधाता ने संबोधित करते हुए ग्रामीणों को बताया कि किसी भी दबंग लोगों के प्रभाव में नहीं आना है। डरने की आवश्यकता नहीं है सभी को वोट देने के लिए मतदान केंद्र पर जाना है। अगर कोई डराने धमकाने की कोशिश करता है तुरंत फोन करें, उस पर पुलिस कार्रवाई करेगी। उपस्थित पदाधिकारी एवं ग्रामीणों ने हस्ताक्षर किया। मौके पर बलराम हरिजन, फूल कुमारी देवी, मुनिया देवी, अनिल कुमार, अनवर शाह, बनो देवी, शंकर, भीम मोदी आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## खान मंत्रालय का खनिज शिखर सम्मेलन दिल्ली में शुरू

**नई दिल्ली (ईएमएस) :** नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आज लाभकारी और प्रसंस्करण क्षमताओं के विस्तार को लेकर दोदिवसीय महत्वपूर्ण खनिज शिखर सम्मेलन शुरू हुआ। मंत्रालय के संरक्षण में शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया गया। खान सचिव वी.एल.कांता राव ने महत्वपूर्ण खनिजों के लाभ और प्रसंस्करण में सहयोग व नवाचार को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किए गए इस शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की। शिखर सम्मेलन में स्थलीय और समुद्री दोनों ही हिस्सों से प्राप्त खनिजों की एक विविध श्रृंखला को प्रदर्शित करने वाले प्रदर्शनी मंडप शामिल थे, जिससे उपस्थित लोगों को महत्वपूर्ण खनिज को लेकर व्यापक परिदृश्य के बारे में जानकारी मिली। वी. एल. कांता राव ने अपने मुख्य भाषण में, देश की तीव्र आर्थिक वृद्धि और स्वच्छ ऊर्जा आकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए महत्वपूर्ण खनिजों की कारगर खोज और उपयोग की भारत की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने घरेलू खनिज अन्वेषण और उत्पादन में तेजी लाने के उद्देश्य से खनिज ब्लॉक की नीलामी सहित हालिया सरकारी पहलों पर प्रकाश डाला। शिखर सम्मेलन के मौके पर, खान मंत्रालय और शक्ति सस्टेनेबल एनर्जी फाउंडेशन के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता ज्ञापन खान मंत्रालय, शक्ति सस्टेनेबल एनर्जी फाउंडेशन, ऊर्जा, पर्यावरण और जल परिषद (सीईईडब्ल्यू) और टीईआरआई के बीच साझेदारी की शुरुआत करता है। यह साझेदारी महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में ज्ञान आधारित सहयोग प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो भारत के आर्थिक विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा और कार्बन उत्सर्जन के न्यूनीकरण के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## तमन्ना भाटिया ने ईडी से समय मांगा

**मुंबई (ईएमएस) :** एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने ईडी के समन का जवाब देने के लिए अभी समय मांगा है। तमन्ना के मुताबिक, वे अभी मुंबई में नहीं हैं। उन्होंने महाराष्ट्र साइबर सेल से समन का जवाब देने के लिए समय मांगा है। यह मामला ऑनलाइन गेमिंग और बेटिंग प्लेटफॉर्म से जुड़े फेयरप्ले ऐप पर आईपीएल २०२३ के प्रसारण से जुड़ा है। महाराष्ट्र साइबर सेल ने तमन्ना को २९ अप्रैल तक समन का जवाब देने को कहा था।

# अधिसूचना जारी होने के साथ ही नाम निर्देशन का कार्य हुआ प्रारंभः डीईओ



**बोकारो (ससे):** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार २९ को ०६ गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई। अधिसूचना जारी होने के साथ ही नाम निर्देशन का कार्य प्रारंभ हो गया है। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने सोमवार को कहीं। वह समाहरणालय सभागार में आहूत संवाददाता सम्मेलन में सभी प्रिंट एवं ईलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित कर रही थी।

मौके पर पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश, निर्वाचन कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप कुमार, सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह एसी मो. मुमताज अंसारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, प्रभारी पदाधिकारी सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे समेत अन्य उपस्थित थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि, नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि ०६ मई २०२४ है। इस दौरान निर्धारित तिथि को किसी भी अभ्यर्थी द्वारा पूर्वा. ११.०० बजे से अपराह्न ३.०० बजे तक नाम निर्देशन पत्र निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में दाखिल किया जा सकता है।१८८१ के तहत घोषित तिथि को नाम निर्देशन दाखिल नहीं किया जा सकता है। नाम-निर्देशन का स्थल उपायुक्त, बोकारो का कार्यालय प्रकोष्ट होगा।

यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा शपथ पत्र प्रपत्र २६ के कालम ०५ एवं ०६ पर कोई अपराधिक मामला का उल्लेख है तो उन्हे अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि के अगले दिन से प्रारम्भ कर मतदान तिथि के ०२ दिन पहले तक कम से कम ०३ बार स्थानीय समाचार पत्रों एवं टी०वी० चैनल पर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत इसका प्रकाशन प्रपत्र उ१ में करना अनिवार्य होगा। साथ ही राजनैतिक दलों को भी इसका प्रकाशन बेवसाईट, टी०वी० चैनल एवं समाचार पत्रों में प्रपत्र उ२ में पूरे राज्य में कम से कम तीन बार प्रकाशित कराना अनिवार्य होगा।

अधिसूचना जारी होने के साथ ही पूरे जिले में *आदर्श आचार संहिता लागू है। इसे सुनिश्चित करने के लिए २५ जोनल पदाधिकारी, १२ चेकनाका, १३ फ्लाइंग स्कावाड (एफएस), स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) १२, वीडियो सर्विलांस टीम (वीएसटी) ०५, वीडियो व्यूविंग टीम (वीवीटी) ०५ एवं ०५ एटी का गठन किया गया है। इसके साथ ही कंपोजिट कंट्रोल रूम प्रारंभ किया गया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किसी भी राजनीतिक पार्टी द्वारा प्रचार कार्यक्रम/बैठक में जाति/धर्म एवं भाषा के आधार पर बैठक नहीं करनी है। इसको लेकर निगरानी का निर्देश प्राप्त हुआ है। इसे सुनिश्चित करने को सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। अगर ऐसा होता है तो आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) उल्लंघन का मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# स्टैंडिंग कमेटी का डीईओ सह डीसी ने की बैठक

**बोकारो (ससे):** समाहरणालय स्थित सभागार में सोवार को लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ के स्वतंत्र, निष्पक्ष,पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने स्टैंडिंग कमेटी की बैठक की। बैठक में कमेटी के सदस्यगण समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए जारी दिशा - निर्देश से अवगत कराया। कहा कि आयोग द्वारा किसी भी राजनीतिक पार्टी द्वारा प्रचार कार्यक्रम/बैठक में जाति/धर्म एवं भाषा को आधार बनाकर बैठक नहीं करनी है। इसको लेकर निगरानी का निर्देश प्राप्त हुआ है। इसे सुनिश्चित करने को सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। अगर ऐसा होता है तो आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) उल्लंघन का मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि अधिसूचना जारी होने के साथ नाम-निर्देशन कार्य प्रारंभ हो गया है, नाम निर्देशन की अंतिम तिथि ०६ मई २०२४ है। इस दौरान निर्धारित तिथि को किसी भी अभ्यर्थी द्वारा पूर्वा. ११.०० बजे से अपराह्न ३.०० बजे तक नाम निर्देशन पत्र निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय (उपायुक्त, बोकारो का कार्यालय प्रकोष्ट) में दाखिल किया जा सकता है। १८८१ के तहत घोषित तिथि को नाम-निर्देशन दाखिल नहीं किया जा सकता है।

वहीं, नाम निर्देशन दाखिल करने के समय निर्वाची पदाधिकारी कार्या लय प्रकोष्ट के १०० मीटर परिधि में अभ्यर्थी के केवल तीन वाहनों का हीं प्रवेश अनुमान्य है। नाम निर्देशन दाखिल करने के समय निर्वाची पदाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ट में अभ्यर्थी सहित कुल पांच व्यक्ति को ही प्रवेश अनुमान्य है। नाम निर्देशन पत्र के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित शुल्क सामान्य उम्मीदवारों के लिए २५,०००/- रू० एवं अनु०जाति/अनु०जन०जाति के लिए १२,५००/- रू० है।

मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो अशोक कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों (झारखंड मुक्ति मोर्चा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल आदि) के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने समाहरणालय में चुनाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा की

**गिरिडीह (ससे):** लोकसभा चुनाव २०२४ एवं गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों में किसी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए्। चुनाव की अब तक की तैयारियों में जो भी कमी रही हो उन्हें शीघ्र दूर करना सुनिश्चित करें्। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान के लिए हरेक स्तर पर सभी की सजगता आवश्यक है। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कही। वे आज गिरिडीह के समाहरणालय सभागार में गिरिडीह लोकसभा एवं गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला प्रशासन एवं पुलिस के पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने के लिए अलर्ट रहते हुए समन्वय के साथ निर्वाचन की तैयारियों को समयबद्धता के साथ अंतिम रूप दिए जाने का निदेश दिया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने नगदी, अवैध शराब, नशीले पदार्थों, हथियार, विस्फोटक सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की रोकथाम के लिए गठित सभी टीमों को पूरी संवेदनशीलता के साथ सक्रिय रहने का निदेश दिया, साथ ही विभिन्न कांडों में संलिप्त आरोपितों, वारंटियों को गिरफ्तार करने संबंधी कार्रवाइयों को सुनिश्चित करने का निदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर उत्सव का माहौल बनायें्। मतदाताओं को इसके लिए भी प्रेरित करें कि लोकतंत्र के इस त्योहार को उत्साह के माहौल में अपने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान कर मनाएं्। उन्होंने बीएलओ को चुनाव आयोग से प्राप्त होने वाले वोटर इनफार्मेशन स्लिप को

घर-घर जाकर वितरण करने का निदेश दिया। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर सख्त निगाह रखे जाने का भी निदेश दिया। उन्होंने अबसेंट, शिफ्टेड एवं मृत मतदाताओं के नाम की सूची के अद्यतन किए जाने के साथ - साथ शहरी क्षेत्र के मतदान केन्द्र जागरूकता समूहों को प्रशिक्षण देकर उनके उत्साहवर्धन को मतदाताओं की जागरूकता के लिए आवश्यक बताया। वहीं मतदान केन्द्रों पर स्वच्छ शौचालय एवं रनिंग वाटर की व्यवस्था सहित अन्य सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध रखे जाने का भी पदाधिकारियों को निदेश दिया।

के. रवि कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार इस बार झारखण्ड के *सभी मतदान केंद्रों पर सुबह ७ बजे से शाम ५ बजे तक अर्थात दिनभर मतदान होना है।* इस संबंध में सभी मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाना सुनिश्चित करें्।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने गिरीडीह के वैसे शहरी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया, जहां पिछले चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत कम रहा था। उन्होंने एचई हाई स्कूल मेनरोड गिरिडीह के मतदान केन्द्र संख्या २७, आर.के महिला कॉलेज के मतदान केन्द्र संख्या ३७ एवं सामुदायिक भवन अरघा घाट रोड के मतदान केन्द्र संख्या ४५ का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को मतदान केन्द्र की कमियों को शीघ्र दूर करने की कड़ी चेतावनी दी।

समीक्षा बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, गिरिडीह प्रक्षेत्र के आईजी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार, उप विकास आयुक्त दीपक दुबे, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत विसपुते सहित निर्वाचन कार्य में लगे अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## प्रतिनिधियों के पहल पर चापाकलों की मरम्मती

**डुमरी (ससे):** गरमी को देखते हुए संबंधित विभाग के द्वारा मुखिया जागेश्वर यादव एवं पंसस नेहा देवी के पहल पर पंचायत के सभी खराब चापाकलों की मरम्मती की जा रही है।इस सम्बन्ध में मुखिया और पंसस ने बताया कि पंचायत के विभिन्न वार्डों में चापाकलों के खराब रहने से ग्रामीणों को पेयजल की उपलब्धता में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था,लोग इस भीषण गर्मी में पानी की व्यवस्था करने के लिए इधर-उधर जाते थे।संबंधित विभाग को समस्या से अवगत कराते हुए खराब चापाकलों की मरम्मती की अपील की गयी थी।

## सेक्टर 8 बी स्थित ईवीएम वज्रगृह को किया गया सील

**बोकारो (ससे):** सोमवार को बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर ०८ बी. स्थित बोकारो इस्पात सिनियर सेकेंडरी स्कूल स्थित ईवीएम वज्रगृह को आयोग के दिशा - निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक पार्टी प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सील किया गया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव, सहायक निर्वाची पदाधिकारी (एआरओ) सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी (एआरओ) सह एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक निर्वाची पदाधिकारी (एआरओ) सह एसडीओ बेरमो अशोक कुमार, सहायक निर्वाची पदाधिकारी (एआरओ) सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर समेत ईवीएम कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी पियूष, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्री साकेत कुमार पांडेय, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी चास/चंदनकियारी आदि उपस्थित थे।

विभिन्न राजनीतिक पार्टी प्रतिनिधियों में झारखंड मुक्ति मोर्चा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल आदि के प्रतिनिधि उपस्थित रहें्।

## सुबोध यादव ने खरीदा नामांकन प्रपत्र

**डुमरी (ससे):** क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता सह मुखिया सुबोध यादव ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने हेतु सोमवार को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पर्चा खरीदा।इस दौरान उनके दर्जनों शुभचिंतक और समर्थक नामांकन प्रपत्र बिक्रय स्थल के बाहर जुटे रहे साथ ही नारेबाजी कर उनका उत्साहवर्धन किया। श्री यादव ने कहा कि वे क्षेत्र के युवाओं,शोषितों,वंचितों,मजदूरों ,महिलाओं के अधिकार दिलाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं यदि लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं का स्नेह और विश्वास मुझे प्राप्त हुआ तो लोकसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी प्राथमिकता होगी।

# अवैध देशी शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी, 2 गिरफ्तार

**बोकारो (ससे):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सोमवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने हरला थाना अंतर्गत जमुनियाटांड़ ग्राम में अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की।

मौके से उत्पाद टीम ने १,७६० केजी जावा महुआ शराब एवं ५५ लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं,अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में मुख्य अभियुक्त रवि रजवार के विरूद्ध फरार अभियोग एवं सह अभियुक्त सुनील कुमार सिंह, प्रधान बोदरा को घटना स्थल से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत* में भेजा गया।

छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव,अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति,अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट सुश्री दीपिका कुमारी सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

जानकारी हो कि,लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण - बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# 5 को बोकारो में पांच केंद्रों पर होगी नीट की परीक्षा



**बोकारो (ससे):** डॉक्टर बनने का सपना संजोए विद्यार्थियों के लिए मेडिकल शिक्षण संस्थानों में दाखिले को लेकर आवश्यक परीक्षा नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट यानी नीट (यूजी) २०२४ का आयोजन आगामी ५ मई (दिन- रविवार) को किया जा रहा है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित यह परीक्षा दोपहर २:०० से संध्या ५:२० बजे तक ली जाएगी। बोकारो में इसके लिए कुल पांच विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं्। एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने सोमवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में सभी पांचों सेंटरों को मिलाकर कुल २८८४ अभ्यर्थी नीट की परीक्षा देंगे।

सिटी कोआर्डिनेटर डॉ. गंगवार ने बताया कि सेक्टर-४एफ स्थित एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल में ८४०, बालीडीह रेलवे कॉलोनी स्थित होली क्रॉस स्कूल में ७२०, सेक्टर- ५ के गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल में ७२०, सेक्टर-६ स्थित क्रिसेंट पब्लिक स्कूल में ४८० और सेक्टर- ४ स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस बोकारो) में १२४ अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार-मुक्त हो, इसके लिए पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सभी केंद्राधीक्षकों एवं पर्यवेक्षकों से समन्वय बनाकर परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर पूरी तैयारी की गई है। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से निर्धारित गाइडलाइन का अक्षरशः पालन किए जाने की अपील की है।

इस बार नीट-यूजी की परीक्षा १३ भाषाओं में पेन-पेपर (ऑफलाइन) मोड में होगी। ५ मई को दोपहर २ बजे से शाम ५.२० बजे तक देशभर में ५५७ और भारत के बाहर १४ शहरों में परीक्षा होगी। रजिस्ट्रेशन कराने वाले अभ्यर्थी एनटीए की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अपनी सिटी इंटीमेशन स्लिप अपनी जन्मतिथि और एप्लीकेशन नंबर का उपयोग कर डाउनलोड कर सकते हैं्। एडमिट कार्ड दो मई से पहले जारी कर दिए जाने की संभावना है।

नीट यूजी २०२४ के टेस्ट पैटर्न में चार विषय शामिल हैं्। प्रत्येक विषय में दो खंड होंगे। सेक्शन-ए में ३५ प्रश्न होंगे। सेक्शन-बी में १५ प्रश्न होंगे। इन १५ प्रश्नों में से उम्मीदवार कोई भी १० प्रश्न चुन सकते हैं्। प्रश्नों की कुल संख्या और समय का उपयोग वही रहेगा।

नीट यूजी परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर मेटल डिटेक्टर और अनिवार्य गहन सुरक्षा-जांच से गुजरना होगा। वे केवल अपनी निजी पारदर्शी वाटर बोतल, परीक्षा संबंधी दस्तावेज (फोटो चिपका हुआ एडमिट कार्ड, असली वैध सरकारी पहचान पत्र), अटेंडेंस शीट पर चिपकाने के लिए पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, पीडब्ल्यूडी सर्टिफिकेट (यदि उपयुक्त हो) सहित उनके एडमिट कार्ड में वर्णित अनुमति वाली चीजें ही ले जा सकेंगे।

परीक्षा हॉल में कोई भी मुद्रित या लिखित पाठ्य सामग्री, कागज का टुकड़ा, ज्योमेट्री या पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, पेन, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, इरेजर, लॉग टेबल, ई-पेन, स्कैनर, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड, वॉलेट, गोगल्स, हैंडबैग, बेल्ट, टोपी, एटीएम/क्रेडिट/डेबिट कार्ड, प्लास्टिक आईडी कार्ड, कोई भी रिमोट वाली चाबी, कोई भी घड़ी (स्मार्ट वॉच या एनालॉग), कैमरा, वाइटनर, धातु की कोई भी वस्तु या खाद्य पदार्थ अपने साथ परीक्षार्थी नहीं ले जा सकेंगे। केवल डायबिटीज पीड़ित कैंडिडेट फल, शुगर टैबलेट या कैंडी ही ले जा सकेंगे। पैक किया हुआ या डिब्बे में बंद कोई भी खाद्य वस्तु ले जाने की उन्हें भी मनाही है। एग्जाम हॉल में एनटीए की ओर से एक अभ्यर्थियों को एक पेन दिया जाएगा, जिसे वे परीक्षा के बाद अपने साथ ले जा सकेंगे।

## पृष्ठ एक का शेषांश

### सीएस ने पीएस हैल्थ---

चाहे जांच संस्कारधानी से हो या राजधानी से। सूत्रों की माने तो तिकड़ी सरगना की इस बात से पूरी तरह से किसी भी जांच और कार्रवाई की बात से निश्चिंत होकर बैठ गई हैं्। -वीसी ने एफसी ही नहीं रजिस्ट्रार को भी बचाया एमपीएमएसयु के १ अरब २० करोड़ की एफडी मामले कुलपति(वीसी) डॉ. अशोक खंडेलवाल ने मामले में गलती को माफीनामा लिखकर स्वीकार करने वाले फायनेंस कंट्रोलर (एफसी) रविशंकर डेकाटे का ही नहीं किया कुलसचिव (रजिस्ट्रार) डॉ. पुष्पराज सिंह बघेल का भी पूरी तरह बचाव किया। शासन स्तर पर ईओडब्ल्यु को मिली शिकायतों के बाद जब चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त द्वारा जांच गठित की गई तो वीसी ने एमपीएमएसयू के नियम परिनियमों का हवाला देकर न सिर्फ जांच में अड़ंगा लगाया बल्कि उल्टे उनसे ही जवाब तलब किया कि आखिर किस अधिकार से उन्होंने जांच की। यही नहीं मामले में जांच समाप्त करने की भी बात वीसी द्वारा प्रेषित पत्र में कही गई्। विगत वर्ष ८ नवंबर २०२३ को आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा पीएस चिकित्सा शिक्षा को प्रेषित पत्र इस बात की बानगी दे रहा हैं्। -ईओडब्ल्यु को मिली थी ५ गंभीर शिकायतें हुआ यह कि तत्कालीन डिप्टी रजिस्ट्रार और वर्तमान में रजिस्ट्रार पुष्पराज सिंह बघेल के खिलाफ मप्र छात्र संगठन के अभिषेक पाण्डे, आरटीआई एक्टिविस्ट एस के सीतलवाड़ एवं एस के मालवीय, आरटीआई कार्यकर्ता एस के भलावी द्वारा ५ शिकायतें आर्थिक अपराध अन्वेषण प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यु) को सौंपी थी। जिन पर रजिस्ट्रार डॉ. बघेल के खिलाफ ईओडब्ल्यु से शासन स्तर पर शिकायतें चिकित्सा शिक्षा संचालनालय को प्राप्त हुई्। इस पर चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त ने विभाग के पीएस को प्रेषित पत्र में कहा कि चिकित्सा शिक्षा विभाग के ४ मई २०२३ को प्रेषित पत्र आयुक्त चिकित्सा शिक्षा से जांच अधिकारी नियुक्त कर जांच कराने के निर्देश प्राप्त हुए्। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में संचालनालय के २३ अगस्त २०२३ को प्राप्त आदेश क्रमांक १५५६/सतर्कता/५/२०२३ द्वारा जांच समिति गठित की। जांच समिति द्वारा जांच प्रारंभ कर ६ अक्टूबर २०२३ को रजिस्ट्रार डॉ. बघेल को अपना पक्ष रखने के लिए मय दस्तावेज ३ अक्टूबर एवं १० अक्टूबर २०२३ को संचालनालय, चिकित्सा शिक्षा में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए्। सूत्रों के अनुसार इसी दौरान वीसी डॉ. खंडेलवाल न सिर्फ जांच में अड़ंगा डाल कर अपने चहेते रजिस्ट्रार को बचाया बल्कि जांच समाप्त करने की भी वकालत की। बताते हैं इस पत्र के जवाब में वीसी डॉ. खंडेलवाल ने ६ अक्टूबर २०२३ को पीएस चिकित्सा शिक्षा मोहम्मद सुलेमान को एक अर्ध शासकीय पत्र क्रमांक १०२ लिखकर कहा कि एमपीएमएसयू, मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम २०११ से प्रशासित स्वायत्त निकाय है जिसके तहत आपात उपबंधों को छोड़कर शेष परिस्थितियों में विश्वविद्यालय के समस्त क्रियाकलापों एवं प्रशासन हेतु समस्त शक्तियां कार्यपरिषद तथा कुलपति में निहित हैं तथा कुलाधिपति (राज्यपाल) इसके सर्वोच्च प्रधान हैं्। इस अधिनियम में सृजित विभिन्न परिनियमों का हवाला देते हुए वीसी एमपीएमएसयू में पदस्थ अधिकारियों कर्मचारियों की शर्ते एवं नियंत्रण तथा जांच इत्यादि प्रावधान एवं अधिकार वर्णित हैं। वीसी ने कहा कि संचालनक चिकित्सा शिक्षा जो एमपीएमएसयू के कार्यपरिषद सदस्य भी है, उनके द्वारा ईओडब्ल्यू से प्राप्त प्रकरणों में एमपीएमएसयू से प्रतिवेदन प्राप्त किए बगैर स्वयं की अध्यक्षता में जांच समिति गठित कर एमपीएमएसयू के अधिकारी को स्वयं के समक्ष उपस्थित होने के लिए निर्देश दिए गए हैं जो विश्वविद्यालय अधिनियम तथा परिनियमों में दिए गए प्रावधानों के विपरीत हैं्। यही नहीं वीसी ने मप्र शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव से अनुरोध किया कि संचालनालय चिकित्सा शिक्षा विभाग को निर्देशित करें कि विश्वविद्यालय संबंधी प्रकरणों में अग्रिम कार्रवाई/जांच/प्रतिवेदन के लिए संचालनालय को प्राप्त समस्त प्रकरण एमपीएमएसयू को अग्रेषित किए जाएं्। वीसी से प्राप्त इस अर्ध शासकीय पत्र में दिए गए अभिमत के अनुसार संचालनालय स्तर पर जांच समाप्त करने के संबंध में शासन स्तर से निर्णय लेकर एमपीएमएसयू को अवगत कराने की बात भी बात कही गई्। -वीसी ने अधिकारियों को अंधेरे में रखा या सब था सुनियोजित! सूत्रों के मुताबिक एमपीएमएसयू के वीसी डॉ. खंडेलवाल ६ अक्टूबर २०२३ को पीएस चिकित्सा शिक्षा मोहम्मद सुलेमान जो पत्र लिखा जिसमें उन्होंने कार्यपरिषद का जिक्र तो किया लेकिन २८ मार्च २०२३ की बैठक का जिक्र जानबूझकर न करते हुए उन्हें अंधेरे में रखा, या फिर ये भी संभव हैं कि एफसी और रजिस्ट्रार को बचाने के लिए सभी जांच और शासकीय, अर्धशासकीय पत्र पूर्वनियोजित थे। ज्ञात हो कि इस कार्यपरिषद की इस बैठक में जहाँ एमपीएमएसयू के वित्त नियंत्रक (एफसी) रविशंकर डेकाटे विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में जबकि कुलसचिव (रजिस्ट्रार) डॉ. पुष्पराज सिंह बघेल ही नहीं संचालक चिकित्सा शिक्षा के प्रतिनिधि के रूप में डॉ. परवेज अहमद सिद्दिकी भी बैठक में शामिल हुए थे। इस बैठक के मिनिट्स के अनुसार ७ वे बिंदू में कहा गया कि समय पर एवं उचित दरों/उचित स्थान पर एफडीआर न होने के कारण एमपीएमएसयू को वार्षिक ऑडिट एवं रीकंसाइलेशन न होने से वित्तीय हानि हुई हैं्। इस संबंध में कार्यपरिषद सदस्यों द्वारा बहुमत से वीसी से विश्वविद्यालय के नियम/परिनियम के अनुसार कार्रवाई की अनुशंसा की गई्। कार्यपरिषद सदस्य डॉ सुनील राठौड़ एवं डॉ पवन स्थापक द्वारा ईओडब्लयु को नियमानुसार प्रकरण देने एवं जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की वीसी से अनुशंसा की। जिन्हें, वीसी ने आवश्यक कार्रवाई करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने का झुनझुना थमा कर टाल दिया।पहले स्थानीय निधि संपरीक्षा की रिपोर्ट को, फिर प्रदर्शन करियों, आरटीआई एक्टिविस्टो, कार्य परिषद सदस्यों को ही नहीं प्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त को भी एमपीएमएसयू प्रबंधन ने हल्के में लिया। पूरे घटनाक्रम की क्रोनोलॉजी देख कर ऐसा प्रतीत होता है की या तो आर्थिक अपराध को सभी ने अनदेखा किया या फिर १ अरब २० करोड़ की होली नीचे से ऊपर तक तिलक चंदन कर खेली गई्।

### मोदी पर 6 साल बैन---

नाम पर लोगों से वोट मांग रहे हैं्। उन्होंने कहा- पीएम ने ९ अप्रैल को यूपी के पीलीभीत में अपने भाषण के दौरान हिंदू देवी-देवताओं, सिख देवताओं और उनके पूजा स्थलों के नाम पर वोट मांगे। इसी स्पीच को एडवोकेट जोंधले ने याचिका का आधार बनाया।

### हेमंत सोरेन की याचिका पर---

तहत दायर याचिका पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया था। सिब्बल ने पीठ के समक्ष विशेष उल्लेख के दौरान कहा था कि इस मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय ने २७ और २८ फरवरी को सुनवाई की थी, लेकिन अभी तक (२४ अप्रैल) कोई आदेश पारित नहीं किया गया है। पीठ के समक्ष उन्होंने कहा था कि उच्च न्यायालय के आदेश पारित कराने में देरी का मतलब यह होगा कि पूर्व मुख्यमंत्री लोकसभा चुनाव के दौरान जेल में ही रहेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट ने 14 साल की---

शीर्ष अदालत ने मुंबई के सायन स्थित अस्पताल से इस संबंध में रिपोर्ट देने को कहा था कि अगर पीड़िता चिकित्सकीय रूप से गर्भपात कराती है या उसे ऐसा नहीं करने की सलाह दी जाती है, तो इसका उसकी शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति पर क्या असर पड़ने की संभावना है।

# भाजपा का राज्य में खाता नहीं खुलेगा : सीएम



**गिरिडीह (ससे):** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा है कि गांडेय विधानसभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन भारी बहुमत से चुनाव जीतेगी। गिरिडीह में सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि गांडेय विधानसभा उपचुनाव में झामुमो की जीत ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी १४ सीटों पर महागठबंधन प्रत्याशी की जीत होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का राज्य में खाता नहीं खुलेगा। वहीं झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने कहा कि गांडेय की जनता का अपार प्रेम मिल रहा है। जनता के प्रेम की बदौलत वह चुनाव जीतेगी। इधर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा है कि चंपई सोरेन सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। कल्पना सोरेन के नामांकन के बाद पपरवा तांड में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कोडरमा के महागठबंधन प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह और गांडेय उपचुनाव के प्रत्याशी कल्पना सोरेन के लिए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन , मंत्री बेबी देवी , आलमगीर आलम , बसंत सोरेन , बादल पत्रलेख, हफ़ीजुल हसन , सत्यानंद भोक्ता , मिथिलेश कुमार ठाकुर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सांसद सरफराज अहमद विधायक मथुरा महतो विधायक इरफान अंसारी , विधायक सुदीव्य कुमार ,विधायक विनोद सिंह समेत कई नेताओं ने वोट मांगे।नेताओ ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में देश पीछे चल गया।

## छात्राओं ने अभिभावकों से मतदान की अपील की

**गुमला (ससे):** गुमला जिले में आगामी १३ मई को लोकसभा चुनाव २०२४ के तहत् मतदान होना है। ऐसे में जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने एवं ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य जिला प्रशासन लगातार अलग अलग माध्यमों से कार्यक्रम चला रही है। इसी के तहत् सोमवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सिसई की छात्राओं ने पोस्टकार्ड के माध्यम से अपने - अपने अभिभावकों को पत्र लिखकर १३ मई को मतदान हेतु अपील की है।

## बाबूलाल मरांडी ने सहयोग की अपील की

**सिमडेगा (ससे):** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड अंतर्गत सोय में चुनाव प्रचार किया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उन्होंने लोगों को केंद्र सरकार के कार्यों की जानकारी दी और सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित और समृद्ध भारत बनाने का संकल्प लिया है। खूंटी लोकसभा क्षेत्र में १ लाख ३१ हजार प्रधानमंत्री आवास बनाए गए हैं। गरीबों के घरों तक गैस चूल्हा पहुंचा है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य का गठन भी भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुआ था। तेज गर्मी के बावजूद कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# कल्पना सोरेन ने किया नामांकन



**गिरिडीह (ससे):** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने सोमवार को गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए गिरिडीह समाहरणालय में जिला आपूर्ति अधिकारी सह गांडेय के निर्वाची पदाधिकारी गुलाम समदानी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन , मंत्री बेबी देवी , मंत्री बादल पत्रलेख , मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बसंत सोरेन मंत्री मिथिलेश ठाकुर , मंत्री सत्यानंद भोक्ता सांसद सरफराज अहमद , कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सीपीआई एम एल के विधायक विनोद कुमार सिंह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू समेत महागठबंधन के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।कल्पना सोरेन ने सांसद सरफराज अहमद का पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

# प्रेम प्रसंग में महिला की हुई हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**दुमका (ससे):** दुमका पुलिस ने जिले के जामा थाना क्षेत्र के मधुबन के पास टेपरा नदी में एक अज्ञात महिला की मिली लाश की गुत्थी सुलझा ली है। महिला की हत्या कर लाश को यहां फेंका गया था। पुलिस ने हत्या के आरोपी बबलू मुर्मू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हत्या की वजह प्रेम प्रसंग है। पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि महिला का शव क्षत विक्षप्त अवस्था में मिला था। ग्रामीणों की सूचना पर जामा थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और उसकी शिनाख्त में जुट गयी। मधुबन गांव के राजेंद्र मरांडी ने शव की शिनाख्त की और बताया कि शव उसकी बहन कमली मरांडी का है।

राजेंद्र ने हत्या की आशंका जतायी और शिकारीपाड़ा के बबलू मुर्मू पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस की पूछताछ में बबलू ने मामले का खुलासा किया। कमली मरांडी केरल में मजदूरी करती थी। वहीं बबलू मुर्मू भी काम करता था। दोनों के बीच दोस्ती हुई और फिर प्रेम हो गया। बबलू पहले से शादीशुदा था। कमली उस पर शादी का लगातार दबाव दे रही थी। इससे छुटकारा पाने के लिए बबलू ने कमली की हत्या कर दी और शव को टेपरा नदी के पास फेंक दिया।

# नवोदय विद्यालय में प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा (ससे):** जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । विद्यालय के प्रचार्य अवनीश चंद्र झा तथा शिक्षकों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रेरणा उत्सव का शुभारम्भ किया गया।

प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में जिले भर के २५ विद्यालय के ९ वी और १२ वी कक्षा के ६७ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें निबंध लेखन,कविता, पेंटिंग, नारा, म्यूजिक के द्वारा प्रतिभागियों का चयन किया जा जाना है जिसमें ३० विद्यार्थियों १५ छात्र व १५ छात्राओं का चयन कर जिला भैजा जाएगा । जिला द्वारा साक्षात्कार कर दो छात्र छात्रा का चयन कर गुजरात राज्य अन्तर्गत बाड़नगर गुजरात भैजा जाएगा जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा प्राप्त की थी । प्रधानाचार्य अवनीश चंद्र झा ने बताया कि प्रेरणा उत्सव का आयोजन विद्यार्थियों के लिए अनुभवजन्य शिक्षा प्राप्त करने का एक स्वर्णिम अवसर प्रदान करता है । इसका मुख्य उद्देश्य है.की बच्चों में जागृति पैदा करना,भारतीय संस्कृति और इतिहास के बारे में जानकारी रखना और अपने को पहचानने को लेकर यह आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य है शौर्य,साहस और परिश्रम तथा समर्पण,करुणा एवं सेवा विविधता एवं एकता,सत्य,निष्ठा सुचिता,नवाचार और जिज्ञासा श्रद्धा और विश्वास स्वतंत्रता और कर्तव्य इसी थीम पर बच्चों को जानकारी दी जा रही है ।

मौके पर प्राचार्य अवनीश चंद्र झा के अलावे शिक्षक डी कुमार, के ऐ प्रसाद, प्रेरणा प्रभारी ऐ ई केरकेट्टा,एन एन किशोर,सुजीत कुमार,सीमा कुमारी जायसवाल,सुनील कुमार, केभी लोहरदगा के शिक्षक अभिजीत अरविंद तिग्गा, डीएबी के शिक्षक सतीश कुमार पाठक,संत अन्ना के पंकज कुमार पाठक,उर्सलाइन स्कूल के शिक्षक हेमलता एक्का, राजेश कुमार भगत सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

## 15 उम्मीदवारों के बीच चुनाव चिन्ह का वितरण

**गुमला (ससे):** लोहरदगा संसदीय सीट के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार को किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया जिसके कारण अब चुनाव मैदान में कुल १५ उम्मीदवार रह गए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि चुनावी मैदान में कुल १५ उम्मीदवार रह गये हैं । तीन राष्ट्रीय दल चार पंजीकृत मान्यता प्राप्त और आठ स्वतंत्र उम्मीदवार रह गये हैं। सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह का वितरण कर दिया गया है । उपायुक्त ने बताया कि जिले में मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है सुरक्षा के लिए पर्याप्त चाक चौबंद किये गये हैं।

# दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर विशेष व्यवस्था की गई है : डीसी

**चतरा (ससे):** चतरा जिला प्रशासन के द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार रात्रि चौपाल और जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है।लोक सभा चुनाव के दौरान समुदाय के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो इसे देखते हुए जिला प्रशासन के मतदान के दिन २०मई को वोट करने की अपील की जा रही है। मतदान केंद्रों पर बेहतर सुविधा बहाल करने के लिए भी लगातार कार्य किया जा रहा है।

चतरा जिले में पी डब्लू डी वोटरों की कुल संख्या १११५६ है । इनमें से २२४४ मतदाता ब्रेल लिपि की सहायता से मतदान करेंगे।जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। ब्रेल लिपि की सहायता से मतदान करने वाले नेत्रहीन मतदाताओं के द्वारा मतदान के दिन शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए उन्हें मतदान केंद्रों तक लाने के लिए भी प्रशासन जागरूकता अभियान चला रहा है।

# पोस्टल बैलट पेपर कोषांग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

**साहिबगंज (ससे):** लोकसभा चुनाव -२०२४ में शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए साहिबगंज समाहरणालय सभागार में पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग की बैठक अपर समाहर्ता राज महेश्वरम की अध्यक्षता में हुई । अपर समाहर्ता राज महेश्वरम ने बताया कि जिला के ऐसे मतदाता जो निर्वाचन की तिथि ०१/०६/२४ को अपने कार्यों का निर्वहन करते हुए। आवश्यक सेवा या मतदान कार्य में प्रतिनियुक्ति है श्र उन सभी कर्मियों को क्रमशः प्रपत्र १२ ऊ तथा १२ऊ पार्ट श्रश्र(आवश्यक सेवा ) एवं प्रपत्र १२ (निर्वाचन कर्मी )भरकर पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग में जमा कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, जिला अग्रिम बैंक, जिला परिवहन विभाग, , डाक विभाग , चिकित्सा विभाग, विद्युत विभाग से आए प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि उनके अधीनस्थ कर्मियों का जल्द से जल्द १२ डी फॉर्म जमा कराना सुनिश्चित करें। जो साधारण निवासी है और ६ माह से इस जिला में निवास कर रहे हैं । उनको एपिक बनाने का निर्देश दिया गया है।

मतदाता सूची मे नाम अंकित करने हेतु निकटवर्ती बूथ लेवल ऑफिसर से समन्वय कर या वोटर हेल्पलाइन की मदद से या प्रशिक्षण स्थल पर निर्वाचन कार्यालय के ऑपरेटर की सहायता से प्रपत्र ६ भर सकते हैं. ऐसे मतदान कर्मी जो वर्तमान में साहेबगंज जिला अंतर्गत कार्यरत है किन्तु उनका मतदाता सूची में झारखंड से बाहर नाम दर्ज है वे प्रपत्र ०६ के साथ प्रपत्र ०८भी भरना सुनिश्चित करेंगेश्र इसका मुख्य उद्देश्य शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना है।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई , 2 की मौत

**लातेहार (ससे):** लातेहार जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के बालूमाथ-पांकी पथ पर मासीलौंग गांव के पास एक टाटा नेक्सन कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी। इस हादसे में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतकों की पहचान चतरा जिला व थाना क्षेत्र के होलमगाड़ा गांव निवासी विजेंद्र सिंह के २२ वर्षीय पुत्र रितिक कुमार सिंह तथा हजारीबाग जिला के बरकट्ठा थाना क्षेत्र के कपका गांव निवासी केदार सिंह के ५६ वर्षीय पुत्र लवनाथ सिंह के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में ससुर दामाद थे। इसकी पुष्टि जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने की है। मिली जानकारी के मुताबिक, दोनों एक शादी समारोह में शामिल होकर मध्य प्रदेश से हजारीबाग लौट रहे थे।

इसी दौरान हेरहंज थाना क्षेत्र के मासीलौंग गांव के पास कार अनियंत्रित होकर बरगद के पेड़ से टकरा गयी। घटना के वक्त कार की रफ्तार काफी तेज थी। हादसे में दोनों बुरी तरह घायल हो गये। हादसे के बाद स्थानीय लोग तेज आवाज सुनकर वहां पहुंचे और तुरंत घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी विक्रम कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों को बालूमाथ अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉ. ध्रुव कुमार ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद में दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया।

## सिंहभूम लोस क्षेत्र में 14 उम्मीदवारों के बीच टक्कर

**चाईबासा (ससे):** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में सोमवार को किसी भी उम्मीदवार द्वारा नाम वापस नहीं लिए जाने के बाद अब कुछ १४ उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। सोमवार को नाम वापसी का अंतिम दिन था और किसी भी उम्मीदवार ने नाम वापस नहीं लिया।

इसके बाद जो उम्मीदवार मैदान में रह गए उनमें भारतीय जनता पार्टी की गीता कोड़ा, झारखंड मुक्ति मोर्चा की जोबा मांझी, बहुजन समाज पार्टी के परदेशीलाल मुंडा, झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान के कृष्णा मार्डी, झारखंड पार्टी के चित्रसेन सिंकू, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के पानमनि सिंह, राइट टू रिकॉल पार्टी के बीर सिंह देवगम, अंबेडकरराइट पार्टी ऑफ इंडिया के विश्व विजय मार्डी, पीपल्स पार्टी ऑफ़ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के सुधा रानी बेसरा समेत निर्दलीय अभ्यर्थी आशा कुमारी रूण्डा, दामोदर सिंह हांसदा, दुर्गा लाल मुर्मू, माधव चंद्र कुंकल, और संग्राम मार्डी शामिल हैं।

# भाजपा और इंडी गठबंधन प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**खूंटी (ससे):** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी लगातार तमाड़ और खरसावां विधानसभा क्षेत्र की जनता के बीच जाकर अपने आने वायदों और योजनाओं की बखान करते नजर आ रहे है। सोमवार को केंद्रीय मंत्री व खूंटी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने तमाड़ प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया और केंद्र सरकार के दस साल की उपलब्धियों के बारे में जनता को बताया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देशभर में रहने वाले किसान हो, महिला हो, युवा हो, चाहे गरीब हो, सबके लिए नीति बनाने का काम हमारी सरकार कर रही है। आज भारत सरकार जनता की भलाई के लिए नीतियां बनाकर राज्य सरकार को पैसा भेजती है लेकिन राज्य सरकार इन योजनाओं को लागू करने में विफल है। उन्होंने कहा कि मोदी गरीबों की चिंता करती है और ऐसी सरकार को हमें फिर से लाना है। फिर से हमें मोदी सरकार बनाना है। वहीं इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से हाथ को मजबूत करने की अपील कर रहे है। प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और विधायक विकास कुमार मुंडा ने तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के जोजोडीह, विरगांव, ईचाडीह, लौंड्रा, बड़वा, उलीडीह, रूगड़ी, रोलाडीह, काण्डेबुरु,हूरूणडीह, कुईजानीगुड़ा, कुबासाल, बुकरूमडीह, बुढ़ाडीह, तड़ाई, नीमडीह, लोधमा आदि दर्जनों गांवो में डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क करते हुये महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे है ।

उनका दावा है कि कांग्रेस पार्टी केवल काम की राजनीति करती है। भाजपा धर्म, जाति, मंदिर-मस्जिद, भ्रष्टाचार की राजनीति करती है। लेकिन काम की राजनीति नहीं की। कांग्रेस की जीत होते ही तेज रफ़्तार से धरातल पर दिखेगा विकास कार्य, यह मेरी गारंटी है। पिछले १० वर्षों में खूंटी संसदीय क्षेत्र का विकास पूरी तरह ठप हो गया है।

## हथियार समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

**डालटनगंज (ससे):** पलामू पुलिस ने पांच हथियार बरामद करते हुए एक तस्कर समेत तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। हरिहरगंज और छतरपुर इलाके से सभी की गिरफ्तारी हुई है। हथियार भी वहीं से बरामद किए गए हैं। हथियार तस्करी का मामला बिहार के बक्सर से जुड़ा हुआ है।

इस मामले में बक्सर एवं हरिहरगंज के एक एक व्यक्ति का नाम आया है। पुलिस उनकी पहचान और गिरफ्तारी में जुटी हुई है। इसी तरह छतरपुर के सुलतानी घाटी से सटे इलाके से गुप्त सूचना पर कार्रवाई कर दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से दो हथियार बरामद हुए हैं। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने दोनों घटनाओं के संबंध में जानकारी दी।

# अर्जुन राम और दीपक गुप्ता ने नामांकन दाखिल किया

**चतरा (ससे):** चतरा लोकसभा सीट के लिए सोमवार को दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। चतरा जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में सीपीआई के अर्जुन राम और जे बी के एस एस के प्रत्याशी दीपक गुप्ता ने नामांकन दाखिल किया। आज कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी अपना नामांकन दाखिल करेंगे। गौरतलब है कि अधिसूचना जारी होने के पहले दिन चतरा लोक सभा सीट पर भाजपा के प्रत्याशी काली चरण सिंह और निर्दलीय अभिषेक सिंह ने नामांकन दाखिल किया था। शनिवार और रविवार को सरकारी अवकाश के कारण नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया बंद थी। सोमवार को पूर्वाह्न १२ बजे के बाद दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया।

# स्वीप के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**साहिबगंज (ससे):** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को राजमहल विधानसभा अंतर्गत बूथ संख्या २५३ में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ० सुमन गुप्ता, जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में मतदाताओं का घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

घर घर मतदाता जागरूकता संपर्क अभियान के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी के द्वारा सुराज मंडल पिता हरिपद मंडल का नए मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु फॉर्म ६ से संबंधित अच्छादन किया गया। जिससे कि लोकसभा चुनाव में सुराज मंडल अपने मत का प्रयोग कर पाएंगे इस क्रम में सूराज मंडल वोट देने के लिए काफी उत्साहित नजर आए । बूथ क्रमांक संख्या २५३ के वरिष्ठ मतदाता सुखलाल विश्वास एवं रोमानी विश्वास के घर जाकर उक्त दोनों मतदाताओं को मतदान जागरूकता से संबंधित सामग्री उपलब्ध कराकर वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर दोनों ही मतदाता काफी उत्साहित नजर आए एवं संकल्प भी लिए की आगामी १ जून २०२४ को होने वाले मतदान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# 7 प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह आवंटित

**खूंटी (ससे):** खूंटी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में इस बार सात प्रत्याशियों के बीच टक्कर होगी जिसमें तीन राष्ट्रीय पार्टी के उम्मीदवार हैं जबकि चार निर्दलीय व क्षेत्रीय उम्मीदवार हैं।नाम वापसी की तिथि और समय बीतने के बाद सोमवार को उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा ने सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया ।

राष्ट्रीय दलों में भाजपा के अर्जुन मुण्डा को कमल छाप, कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को पंजा छाप और बहुजन समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार सावित्री देवी को हाथी छाप का चुनाव चिन्ह मिला, जबकि क्षेत्रीय पार्टी झारखण्ड पार्टी की उम्मीदवार अर्पणा हंस को फल लदा टोकरी, भारत आदिवासी पार्टी की बबीता कच्छप को हॉकी-गेंद और निर्दलीय प्रत्याशी पास्टर संजय कुमार तिर्की को एयर कंडीशन और निर्दलीय उम्मीदवार बसंत कुमार लोंगा को अलमीरा चुनाव चिन्ह प्रदान किया गया। इस तरह खूँटी लोकसभा क्षेत्र के लिए अब मात्र सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गये हैं।

# बाबूलाल मरांडी ने भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के पक्ष में चुनाव प्रचार किया



**सरायकेला खरसावां (ससे):** सिंहभूम लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने स्थानीय विधायक सह सूबे के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन पर जोरदार हमला बोलते हुए कई गंभीर आरोप लगाए । बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस विशाल जनसभा को मुख्यमंत्री के निर्देश पर तपिश और भीषण गर्मी में पानी तक उपलब्ध नहीं कराया।

स्थानीय होने के बावजूद मुख्यमंत्री का गृह जिला आज भी विकास से कोसों दूर है । बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने १० वर्षों में कई बेहतरीन योजनाओं की सौगात पूरे देश को दी है । पूरे सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में ७८ हजार बेघर लोगों को रहने के लिए पीएम आवास दिया गया । २० हजार ५०८ लोगों को उज्ज्वला गैस योजना का लाभ मिला, ५ लाख लोगों को आयुष्मान कार्ड देकर स्वास्थ्य सुरक्षा दी गई है, नल जल योजना से घरों तक पीने का स्वच्छ पानी दिया जा रहा है ,लेकिन केंद्र सरकार के इन योजनाओं पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार ग्रहण लगाने तुली है ।

वहीं चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने कहा कि मोदी सरकार के १० साल की गारंटी के चलते पूरा विश्वास है कि सिंहभूम से एक कमल जरूर खिल कर दिल्ली जाएगा।

गीता कोड़ा ने कहा कि झामुमो सरकार ने आदिवासियों को ठगने का काम किया है। शिक्षा ,स्वास्थ्य से वंचित रखा है । अब वक्त आ गया है कि १३ मई को भाजपा के पक्ष में मतदान कर मुंहतोड़ जवाब देना है । जनसभा में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाजपा पार्टी का दामन थामा जिनमें से अधिकांश झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष उदय सिंह देव ,पूर्व विधायक अरविंद सिंह, जेबी तुबिद, लोकसभा प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू ,गणेश महाली, लोकसभा संयोजक विनोद श्रीवास्तव सह संयोजक अमित सिंह, मनोज चौधरी, पूर्व विधायक अनंत राम टुडू उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में दो कार सवार की मौत

**लोहरदगा (ससे):** लोहरदगा अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के वन विभाग डिपू के समीप हुई सड़क दुर्घटना में आल्टो कार सवार दो युवकों की मौत हो गई वहीं तीन की हालत गंभीर बनी हुई है । दुर्घटना में घायल सभी पांच युवकों को स्थानीय लोगों ने पुलिस के सहयोग से सदर अस्पताल भेज दिया । जानकारी अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के वन विभाग डिपू के समीप लोहरदगा- गुमला मुख्य पथ एनएच १४३ ए के किनारे खड़ी बॉक्साइड ट्रक जे एच ०७ ई ६६७१ से आल्टो कार संख्या जे एच ०१ एन ५७४३ पेड़ को टक्कर मारते हुए जा टकराया जिससे कार सवार पांच युवक गंभीर रूप से घायल हो गए । घटना की सूचना प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर को मिलते ही उनके निर्देश पर एएसआई राजेश राम लोहार, जमशेद खान दल बल के साथ घटना स्थल पहुचे. घटना का जायजा लेते हुए क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेते हुए पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आल्टो कार लोहरदगा की ओर से सेन्हा की ओर जा रही थी. कार सवार सभी युवक नशे में धुत्त थे कर काफी तेज गति में थी । घायलों की पहचान किस्को थाना क्षेत्र निवासी अनुज उरांव, सूरज उरांव तथा सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा ढोडा टोली निवासी अनु उरांव,चंदू उरांव तथा अमित उरांव के रूप में हुई है । अस्पताल ले जाने के क्रम में अमित उरांव और अनु उरांव की मौत हो गई ।

घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया की आल्टो चालक की लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटना हुई है । पुलिस जांचोपरांत अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है ।

# मतगणना केंद्र से बाहर आएगी कलेक्टर की लाश : सपा प्रत्याशी

**बलिया (ईएमएस):** उत्तर प्रदेश की गुंडागर्दी जग जाहिर रही है। यहां एक से एक बाहुबलि नेता रहे हैं। अब कुछ हद तक राज्य की योगी सरकार ने इन पर शिकंजा कसा है इसके बाद भी कई नेता एसपी कलेक्टर को कुछ नहीं समझते हैं तो आम आदमी की इनके आगे औकात ही क्या है।

ऐसा ही मामला बलिया से प्रकाश में आया है। जहां समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सनातन पांडे ने एक ऐसा बयान दे दिया जिसमें वह बुरी तरह फंस गए हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि इस बार गड़बड़ी हुई तो मतगणना केंद्र से मेरी लाश बाहर आएगी या फिर कलेक्टर की लाश। उनके बयान का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ तो केस भी दर्ज कर लिया गया है।

बलिया लोकसभा से सपा प्रत्याशी सनातन पांडेय संवाददाताओं से बातचीत में पिछले लोकसभा चुनाव में हुई अपनी हार को लेकर जिला प्रशासन पर कई आरोप लगाए। कहा कि २०१९ के लोकसभा चुनाव में वह चुनाव जीत चुके थे तथा उन्हें जिला प्रशासन द्वारा सत्ता के दबाव में आकर जानबूझ कर चुनाव हराया गया था। उन्होंने कहा था कि पिछली बार तो हम आपके जीते हुए प्रत्याशी थे, लेकिन उस समय भी बीजेपी की सरकार थी।

तब यहां के कलेक्टर सरकार के दबाव में आ गए थे और उसने हमारे रिजल्ट को बदलवाने का काम किया था।मतगणना स्थल से बाहर निकलते वक्त उन पर भाजपा के लोगों द्वारा लाठियों से प्रहार किया गया था व गाड़ियों के शीशे फोड़े गए थे। उस समय मैंने अपनी हार को इसलिए



स्वीकार कर लिया क्योंकि हम इस व्यवस्था को अपमानित नहीं करना चाहते थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा।सनातन पांडे के बयान को हेट स्पीच मानते हुए केस किया गया है। सपा से टिकट मिलने के बाद शनिवार को पहली बार बलिया पहुंचे सनातन पांडेय पार्टी कार्यालय पर मीडिया से बातचीत करते हुए कुछ टिप्पणी की थी। इसका वीडियो वायरल होने के बाद नगर कोतवाली पुलिस ने आचार संहिता व धारा १४४ का उल्लंघन, धमकी देने के साथ ही लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज किया है। यह कार्रवाई चौकी इंचार्ज सिविल लाइन माखन सिंह की तहरीर पर हुई है।

उन्होंने कहा कि हम लोकातांत्रिक व्यवस्था में विश्वास रखते हैं। ऐसा नहीं कि पिछली बार हम अपनी हत्या के डर से प्रांगण से बाहर आ गए थे। जो हुआ वो आपने भी देखा बलिया के लोगों ने भी देखा, हिंदुस्तान के लोगों ने भी देखा। अगर इस बार जनता में मुझे हरा दिया तो मैं स्वतः बाहर आ जाऊंगा। परंतु यदि २०२४ में जनता ने चुनाव जीत हासिल कराया तो मैं यह संकल्प लेकर आया हूं, कि यहां का प्रशासन या भाजपा का जो भी तंत्र होगा, मेरे सर्टिफिकेट से मुझे नहीं रोक पायेगा। अगर ऐसा किया तो अंदर से या फिर सपा प्रत्याशी सनातन पांडेय की लाश बाहर आएगी या फिर कलेक्टर की लाश बाहर आएगी, दो में एक ही होगा।

२०१९ के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था। बलिया लोकसभा के लिए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सनातन पाण्डेय को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी वीरेन्द्र सिंह मस्त ने १५५३५ वोटों के अंतर से हाराया था। चुनाव में सनातन पाण्डेय को ४५३५९५ तो वीरेन्द्र सिंह मस्त को ४६९११४ वोट मिले थे। जिसके बाद पांडेय ने चुनाव में धांधली का आरोप लगाया था। इस बार वीरेंद्र सिंह मस्त का टिकट कट गया है। उनकी जगह सभी सपा से ही सांसद रहे पूर्व पीएम चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को भाजपा ने उतारा है।

## राजनाथ सिंह ने दाखिल किया नामांकन



**लखनऊ (ईएमएस):** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लखनऊ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन अधिकारी के समक्ष राजनाथ सिंह ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी की उपस्थिति में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जानकारी के मुताबिक, राजनाथ सिंह ने सबसे पहले २०१४ में लखनऊ सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और विजयी हुए। २०१९ में भी यहां से उन्होंने अपनी जीत बरकरार रखी। रक्षा मंत्री तीसरी बार लखनऊ से चुनाव मैदान में हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी प्रतिष्ठित लखनऊ निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था।

भाजपा मुख्यालय से सिंह जब नामांकन पत्र दाखिल करने निकले तो उनके साथ योगी आदित्यनाथ, पुष्कर सिंह धामी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत कई प्रमुख नेता थे। लखनऊ में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में २० मई को मतदान होगा।

## राहुल गांधी को देश के इतिहास के बारें में जानकारी नहीं : गिरिराज सिंह

**पटना (एजेंसी):** बीजेपी के फायर ब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने वक्फ बोर्ड के कानून में संशोधन की मांग की है. इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस पर हमला करते हुए जवाहरलाल नेहरू को तुष्टीकरण करने वाला बताया है.

बेगूसराय में गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी कहते हैं कि राजा महाराजाओं ने लोगों की संपत्ति हड़पी और जमीन पर कब्जा किया है. राहुल गांधी इस देश के इतिहास नहीं जानते हैं. इसके अलावा उन्हें ट्विटर पढ़ाने वाले लोग इतिहास की जानकारी नहीं रखते हैं. राहुल गांधी को मुगलों का नाम लेने में शर्म आती है और मुगलों को अक्रांत कहने में शर्म आती है. मुगलों ने जमीन हड़पने का काम है और आजादी के बाद नेहरु ने वफ्फ बोर्ड को



जमीन हड़पने की पूरी छूट दे दी. वफ्फ बोर्ड मुसलमानों की एक ऐसी संस्था है, जिसके कानून को बदलने की जरूरत है.गिरिराज सिंह ने कहा कि वफ्फ बोर्ड जमीन हड़पने का काम करता है और उसके पास इतनी जमीन कैसे है.

इस पर राहुल गांधी कुछ नहीं बोलेंगे. आजादी के पहले मुगलों ने जमीन को हड़पा और आजादी के बद नेहरू ने तुष्टिकरण की नीत के तहत वक्फ बोर्ड बनाकर सारी जमीन हड़प ली. जो हिन्दू पाकिस्तान चले गए यह उनकी जमीन है.

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी यह क्यों नहीं बोलते कि उनके नाना ने तुष्टिकरण के तहत भारत के भारत वंशियों की जमीन हड़पने का काम किया और कब्जा करने का काम किया है.

अब वफ्फ बोर्ड के कानून में परिवर्तन होना चाहिए. यह काम बहुत जरूरी है. महिला कांग्रेस के अध्यक्ष अलका लांबा द्वारा प्रधानमंत्री को रावण कहे जाने पर गिरिराज सिंह ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी, यह सब लोग नरेंद्र मोदी को गाली देते रहें. नरेंद्र मोदी गरीबों के बेटे हैं. जितना ये गाली देंगे उतना गरीब जनता नरेंद्र मोदी को आशीर्वाद देने का काम करेगी. नरेंद्र मोदी इस उंचाई तक जनता की सेवा पहुंचे हैं.

## अमेठी सीट से स्मृति ईरानी ने दाखिल किया नामांकन



**प्रयागराज (ईएमएस):** केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार स्मृति ईरानी ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया। ईरानी ने साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और अन्य नेताओं की मौजूदगी में नामांकन दाखिल करने से पहले गौरीगंज में भाजपा कार्यालय से एक रोड शो किया। जिलाधिकारी के आदेश पर रोड शो को कलेक्ट्रेट से करीब २०० मीटर पहले ही रोक दिया गया।

रोड शो में यूपी के मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और ईरानी के पति जुबिन ईरानी भी शामिल हुए। २०१९ में स्मृति ईरानी ने अमेठी से राहुल गांधी को हराया था। रोड शो के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कह कि कांग्रेस का कोई प्रत्याशी यहां नहीं आ रहा है। मुझे मालूम पड़ा है बड़ी संख्या में यहां यदुवंशी भी रहते हैं। मैं सभी यदुवंशियों से कहना चाहता हूं आप सब भाग्यशाली हो, पांच हजार साल पहले भी भगवान कृष्ण ने पूरे जीवन धर्म की लड़ाई लड़ी। आज हमारे सामने पुनः वो समय आया है। जब भगवान राम का आनंद आया है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि आपने हम सबकी शोभा बढ़ाई है और अब आप अपना आर्शीवाद दें। अमेठी से ऐसा बिगुल बजे की इसकी गुंजन पूरे विश्व में हो।

## कर्पूरी ठाकुर ने कांग्रेस के विरोध के बावजूद महिलाओं को दिया आरक्षण : सम्राट चौधरी



**पटना (एजेंसी):** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की सरकार ने कांग्रेस के विरोध के बावजूद महिला आरक्षण लागू किया था. कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्राट चौधरी ने देश में गठबंधन की राजनीति की नींव रखने का श्रेय दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को दिया.

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, जब आरक्षण पर चर्चा शुरू हुई और महिलाओं के लिए चार प्रतिशत आरक्षण का विचार प्रस्तावित किया गया, तो वह कर्पूरी ठाकुर की सरकार ही थी जिसने कांग्रेस के विरोध के बावजूद इसे लागू किया. सम्राट चौधरी ने कहा, कर्पूरी ठाकुर अपने गांव से १०वीं कक्षा की परीक्षा पास करने वाले पहले व्यक्ति थे. उन्होंने गठबंधन की राजनीति की नींव रखी. दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा द्वारा आयोजित शताब्दी समारोह जनपथ स्थित आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में आयोजित किया गया. ठाकुर का जन्म २४ जनवरी १९२४ को हुआ था.

बिहार में जननायक के नाम से मशहूर कर्पूरी ठाकुर को जनवरी की शुरुआत में मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया था. यह घोषणा उनकी जन्मशती से एक दिन पहले की गई. सम्राट चौधरी ने कर्पूरी ठाकुर को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी आभार व्यक्त किया.

उन्होंने आगे कहा कि उनका एक सपना था कि एक अति पिछड़े का बेटा आगे बढ़े और देश का प्रधानमंत्री बने. झच् मोदी ने इस सपने को भी बुरा किया है. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि बिहार के दो मुख्यमंत्री एक कर्पूरी ठाकुर और दूसरे नीतीश कुमार ने शराब बंदी की है, लेकिन दिल्ली के ऐसे उच् हैं, जिन्होंने शराब घोटाला ही कर दिया.

## तेजस्वी अपने उम्मीदवारों की जमानत बचाएं : सम्राट चौधरी

**पटना (एजेंसी):** लोकसभा चुनाव २०२४ के दो चरण में मतदान हो गए हैं. इसी बीच तेजस्वी यादव ने कहा है कि अब चुनाव में मोदी फैक्टर खत्म हो गया है. उनके इस बयान के बाद बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तीखा हमला बोला है. उन्होंने कहा ही कि वो पहले अपने उम्मीदवारों की जमानत तो बचाएं.

राजद नेता तेजस्वी यादव के बयान पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, वे(तेजस्वी यादव) अपने उम्मीदवारों की जमानत तो बचाएं. राजद के लोग जमानत बचाने काम करें. पूरा देश जानता है कि खाता खुलेगा या नहीं खुलेगा. प्रधानमंत्री बिहार के मूड को समझते हैं. जनता के भी मूड को समझते हैं. बिहार की जनता को तनिक भी भनक लग जाए की लालू प्रसाद आ रहे हैं तो सूपड़ा साफ ही नहीं, सभी सीटों पर जमानत समाप्त हो जाएगी.

इससे पहले उन्होंने तेजस्वी पर हमला बोलते हुए कहा था, 'देश में मजाक नहीं हो रहा है. उनके(तेजस्वी यादव) पिता ने बिहार में १५ साल मजाक ही किया था. हमारे देश में लोकतंत्र है और ये किसी परिवार का गुलाम नहीं है. लालू प्रसाद ने १५ साल तक बिहार की जनता के साथ क्या किया, ये सिर्फ बिहार की जनता जानती है. बोलने और सपने देखने के लिए हर कोई स्वतंत्र है.बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा, ४०० की फिल्म फ्लॉप हो चुकी है. भाजपा के लोग डिप्रेशन में हैं. इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है, पूरे देश ने अपना मूड बना लिया है.

वे (प्रधानमंत्री मोदी) आएंगे और जाएंगे लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है. रोजगार को लेकर ठगाऊ नेता तेजस्वी यादव ने कहा, हम लोग बार-बार कहते रहे हैं कि हम जब १७ महीने सरकार में रहे तब हमने ५ लाख नौकरियां तो दी. लेकिन जो ३ लाख नौकरी प्रक्रिया जो हम अधीन करके आए हैं उसकी बहाली कब होगी. इतने दिन हो गए लेकिन इस दिशा में काम नहीं हो रहा.

## लालू ने मेरे साथ धोखा किया : पूर्व विधायक

**मशरक (एजेंसी):** राजद से बागी हुए पूर्व विधायक रणधीर सिंह ने जन आशीर्वाद सभा में खुलेआम राजद सुप्रीमो को धोखेबाज बताया. उन्होंने यहां लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वह पूरे बिहार में राजद को खत्म करने के लिए काम करेंगे और इसकी शुरुआत सारण के सभी सीटो से होगी. साथ ही, उन्होंने बतौर निर्दलीय चुनाव लड़ने का किया ऐलान किया.

महराजगंज से पूर्व राजद प्रत्याशी रणधीर सिंह ने मशरक में अपने समर्थकों, कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद निर्दलीय ताल ठोकने का किया ऐलान किया. उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर धोखा करने का आरोप लगाया और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद यादव पर भी धोखेबाजी का आरोप लगाया. पूर्व विधायक महराजगंज के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के बेटे हैं.

दरअसल, राजद की महराजगंज सीट कांग्रेस के हिस्से में चली गई. पूर्व सांसद और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के बीच काफी गहरी दोस्ती होने के बावजूद पूर्व विधायक रणधीर सिंह को टिकट नहीं मिला, जिसके बाद पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के परिवार का राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से रिश्ते में दूरियां बढ़ती नजर आईं. इसी का नतीजा है कि अब पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह का परिवार राजद से नाता तोड़कर अपने दम पर महराजगंज से ताल ठोकने की बात कह रहा है.मशरक में आयोजित जन आशीर्वाद सभा के दौरान पूर्व विधायक रणधीर सिंह ने कहा, मैं पूरे बिहार में राजद का विरोध करूंगा और इसकी शुरुआत सारण के तीनों सीटो से होगी. आने वाले समय में पूरे बिहार से राजद को खत्म करने के लिए काम करूंगा. ऐसे में अब ये देखना दिलचस्प रहेगा कि राजद उनके बयान पर क्या जवाब देती है.

## बस में ट्रक ने मारी टक्कर, 3 की मौत

**गोपालगंज (ईएमएस):** गोपालगंज से सुपौल जा रही सुरक्षा बलों की तीन बसें दुर्घटनाग्रस्त हो गईं। हादसे में एक बस के ड्राइवर और दो कांस्टेबल की मौत हो गयी। वहीं १२ से ज्यादा जवान गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र के बरहिमा मोड़ के पास एनएच-२७ के पास की है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से पांच एंबुलेंस और डॉक्टरों की टीम को मौके पर भेजा गया है। हादसे के बाद सदर अस्पताल को अलर्ट करते हुए घायलों का इलाज के लिए एंबुलेंस अस्पताल लाया जा रहा है।

## सारण से रोहिणी आचार्य ने किया नामांकन



**पटना (एजेंसी):** इस बार बिहार की हॉट सीटों में एक सारण लोकसभा से आरजेडी के टिकट से लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है. इस बार चुनाव में उनका सामना बीजेपी के राजीव प्रताप रूडी से है. माना जा रहा है कि इन दोनों के बीच कांटे की टक्कर हो सकती है. राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, उनके भाई नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव, राबड़ी देवी ,मीसा भारती, जय प्रकाश यादव सहित तमाम समर्थक एडीएम कार्यालय पहुंचे, है. इस नामांकन के बाद राजेंद्र स्टेडियम में आम सभा आयोजित की जायेगी.

रोहिणी आचार्य के नामांकन के दौरान सारण कलेक्ट्रेट के बाहर आरजेडी समर्थक लगातार नारे लगा रहे थे. लालू परिवार के एक-एक सदस्य के आने पर समर्थकों का जोश देखते बन रहा था. रोहिणी आचार्य पहली बार चुनाव में अपनी किस्मत को अजमा रही है. रोहिणी ने अभी तक एक मंझे हुए नेता की तरह प्रचार किया है. वो लगातार मोदी सरकार की नीतियों पर सवाल उठा रही हैं.

बिहार की सारण सीट इस समय चर्चा का विषय बनी हुई है. यहां से लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्या आरजेडी को उतारा है. लालू यादव ने भी पहली बार चुनाव यही से लड़ा था और जीत हासिल की थी. रोहिणी राजनीति में आने से पहले भी सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रही हैं.

## अमेठी और रायबेली सीट को लेकर कांग्रेस में सस्पेंस बरकरार

**लखनऊ (ईएमएस):** लोकसभा चुनाव-२०२४ के लिए दो चरणों का मतदान हो चुका है। अब तीसरे चरण के लिए सात मई को होने वाले मतदान के लिए सियासी पारा चढ़ गया है। उत्तरप्रदेश की ज्यादातर सीटों पर एनडीए और इंडिया गठबंधन अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर चुका है।

लेकिन कुछ सीटों को लेकर अब भी सस्पेंस है। अमेठी और रायबरेली सीट पर कांग्रेस ने अभी तक उम्मीदवार घोषित नहीं किया है वहीं कैसरगंज सीट पर बीजेपी अब तक असमंजस में है। इन सभी सीटों पर पांचवें चरण में २० मई को मतदान होना है। २६ अप्रैल से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। तीन मई अंतिम तारीख है। सोमवार को अमेठी में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी।

अमेटी से कांग्रेस राहुल गांधी के उतरने की तैयारी में है। पहले कहा जा रहा था कि वायनाड में मतदान तक अमेठी से राहुल की उम्मीदवारी का ऐलान रुका है। राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से उम्मीदवार हैं। इस सीट पर दूसरे चरण में मतदान हो चुका है लेकिन अब तक अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार का नाम घोषित नहीं हुआ है। अमेठी गांधी परिवार की परम्परागंज सीट रही है। इस सीट पर फिरोज गांधी से लेकर संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी तक प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

हालांकि २०१९ के चुनाव में बीजेपी की स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को इस सीट से हराया था। स्मृति इस चुनाव में भी अपनी भारी जीत के दावे के साथ बार-बार राहुल गांधी को यहां से चुनाव लड़ने के लिए ललकार रही हैं। कांग्रेसी भी चाहते हैं कि अमेठी सीट से राहुल गांधी लड़ें ताकि सियासी गलियारों में इन चर्चाओं पर विराम लगे कि गांधी परिवार ने उत्तरप्रदेश छोड़ दिया है।

वहीं रायबरेली सीट पर भी कांग्रेस कशमाकश में है। रायबरेली भी गांधी परिवार की परम्परागत सीट रही है। यहां से सांसद रहीं सोनिया गांधी के राज्यसभा में चले जाने से रयबरेली से उम्मीदवारी को लेकर तरह-तरह की अटकलें चल रही हैं। इस इंतजार में बीजेपी भी उम्मीदवार घोषित नहीं कर रही है। इस सीट से कभी प्रियंका गांधी का नाम चल रहा है तो कभी कांग्रेस के मलिकार्जुन खड़गे का। पिछले दिनों खड़गे ने यह कहकर चर्चाओं को और हवा दे दी थी कि कांग्रेस, अमेठी और रायबरेली में सरप्राइज देगी। फिलहाल कांग्रेसी और भाजपाई भी कांग्रेस के ऐलान का इंतजार कर रहे हैं।

उधर, उत्तरप्रदेश की कैसरगज सीट पर बीजेपी का असमंजस भी खत्म नहीं हुआ है। इस सीट से वर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह के टिकट को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों से घिरे बृजभूषण को अदालत से राहत नहीं मिली है। ऐसे में कहा जा रहा है कि बीजेपी उनके परिवार के किसी सदस्य या किसी करीबी को टिकट दे सकती है। कई लोगों का कहना है कि बृजभूषण की दावेदारी अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई। बीजेपी इस सीट पर फूंक-फूंक कर कदम बढ़ा रही है।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग।
उप श्रमायुक्त का कार्यालय, बोकारो।

**Heat Wave** से बचाव के संबंध में आवश्यक सूचना।
नियोजक / मुख्य नियोजक / संवेदक ध्यान दें।

वर्तमान में Heat Wave का प्रकोप जारी है। कार्यरत श्रमिकों के कार्य स्थलों पर निम्न सुविधाएं उपलब्ध कराकर इससे बचा जा सकता है:–

1. सभी कार्य स्थलों पर शीतल पेयजल के लिए प्याउ की सुविधा उपलब्ध कराना।
2. औद्योगिक क्षेत्र / नगरीय क्षेत्र / खनन क्षेत्र एवं मनरेगा क्षेत्र के सभी श्रमिकों के लिए आश्रय स्थलों पर शुद्ध पेयजल, छौंछ, First Aid Kit With Ice Pack के साथ पर्याप्त मात्रा में ORS की व्यवस्था कराना।
3. धूप से बचने संबंधी सावधानी बरतना।
4. Peak Hour में कठिन कार्य के समय को सुविधानुसार परिवर्तित किया जाना।
5. बाहरी गतिविधियों में आराम के समय एवं उनकी आवृत्ति में अभिवृद्धि कराना।
6. उच्चताप वाले क्षेत्रों में हल्के कार्यों को कम समय के लिए दिया जाना।
7. गर्भवती महिलाओं एवं Medical Condition वाले श्रमिकों को अत्यधिक ध्यान दिया जाना।
8. श्रमिकों को Heat Wave Alert की सूचना समय–समय पर मुहैया कराना।
9. निर्माण संस्थानों (स्थल) / उद्योग संस्थानों / वाणिज्यिक संस्थानों / मनरेगा श्रमिकों को Heat Wave से संबंधित बीमारियों के संबंध में प्रशिक्षण देना।
10. समय–समय पर स्वास्थ्य कैंप अपने प्रतिष्ठान में लगवाना।

ह0
श्रम अधीक्षक,
बोकारो।

PR 324202 Labour Employment and Traning(24-25)D



EAST CENTRAL RAILWAY

Ref.- EOI Notice No. C.710/0/GCT/ BHKD/DHN/24 dtd. 01.04.2024.

शुद्धिपत्र - 2

उपरोक्त के संबंध में यह सूचित किया जाता है।

| क्र. सं. | अपलोड किया गया दस्तावेज | शुद्धिपत्र |
|---|---|---|
| 1 | अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) जमा करने की तिथि 02.05.2024 को 12.00 बजे तक | अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) जमा करने की तिथि 07.05.2024 को 12.00 बजे तक |
| 2 | अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) खुलने की तिथि 02.05.2024 को 12.30 बजे | अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) खुलने की तिथि 07.05.2024 को 12.30 बजे |
| | अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी। | पहले से अपलोड किए गए मैप के अलावा, एक अतिरिक्त मैप BHKD R1. भी अपलोड किया गया है। EOI जमा करने के लिए दोनों मैपो पर विचार किया जा सकता है। |

पीआर/00182/डीएचएन/सीओएमएल/सी/24-25/40 — सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक/पूर्व मध्य रेल/धनबाद

# झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत, नगद के साथ शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र भी मिले

रांची (ससे): निर्वाचन सदन स्थित सभागार में झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विजेताओं को नगद के साथ शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। झारखंड वोटर अवेयनेस कॉन्टेस्ट के माध्यम से मतदाताओं तक चुनाव आयोग की पहुंच बढ़ी है। कॉन्टेस्ट में रील्स, शार्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कहा कि प्रतिभागियों की रचनात्मकता से मतदाताओं में जागरूकता आएगी। साथ ही झारखंड का वोटिंग प्रतिशत भी बढ़ेगा। झारखंड में लगातार चल रहे विभिन्न मतदाता जागरूकता अभियानों से भी लोकसभा चुनाव २०२४ में झारखंड का मतदान प्रतिशत बेहतर होने की संभावना है।




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट की परिकल्पना काफी पहले की गई थी। इस कॉन्टेस्ट में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं ने रचनात्मक कार्य किया है। उन्होंने प्रतिभागियों को कॉन्टेस्ट में सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने इस अवसर पर कहा कि झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में प्रतिभागियों के भाग लेने से मतदान के लिए प्रचार-प्रसार बढ़ा है।

मतदाताओं में जागरूकता बढ़ी है। सभी मतदाता मतदान केन्द्र पर पहुंचकर मतदान करेंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु सार्थक पहल करने की अपील की। पुरस्कार वितरण में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने विषय प्रवेश कराया। कार्यक्रम का संचालन सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता ने किया। झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में झारखंड सहित दूसरे राज्यों से भी प्रविष्टियां आईं थीं।

शार्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो, रील्स एवं पोस्टर मेकिंग कैटेगरी में प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान भी विजेता प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

**चार कैटेगरी में बंटा था झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट**

झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट चार कैटेगरी में बंटा था। इसमें शार्ट फिल्म कैटेगरी में रंजीत कुमार को प्रथम पुरस्कार के रूप में ५० हजार रुपये नगद के साथ शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं म्यूजिक वीडियो कैटेगरी में सोलोमोन दास को प्रथम पुरस्कार के रूप में ५० हजार रुपये नगद, रील्स कैटेगरी में प्रथम अजय कुमार को १० हजार रुपये, पोस्टर कैटेगरी में प्रथम सूरज कुमार को १५ हजार रुपये नगद के साथ शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया।

उपरोक्त चार कैटेगरी, अलग-अलग सब कैटेगरी में विभक्त था। इन सभी कैटेगरी के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के साथ स्पेशल मेंशन के कुल ४१ विजयी प्रतिभागियों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा नगद, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

## रांची लोकसभा सीट के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

रांची (ससे): रांची लोकसभा सीट के चुनाव के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी हो गई। अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र भरने का काम भी शुरू हो गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि झारखंड में तीसरे चरण के तहत हो रहे लोकसभा चुनाव के तहत रांची लोकसभा सीट पर भी चुनाव सुनिश्चित है। उन्होंने बताया कि २९ अप्रैल से आगामी ६मई तक नामांकन पत्र दाखिल किया जा सकता है, जबकि ७ मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि ९ मई तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे।

आगामी २५ मई को रांची लोक सभा सीट के लिए मतदान की तिथि निर्धारित है, जबकि मतों की गणना ४ जून को होगी। उन्होंने बताया कि ६ जून को पूरी चुनावी प्रक्रिया संपन्न हो जाएगी।इस मौके पर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने अपील करते हुए कहा कि रांची संसदीय क्षेत्र में २५ में को मतदान की तारीख तय की गई है। इस दिन रांची के जागरूक मतदाता अधिक से अधिक अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान केन्द्रों तक पहुंचे और मताधिकार का प्रयोग करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि परिवार के सदस्यों के साथ लोग मतदान करें और मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक हो इसे सुनिश्चित करें।

## जेएमएम नेता अंतू तिर्की समेत अन्य भेजे गए जेल

रांची (ससे): जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार जेएमएम नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय और इरशाद अख्तर को १२ दिनों की पूछताछ के सोमवार को जेल भेज दिया गया। पुलिस रिमांड की अवधि समाप्त होने चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

## रांची में पहले दिन 8 अभ्यर्थियों ने खरीदा नाम-निर्देशन पत्र, एक अभ्यर्थी ने दाखिल किया पर्चा

रांची (ससे): लोकसभा चुनाव २०२४ के छठे चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी होते ही रांची संसदीय क्षेत्र से सोमवार को ८ अभ्यर्थियों द्वारा नाम-निर्देशन पत्र खरीदा गया।



अभ्यर्थियों के नाम- १. मनोरंजन भट्टाचार्य, निर्दलीय २. संजय सेठ, भारतीय जनता पार्टी ३. मिंटू पासवान, एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ४. रामहरि गोप, एपीआई ५. धर्मेन्द्र तिवारी, भारतीय जनतंत्र मोर्चा ६. हरिनाथ साहू, लोकहित अधिकार पार्टी (झा) ७. पंकज कुमार रवि, (पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक) ८. मनोज कुमार, निर्दलीय।

एक अभ्यर्थी ने दाखिल किया नामांकन

रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के पहले दिन सोमवार को एक अभ्यर्थी ने अपना नामांकन दाखिल किया। सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के अभ्यर्थी मिंटू पासवान ने समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में नामांकन दाखिल किया। गौरतलब है कि समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कमरा संख्या-३१२ से नामांकन पत्र सुबह १० बजे से शाम ५ बजे तक प्राप्त किया जा सकेगा। जबकि निर्वाची पदाधिकारी के कक्ष (ब्लॉक-ए स्थित कमरा संख्या-२०२) में रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष सुबह ११ बजे से दोपहर ३ बजे तक नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

## ट्रेनों में स्थाई रूप से कोच संयोजन मे वृद्धि

रांची (ससे): यात्रियों की सुविधा हेतु ट्रेन संख्या १३४०३/१३४०४ रांची-भागलपुर-रांची में स्थाई रूप से कोच संयोजन मे वृद्धि की गयी है। ट्रेन संख्या १३४०३ रांची-भागलपुर ट्रेन में यात्रा प्रारम्भ दिनांक ०१-०५-२०२४ से द्वितीय श्रेणी स्लीपर क्लास का ०१ अतिरिक्त कोच स्थायी तौर पर लगाया जाएगा।ट्रेन संख्या १३४०४ भागलपुर-रांची एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा प्रारम्भ दिनांक ३०-०४-२०२४ से द्वितीय श्रेणी स्लीपर क्लास का ०१ अतिरिक्त कोच स्थायी तौर पर लगाया जाएगा। स्थाई रूप से कोच संख्या मे वृद्धि के पश्चात इन ट्रेनों का कोच संयोजन निम्नानुसार होगा: एल एस आर डी के ०२ कोच, सामान्य श्रेणी के ०५ कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के ०८ कोच, वातानुकूलित ३-टियर के ०३ कोच एवं वातानुकूलित २-टियर के ०२ कोच कुल २० कोच होंगे।

## ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

रांची (ससे): नशे के सौदागरों के खिलाफ रांची पुलिस ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है पिछले एक महीने के दौरान रांची पुलिस ने नशा कारोबार के खिलाफ अलग-अलग थाना क्षेत्र में छापेमारी कर इस कारोबार से जुड़े ९० से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम किया है। इसी कड़ी में सोमवार को एसएसपी चंदन कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई की। टीम ने लालपुर थाना क्षेत्र से दो युवक को ०६.१३ ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है जिनमें अंकित लकड़ा और नितिन खलखो शामिल है। दोनों गिरफ्तार हुए युवक का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है।

## नाम वापसी के बाद चार सीटों के पहले चरण के चुनावी दंगल में 45 उम्मीदवार डटे, पांचवें और छठे चरण का नामांकन जारी

रांची (ससे): चौथे चरण के लोकसभा चुनाव के तहत सोमवार को नामांकन वापसी के अंतिम दिन झारखंड की चार लोकसभा सीटों के लिए कुल ४५ उम्मीदवार चुनावी मैदान में है।



नामांकन वापसी के बाद सिंहभूम लोकसभा सीट के १४ उम्मीदवार, खूंटी लोकसभा सीट के लिए ७, लोहरदगा में १५ और पलामू लोकसभा सीट के लिए ९ उम्मीदवार चुनावी मैदान में बचे हुए है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पांचवें चरण के तहत झारखंड के चतरा लोकसभा सीट के लिए अब तक चार उम्मीदवार, कोडरमा में दो प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है जबकि हजारीबाग लोकसभा सीट के लिए अभी तक किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन का पर्चा दाखिल नहीं किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए अब तक एक प्रत्याशी ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। उन्होंने बताया छठे चरण के चुनाव के तहत गिरिडीह धनबाद रांची और जमशेदपुर लोकसभा सीट के लिए भी नामांकन सोमवार से शुरू हो गया है। रांची लोक सभा सीट के लिए अब तक एक प्रत्याशी ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। जमशेदपुर लोक सभा सीट के लिए एक प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया है।

जबकि गिरिडीह और धनबाद लोकसभा सीट के लिए अभी तक किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन का पर्चा अभी तक दाखिल नहीं किया है।

## रेवन्ना से जुड़े सेक्स स्कैंडल को लेकर कर्नाटक में नया विवाद

### शिकायतकर्ता बोली-फल देने के बहाने छूते और साड़ी की पिन निकाल देते थे

बेंगलुरु (ईएमएस): पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा के पोते और हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े सेक्स स्कैंडल को लेकर कर्नाटक में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. नागलक्ष्मी ने एक पत्र लिखा था, जिसके बाद कर्नाटक सरकार ने जांच के लिए एसआईटी का गठन किया।

सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कई वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। रेवन्ना के घर पर काम करने वाली एक महिला ने इसे लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। महिला की शिकायत पर प्रज्वल रेवन्ना और उनके पिता एचडी रेवन्ना के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें यौन उत्पीड़न का आरोप लगाए गए। हालांकि, प्रज्वल रेवन्ना ने भी इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है जिसमें उन्होंने दावा किया कि इस वायरल वीडियो में छेड़छाड़ की गई है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बीच मतदाताओं को भटकाने के लिए विपक्ष द्वारा ऐसा किया जा रहा है।

एचडी रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के बेटे हैं। वह होलेनरासीपुर के विधायक भी हैं। वहीं, प्रज्वल रेवन्ना मौजूदा सांसद हैं। प्रज्वल हासन लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार हैं, जहां २६ अप्रैल को मतदान हुआ था। रेवन्ना के घर पर काम करने वाली महिला ने शिकायत में कहा कि वह रेवन्ना की पत्नी भवानी की रिश्तेदार हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि काम शुरू करने के ४ महीने बाद से ही रेवन्ना उनका यौन उत्पीड़न करने लगे और प्रज्वल उसकी बेटी को वीडियो कॉल करके अश्लील बातें करते थे। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उनके साथ-साथ उनके परिवार के अन्य सदस्यों की जान को भी खतरा है।

शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को बताया कि उसने दूसरी पीड़ितों की आपबीती सुनाने वाले वीडियो देखे। इसके बाद उसने पिता-पुत्र के खिलाफ आवाज उठाने का फैसला लिया। महिला ने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना उसे अपने क्वार्टर पर बुलाते थे। यहां तक कि पुरुष सहकर्मियों ने भी हमें सावधान रहने को कहा था। महिला का आरोप है कि एचडी रेवन्ना और प्रज्वल रेवन्ना ने अपने घरों में महिला कर्मियों का यौन उत्पीड़न किया। उन्होंने कहा, जब भी एचडी रेवन्ना की पत्नी घर पर नहीं रहती तब वह महिलाओं को स्टोर रूम में बुलाते थे। यहां पर फल देते समय उन्हें छूते थे। वह उनकी साड़ी की पिन भी निकाल दिया करते थे और फिर महिलाओं का यौन उत्पीड़न करते थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक शिकायतकर्ता ने दावा किया कि प्रज्वल रेवन्ना ने वीडियो कॉल पर उनकी बेटी से भी दुर्व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि वह मेरी बेटी को बार-बार कॉल करता था। इससे परेशान होकर उसने उनका नंबर ब्लॉक कर दिया। इस बीच पुलिस सूत्रों ने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना देश से बाहर जा चुके हैं। रेवन्ना की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्हें कड़ी सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने इन महिलाओं के साथ जो किया है उसके लिए उन्हें फांसी दी जानी चाहिए।

## जनता दल यूनाइटेड ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को सहयोग करने का औपचारिक ऐलान किया

रांची (ससे): जनता दल यूनाइटेड ने सोमवार को लोकसभा चुनाव में भाजपा को सहयोग करने का औपचारिक ऐलान किया ।रांची में आयोजित प्रदेश कार्य समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद खीरू महतो ने कहा कि झारखंड में एनडीए गठबंधन के तहत काम करेगी।

उन्होंने कहा कि जदयू कार्यकर्ताओं की शिकायत थी कि लोकसभा चुनाव के दौरान गठबंधन में उन्हें सम्मान नहीं दिया जा रहा है। बैठक के बाद यह तय हुआ कि अब किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि फिलहाल चुनाव प्रचार के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का झारखंड दौरा नहीं होने वाला है।

## वंदे भारत ट्रेन के सूरत रेलवे स्टेशन पर गेट नहीं खुलने से 1 घंटे तक फंसे रहे यात्री

सूरत (ईएमएस): अहमदाबाद से सूरत जा रही वंदे भारत ट्रेन के सूरत रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के बाद तकनीकि कारणों से उसके गेट नहीं खुलने से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गईं। काफी समय बाद आखिरकार मैन्युअली ट्रेन के गेट खोले गए। इस दौरान करीब एक घंटे तक यात्री ट्रेन में फंसे रहे। वंदे भारत ट्रेन पहले भी कई बार जानवरों से टकराने से लेकर कई तरह से चर्चा में रही है। आज सुबह ८.२० बजे वंदे भारत ट्रेन को सूरत स्टॉप के कारण रोका गया। जहां यात्री एक घंटे तक ट्रेन में फंसे रहे। यह ट्रेन अहमदाबाद से मुंबई की ओर जा रही थी। सूरत रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के बाद ट्रेन के गेट नहीं खुले। जिससे यात्रियों को काफी देर तक परेशानी हुई।

## आईसीजी और एटीएस गुजरात ने 173 किलोग्राम मादक पदार्थ के साथ नाव जब्त की; 2 गिरफ्तार

नई दिल्ली (ईएमएस): भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) और गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने एक समन्वित प्रयास में अरब सागर में १७३ किलोग्राम मादक पदार्थ ले जा रही एक भारतीय नौका को जब्त कर लिया और इसमें शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते द्वारा दी गई विशिष्ट और विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, भारतीय तटरक्षक बल ने रणनीतिक रूप से संदिग्ध नाव को रोकने के लिए व्यापक निगरानी की। नाव को रोकने के बाद की जांच में खुफिया जानकारी की पुष्टि हुई। मछली पकड़ने वाली नाव और ड्रग्स की तस्करी में चालक दल के दो सदस्यों की भागीदारी थी। इस संबंध में आगे की जांच चल रही है। इस अभियान के तहत पिछले तीन वर्षों में भारतीय तटरक्षक बल ने मादक पदार्थों की तस्करी वाली ऐसी बारहवीं नौका को जब्त किया है।

## यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, अक्तूबर में शुरू होगी यात्री उड़ानें

नई दिल्ली (ईएमएस): अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से अक्तूबर २०२४ में यात्री उड़ानें शुरू होने जा रही है। इससे पहले हवाई अड्डे की प्रमुख शहरों से सीधे कनेक्टिविटी के लिए सड़क मार्गों से जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। जेवर में तैयार हो रहा नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा १५ जून तक यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ जाएगा जबकि हवाई अड्डे से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी के लिए अभी इंतजार करना होगा। दोनों को जोड़ने वाले ३१ किमी लंबे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का काम हरियाणा सीमा में शुरू तक नहीं हो पाया है। अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से अक्तूबर में यात्री उड़ानें शुरू हो जाएंगी। इससे पहले हवाई अड्डे की प्रमुख शहरों से सीधे कनेक्टिविटी के लिए सड़क मार्गों से जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। १५ जून तक यमुना एक्सप्रेसवे पर इंटरचेंज बनाकर इसे यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ दिया जाएगा। जिससे दिल्ली और आगरा जैसे शहरों से एयरपोर्ट की सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी।

निर्माणकर्ता कंपनी कि माने तो, यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाले इस हिस्से का ८० प्रतिशत काम हो चुका है बाकी को जल्द पूरा कर लिया जाएगा। वहीं दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए हरियाणा के बल्लभगढ से एयरपोर्ट तक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) कर रहा है। इसका २२ किमी का हिस्सा हरियाणा में और ९ किमी का हिस्सा उत्तर प्रदेश की सीमा में तैयार होना बाकि है। हरियाणा वाले हिस्से में काम शुरू नहीं हो सका है। करीब २११४ करोड़ की लागत से इस एक्सप्रेस-वे का निर्माण सितंबर २०२४ तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया था।

## पीएम नरेंद्र मोदी ने सब्जबाग दिखाकर झूठे वादों के पिटारे के माध्यम से ठगने का काम किया : जगदीश साहू

रांची (ससे): झारखंड प्रदेश काँग्रेस कमेटी के प्रवक्ता जगदीश साहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विफलता , इलेक्टोरल बॉड के माध्यम से २५० करोड़ रूपयों का चंदा लेकर धंधा दिए जाने और जनता से किए गए वादों को पूरा नहीं किए जाने, विकास की बजय विभाजन एवं विनाश की तरफ ले जाने वाली नीतियों पर कड़ा प्रहार किया है।

जगदीश साहू ने प्रधानमंत्री द्वारा अनेक अवसरों पर कांग्रेस के विरुद्ध अशोभनीय विषवमन किए जाने को इनकी हताशा का परिचायक बनाते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में ऐसी किसी बात का उल्लेख नहीं है जिससे देश की जनता के दिलो-दिमाग में भ्रामक संदेश फैले।

प्रदेश प्रवक्ता ने कहा, कि पीएम नरेंद्र मोदी ने पिछले दस वर्षों में जनता को सब्जबाग दिखाकर झूठे वादों के पिटारे के माध्यम से ठगने का काम किया है।' जगदीश साहू ने भारतीय जनता पार्टी नीत गठबंधन वाली सरकार के मुखिया पीएम नरेन्द्र मोदी के द्वारा देश की जनता को अपने शब्द जाल में फंसाने, मुसलमानों के बीच भय फैलाकर की हिन्दु वोटों को हासिल करने की घृणित कोशिश की तीव्र भर्तसना करते हुए कहा कि श्री मोदी का यह कहना कि कांग्रेस सत्ता में आयी तो खुलेआम गो-हत्याएं होगी।

जबकि खुद इसकी सरकार के कार्यकाल में गो-कशी करने वालों से २५० करोड की राशि और औषधि निर्माण कंपनियों से ८४ करोड़ रूपयों की इलेक्ट्रोल बॉन्ड के माध्यम से रकम ली गयी, जबकि ऐसी कम्पनियों की दवाइयों बेकार साबित हुई और लैब जांच में असफलत हो गई थी।

जगदीश साहू ने पिछले १० वर्षों की सरकार को जुमलों सरकार की संज्ञा देते हुए कहा कि देश की प्रबद्ध जनता अब जुमलों की सरकार की असलियत को समझ चुकी है वर्ष २०२४ में सम्पन्न हो रहे लोकसभा चुनावों में मुंहतोड़ जवाब देगी।

कांग्रेस प्रवक्ता ने इंडिया गठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक दलों से मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील करते हुए कहा कि देश में साम्प्रदायिक सौहार्द, विकास की तरफ ले जाने वाली नीतियों की सरकार बनाने में एकजुटता का परिचय दें। यही देश को बचाने के लिए समय की मांग और सच्चा राष्ट्रधर्म होगा।

## व्यय अनुश्रवण पर्यवेक्षक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

रांची (ससे): व्यय अनुश्रवण पर्यवेक्षक, वीरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा सोमवार को को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में रांची लोकसभा क्षेत्र में लोकसभा आम चुनाव २०२४ के दौरान व्यय अनुश्रवण हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उप विकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव, व्यय अनुश्रवण कोषांग प्रभारी, सज्जन पाण्डेय एवं कृष्णा प्रसाद, कॉल सेंटर प्रभारी, सूचित कुमार, एमसीएमसी कोषांग पदाधिकारी, उर्वशी पाण्डेय, सहायक निर्वाची पदा०, काँके, मुकेश कुमार एवं अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।बैठक में व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह-उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव द्वारा व्यय अनुश्रवण से संबंधित संक्षिप्त जानकारी दी गई।व्यय पर्यवेक्षक द्वारा सभी कोषांग के पदाधिकारियों से की गई कार्रवाई एवं आगामी कार्य योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी लेते हुए उन्हें निर्देश दिया गया कि निर्वाचन आयोग द्वारा व्यय पर्यवेक्षक हेतु निर्गत दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करें । साथ ही उनके द्वारा की गई कार्रवाई एवं आगामी कार्ययोजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

व्यय पर्यवेक्षक के दिए गए निर्देश:-

(१) सभी सहायक व्यय पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में कार्यशील निगरानी दलों का औचक निरीक्षण करना सुनिश्चित करें, साथ ही इन दलों का स्थान परिवर्तन हो, इसे भी सुनिश्चित किया जाए। सहायक व्यय पर्यवेक्षकों को यह भी निर्देश दिया गया कि अपने क्षेत्र के सभी उड़न दस्ता, वीडियो निगरानी दल एवं स्थैतिक निगरानी दल के साथ समन्वय स्थापित करते हुए दैनिक रिपोर्ट प्राप्त कर उपलब्ध कराएं। साथ ही कैंडिडेट के सभी सभा, रैलियों पर नजर रखना सुनिश्चित करेंगे।

(२) वीडियो और अवलोकन दल:- इन दलों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया गया कि उपलब्ध कराए गए सीडी का समुचित अवलोकन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें ताकि किसी रैली सभा में किया गया व्यय शामिल हो सके।

(३) लेखा जाँच -व्यय पर्यवेक्षक के द्वारा लेखा जाँच दल को निर्देश दिया गया कि किसी कैंडिडेट के व्यय का लेखा तैयार करने के दौरान डजठ तथा ऋजए समुचित तरीके से तैयार किया जाय, किसी भी व्यय से संबंधित साक्ष्य का ऋजए में आवश्यक रूप से अंकन किया जाय।

(४) कॉल सेंटर-जिला नियंत्रण कक्ष में स्थापित कॉल सेंटर टोल फ्री नंबर-१८००३४५३३३३ का व्यापक प्रचार- प्रसार करने का निर्देश दिया गया ताकि आमजन आचार संहिता के उल्लंघन एवं व्यय अनुश्रवण संबंधी शिकायत ससमय उक्त नंबर पर कर सकें।

# संपादकीय

## गर्मी और शादी का मौसम कर रहा चुनावों को प्रभावित

यह न तो हिंदुत्व का उभार था और न ही किसी राजनीतिक दल की लहर, बल्कि 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान में शादी के मौसम में निहित गर्मी का असर उन राज्यों में 1 जून को समाप्त होने वाले बाकी 5 चरणों के दौरान भी जारी रह सकता है। राजस्थान जैसे रेगिस्तानी राज्य में पारा 45 सैल्सियस तक पहुंच गया है। दूसरे चरण का मतदान 89 लोकसभा सीटों के लिए हुआ और मौसम विभाग ने ई.वी.एम. के कामकाज को प्रभावित करने के अलावा 30 से अधिक सीटों पर लू की स्थिति की भविष्यवाणी की है, जो भारत के चुनाव आयोग के लिए चिंताजनक हो सकती है। विवाह समारोहों को संपन्न करने के लिए अनुकूल तिथियों में परंपरा और विश्वास को देखते हुए, मई का महीना 2, 4, 8, 10, 11, 15, 16, 20, 21, 22 सहित शुभ दिनों (शुभ मुहूर्त) से भरा हुआ है। , 27, 29, 30 और 1 जून, जिसके बाद 5 महीने की अशुभ अवधि नवंबर 2024 तक बढ़ जाएगी। ज्योतिषियों के अनुसार, 'गुरु उदय' 29 अप्रैल से शुरू होगा और लोग अप्रैल और मई में विवाह का आयोजन कर सकते हैं जिसमें मतदान की 2 तारीखें 20 मई (पांचवां चरण) और 1 जून (मतदान का अंतिम चरण) शामिल हैं। उनका मानना है कि 'खरमास' 14 अप्रैल को समाप्त हो गया है, जिसके बाद 15 दिनों का अंतराल आता है। उनका तर्क है कि अप्रैल 2023 बृहस्पति की चाल के कारण विवाह समारोहों के लिए एक बुरा समय था। यह एक स्थापित तथ्य है कि संबंधित परिवार एक वर्ष या उससे अधिक पहले से शादी की योजना बनाते हैं। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के अनुसार, इन व्यस्तताओं और अन्य महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय कार्यों के मद्देनजर 7 चरण के मतदान की तारीखों को अंतिम रूप दिया गया है, लेकिन कई बार थकान अगले कुछ दिनों में मतदान करने के इरादे पर हावी हो सकती है।



विशेषज्ञ इस बात पर एकमत हैं कि 2014 की 'मोदी लहर' और 2019 के 'राष्ट्रवाद के बवंडर' के विपरीत, पहले चरण के मतदान के दौरान भाजपा के पक्ष में लहर गायब थी, हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोई कसर नहीं छोड़ी। गठबंधन द्वारा निर्धारित '400 सीटों' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अभियान की गति को बनाए रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई। 39 सीटों वाले तमिलनाडु में 2019 में 72.4 प्रतिशत के मुकाबले 67.2 प्रतिशत मतदान हुआ और राजस्थान में भी मतदान 64 प्रतिशत (2019) से घटकर 2024 में 57.3 प्रतिशत हो गया। पश्चिम बंगाल में मतदान 72 प्रतिशत दर्ज किया गया और यहां 3 से 4 प्रतिशत की गिरावट आई।

भाजपा-प्रभुत्व वाले पूर्वोत्तर राज्यों में भारी मतदान हुआ, जिनमें मेघालय में 74.5 प्रतिशत, मणिपुर में 69.2 प्रतिशत, असम में 72.3 प्रतिशत, अरुणांचल प्रदेश में 67.7 प्रतिशत और छोटे राज्य त्रिपुरा में 80.6 प्रतिशत मतदान हुआ। भाजपा के पास राजस्थान और मध्य प्रदेश में मतदान प्रतिशत में गिरावट पर चिंतित होने का तर्क है, जहां वह मजबूत है और दोनों राज्यों पर शासन कर रही है।

अग्निवीर योजना का सीधा नकारात्मक असर राजस्थान पर पडने के साथ ही किसानों के आंदोलन का भी असर पड़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि मतदान में गिरावट की तुलना करने पर राजस्थान के गंगानगर, जोकि कृषि आंदोलन के केंद्रीय केंद्रों में से एक है, और झुंझुनू जैसे स्थानों में उल्लेखनीय कमी आई है, जहां महत्वाकांक्षी युवाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अग्निपथ योजना से मोहभंग व्यक्त कर रहा है।

## सोशल मीडिया से...



कांग्रेस के शहजादे को हमारे राजा-महाराजाओं के योगदान याद नहीं आते। ये वोटबैंक की राजनीति के लिए राजा-महाराजाओं के खिलाफ बोलने की हिम्मत करते हैं और नवाबों, बादशाहों और सुल्तानों के खिलाफ एक शब्द बोलने की ताकत नहीं है।

**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री



संघ ने कभी भी कुछ खास वर्गों को दिए जाने वाले आरक्षण का विरोध नहीं किया है। संघ का मानना है कि जब तक जरूरत है, आरक्षण जारी रहना चाहिए। कुछ लोग संगठन के विपरीत विचार वाले झूठे वीडियो फैला रहे हैं।

**मोहन भागवत**, आरएसएस प्रमुख



ममता बनर्जी की सरकार में तृणमूल कांग्रेस के शेख शाहजहां जैसे असामाजिक तत्व संदेशखाली में महिलाओं के अस्तित्व के लिए खतरा बने हुए हैं। ममता बनर्जी की सरकार अराजकता फैला रही है। बंगाल में महिलाओं के सम्मान और गरिमा की रक्षा के लिए गए जांच एजेंसियों के अधिकारियों पर हमला किया गया।

**जेपी नड्डा**, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष



लोगों ने मौजूदा सरकार की नाटकीयता को देखा है और उन्हें अपना नया मंत्र दिया है- अबकी बार आप की सरकार, अबकी बार जनता की सरकार। हर शादी में एक अंकल होते हैं जो हर चीज जानने का दावा करते हैं और सबको ज्ञान देते हैं।

**प्रियंका गांधी वाड्रा**, कांग्रेस महासचिव

### आज का कार्टून




## ईवीएम के नाम पर अराजकता फैलाने की कोशिश नाकाम

**इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के जरिए चुनावों को लेकर 2014 से ही सवाल उठा रही कांग्रेस इस बीच मध्यप्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश जैसे कई राज्यों में विधानसभा चुनाव जीती, आम आदमी पार्टी भी इन्हीं वोटिंग मशीनों के जरिए हुए मतदान में पंजाब और दो बार दिल्ली में भारी बहुमत से विधानसभा चुनाव जीती है। इसके बावजूद चुनाव आयोग को चुनौती देते हुए आम आदमी पार्टी ने एक बार दिल्ली विधानसभा में वोटिंग मशीनों में गड़बड़ी की आशंकाओं का प्रदर्शन किया, जिसमें एक डुप्लीकेट वोटिंग मशीन का इस्तेमाल किया गया था। उसके बाद जब चुनाव आयोग ने दिल्ली विधानसभा में डुप्लीकेट मशीन से गड़बड़ी की आशंका दिखाने वाले विधायक (जो अब मंत्री हैं) सौरभ भारद्वाज को आयोग में बुला कर प्रदर्शन करने की चुनौती दी थी, तो वह आयोग के सामने पेश नहीं हुए थे। जो दूसरे दलों के नेता, वकील और इंजीनियर आयोग के सामने पेश हुए, वे ईवीएम में किसी भी गड़बड़ी का प्रदर्शन नहीं कर पाए थे।**

**अजय सेतिया**

सुप्रीमकोर्ट की दो जजों की बेंच ने बैलट बॉक्स के जरिए चुनाव करवाने या सभी बूथों पर वीवीपेट (वोटर वेरिफिकेशन पेपर ऑडिट ट्रेल) लगा कर सभी वीवीपेट पर्चियों की गिनती करवाने की दोनों याचिकाएं खारिज कर दी हैं। याचिका में मांग की गई थी कि वीवीपेट की पर्ची वोटर को उसके हाथ में थमानी चाहिए, जिसे वह बैलट बॉक्स में डाले। सुप्रीमकोर्ट ने सभी बूथों पर वीवीपेट लगाने और पर्ची वोटर को थमाने की मांग भी ठुकरा दी। आज जो भारतीय जनता पार्टी वोटिंग मशीनों की जोरदार वकालत करती दिखाई देती है, उसने भी 2009 का चुनाव हारने के बाद वोटिंग मशीनों पर सवाल उठाए थे। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस 2014 का चुनाव हारने के बाद लगातार वोटिंग मशीनों से चुनाव पर सवाल उठाती रही है।

हालांकि सुप्रीमकोर्ट के फैसलों और राजनीतिक दलों की मांग पर 2014 में पहली बार आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में वीवीपेट भी लगाई गई थी, जिसने ईवीएम मशीनों के सुरक्षित होने की पुष्टि की थी। इसके बाद वीवीपेट को हर विधानसभा क्षेत्र के चार बूथों पर लगाया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक मशीनों की निर्माता कंपनियों इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड हैदराबाद और भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड बेंगलुरु ने बार बार कहा है कि उनकी बनाई इलेक्ट्रॉनिक मशीनें पूरी तरह विश्वसनीय और सुरक्षित हैं।

चुनाव आयोग और निर्माता कंपनियां हर आशंका का निवारण करती रही, जैसे मशीनों को न हैक किया जा सकता है, न उनमें कोई छेड़छाड़ की जा सकती है। ईवीएम में रेडियो फ्रिक्वेंसी ट्रांसमिशन डिवाईस की कोई सुविधा नहीं है कि कोई गड़बड़ी की जा सके। इसके बावजूद विभिन्न राजनीतिक दल इस पर सवाल उठाते रहे।

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का ट्रायल अस्सी के दशक में शुरू हो गया था, जिसका इस्तेमाल सबसे पहले 1982 में केरल की परूर विधानसभा सीट पर 50 मतदान केन्द्रों पर हुआ था। इस पर जब कई कानूनी सवाल उठाए गए तो सुप्रीमकोर्ट ने उस चुनाव को खारिज कर दिया था। 1989 में संसद से जन प्रतिनिधित्व क़ानून में संशोधन करके ईवीएम के इस्तेमाल का रास्ता खोला गया। 1993 में खुद कांग्रेस सरकार ने नोटिफिकेशन जारी किया। इसके बाद भी 1998 में ईवीएम पर राजनीतिक सहमति बनी, तब मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ की 25 विधानसभा सीटों पर पहली बार ईवीएम का इस्तेमाल हुआ था।

2014 के बाद से विपक्षी दल, खासकर कांग्रेस वोटिंग मशीनों के जरिए चुनाव करवाने की प्रक्रिया बंद करके बैलट बॉक्स से चुनाव करवाने की पुरानी प्रक्रिया शुरू करने की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को इस मुद्दे पर राजनीतिक और कानूनी लड़ाई लड़ने का जिम्मा सौंपा हुआ था। इंडी एलायंस बनने के बाद दिल्ली में शरद पवार के घर पर हुई कोर कमेटी की बैठक में दिग्विजय सिंह की रहनुमाई में एक कमेटी बनी थी, जिसने चुनाव आयोग से मुलाक़ात कर अपनी आशंकाएं एक बार फिर उठाने का फैसला किया था। लेकिन चुनाव आयोग ने उन्हें मिलने का वक्त नहीं दिया तो विपक्ष ने इसे एक राजनीतिक मुद्दा बना लिया था।



सुप्रीमकोर्ट में दो तरह की याचिकाएं दाखिल की गई थीं। एक याचिका तो यह थी कि वोटिंग मशीनों का इस्तेमाल ही बंद किया जाए और दुबारा बैलट बॉक्स के जमाने में लौटा जाए, जैसे अभी भी अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपियन देशों में चुनाव होते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि दुनिया भर के देशों में ईवीएम से चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है, कई देशों में इसे प्रयोग के तौर पर शुरू किया गया है। सुप्रीमकोर्ट में ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल सिर्फ राजनीतिक दल ही नहीं, बल्कि एडीआर जैसे एनजीओ संगठन भी उठा रहे हैं। एडीआर ने ही अपनी याचिका में सभी वोटिंग मशीनों के साथ वीवीपेट लगा कर उनसे निकली पर्चियों की गिनती भी करने की मांग की थी। सुप्रीमकोर्ट ने दोनों याचिकाएं तो खारिज कर दीं, लेकिन विपक्ष की आशंकाओं को दूर करने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हर विधानसभा क्षेत्र के 5 प्रतिशत बूथों पर वीवीपेट मशीनें लगाई जाएँगी। पहली मई 2024 के बाद वीवीपेट मशीनों पर चुनाव निशान लोडिंग यूनिट्स को जस का तस सुरक्षित रखा जाएगा, जिन पर उम्मीदवार या उनका प्रतिनिधि दस्तखत करेगा।

साथ ही, चुनाव नतीजा घोषित होने के 45 दिन बाद तक वोटिंग मशीनों और वीवीपेट के चुनाव निशान लोडिंग यूनिट को सुरक्षित रखा जाएगा। ताकि अगर सबसे ज्यादा वोट हासिल करने वाले पहले तीन उम्मीदवारों में कोई उम्मीदवार सात दिन के भीतर चुनौती देता है, तो ईवीएम मशीन की निर्माता कंपनी के इंजीनियर उन मशीनों की जांच कर सकें। जांच का सारा खर्चा शिकायतकर्ता उम्मीदवार को उठाना होगा, लेकिन अगर उसकी शिकायत सही पाई गई तो खर्चा उसे लौटा दिया जाएगा। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता ने 18 अप्रेल को सुनवाई पूरी कर ली थी, लेकिन इन दोनों जजों ने चुनाव आयोग से कुछ तकनीकी सवाल पूछे थे, उनका जवाबी मिलने के बाद 26 अप्रेल को फैसला सुना दिया। क्योंकि 45 दिन तक डाटा सीलबंद सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया है इसका मतलब यह हुआ कि पहले दो चरणों में हुई वोटिंग वाले क्षेत्रों पर चुनाव आयोग का फैसला लागू नहीं हो सकता। सुप्रीमकोर्ट ने वोटिंग मशीन और वीवीपेट पर चुनाव निशान के साथ बारकोड जोड़ने की संभावना पर विचार करने को कहा है।

जस्टिस दत्ता ने अपने अलग से लिखे फैसले में बिना किसी राजनीतिक दल का नाम लिए कहा कि आँख मूंद कर चुनाव प्रणाली पर सवाल उठाना सही नहीं है, इससे बिना वजह अनुचित संदेह पैदा हो सकता है। कोई ठोस सबूत हो, तभी सवाल उठाए जाने चाहिए। जस्टिस दत्ता ने रचनात्मक सोच की बात भी कही है। जबकि सुनवाई के दौरान एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने अपनी दलीलों के दौरान भारत की चुनाव प्रणाली को ही सवालों के घेरे में खड़ा करने की कोशिश की। समाज के एक वर्ग में यह धारणा बन रही थी कि वोटिंग मशीनों पर सवाल उठा कर देश में अराजकता फैलाने की कोशिश की जा रही है। हालांकि सुप्रीमकोर्ट ने अपनी जजमेंट में ऐसी आशंका तो पैदा नहीं की, लेकिन जस्टिस दत्ता की टिप्पणी उसी ओर इशारा करती है।

इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनों के जरिए चुनावों को लेकर 2014 से ही सवाल उठा रही कांग्रेस इस बीच मध्यप्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश जैसे कई राज्यों में विधानसभा चुनाव जीती, आम आदमी पार्टी भी इन्हीं वोटिंग मशीनों के जरिए हुए मतदान में पंजाब और दो बार दिल्ली में भारी बहुमत से विधानसभा चुनाव जीती है। इसके बावजूद चुनाव आयोग को चुनौती देते हुए आम आदमी पार्टी ने एक बार दिल्ली विधानसभा में वोटिंग मशीनों में गड़बड़ी की आशंकाओं का प्रदर्शन किया, जिसमें एक डुप्लीकेट वोटिंग मशीन का इस्तेमाल किया गया था। उसके बाद जब चुनाव आयोग ने दिल्ली विधानसभा में डुप्लीकेट मशीन से गड़बड़ी की आशंका दिखाने वाले विधायक (जो अब मंत्री हैं) सौरभ भारद्वाज को आयोग में बुला कर प्रदर्शन करने की चुनौती दी थी, तो वह आयोग के सामने पेश नहीं हुए थे। जो दूसरे दलों के नेता, वकील और इंजीनियर आयोग के सामने पेश हुए, वे ईवीएम में किसी भी गड़बड़ी का प्रदर्शन नहीं कर पाए थे।

चुनाव आयोग ने समय समय पर विपक्ष को बुला कर उनकी आशंकाओं का समाधान करने की कोशिश भी की। लेकिन यह मामला बार बार अदालतों में जाता रहा। समय समय पर कुछ सुधार भी किए गए, जैसे मशीनों के साथ वीवीपेट जोड़े गए, जहां से एक पर्ची निकलती थी, जिससे पता चलता था कि वोट किसे दिया गया। हर निर्वाचन क्षेत्र के कुछ बूथों पर इन मशीनों को लगाया जाने लगा। चुनाव आयोग ने समय समय पर इन वीवीपेट पर्चियों का मशीन के नतीजे से मिलान करके भी देखा। चुनाव आयोग को कोई खामी कहीं नहीं मिली। पिछले लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग ने 4 करोड़ वीवीपेट पर्चियों का मिलान किया, उसे कहीं कोई खामी नहीं मिली थी।

## मन शांत होगा तो निर्णय लेने की क्षमता भी दृढ़ होगी

**व्यक्ति का अपना कोना उसका सृजन स्थल होता है जो उसका सर्वांगीण विकास करने में सहायक होता है। व्यक्तित्व विकास और मानसिक विकास के साथ-साथ व्यक्ति का सामाजिक विकास करने में भी उसका अपना कोना सहायता करता है। अमूर्त विचारों को मूर्त रूप देने, अपनी रुचियां परिष्कृत करने और मनन के लिए अपने एक कोने की जरूरत बहुत सारे लोगों को महसूस होती है, जहां संसार से कुछ देर के लिए दूर होकर आत्मिक उन्नति का आधार ढूंढ़ा और अपने मन को शांत, उसकी थकावट दूर की जा सके। अगर किसी के पास वह कोना है, तो बेहतर।**

**मेघा राठी**

संसार गतिमान है और उससे भी अधिक गतिमान है मानव का मन, जो विविध क्रियाकलापों में, अलग-अलग संदर्भों में उपजे विचारों में संलग्न रहता है। एक पल में एक स्थान पर है और दूसरे ही पल सुदूर यात्रा कर आता है। इस यात्रा के दौरान वह न जाने कितने ही ताने-बाने बुन लेता है। जबकि किसी छोटी-सी बात पर तो कई बार बड़ी-बड़ी बातों से प्रभावहीन रहता है।

सूर्य की पहली किरण निकलने से लेकर रात्रि में नींद में डूब जाने से पहले तक मन न जाने कितनी ही घटनाओं और वास्तविक वार्ताओं में सम्मिलित होता है और उनका प्रभाव या कुप्रभाव भी झेलता है। कई बार इन दोनों ही परिणामों का सामना तो लोग करते हैं, मगर इनके कारणों या स्रोत पर गौर करना या तो जरूरी नहीं समझते या फिर कारण खोज नहीं पाते। नतीजतन, हर अगली बार वैसी ही परिस्थितियां होने पर परिणाम भी लगभग वही होता है।

मन मनुष्य की जीवनशैली और व्यवहार को निर्धारित करता है। मन अच्छा और शांत होगा तो निर्णय लेने की क्षमता भी दृढ़ होगी। उचित और अनुचित का विचार कर, उसमें फर्क कर पाना और उसके मुताबिक निर्णय लेना आसान हो सकेगा। मन की मजबूती और निर्मलता व्यक्ति के प्रभामंडल पर भी अपना असर डालती है, जिसके कारण किसी व्यक्ति के 'औरा' यानी आभामंडल के संपर्क में आने वाले व्यक्ति उसके प्रति आकर्षण या विकर्षण का अनुभव कर पाते हैं। ऐसे उदाहरण अक्सर देखने को मिल जा सकते हैं, जिसमें कोई व्यक्ति अपनी अभिव्यक्ति, दृढ़ विचार के साथ भरोसे से भरा होता है और उसकी बातें अन्य लोगों पर गहरा प्रभाव डालती हैं। सवाल है कि मन को स्वस्थ और सकारात्मक कैसे रखा जाए? अच्छा अध्ययन और चिंतन मन को सबल बनाता है और इसके लिए जरूरी है कि मनुष्य के पास एक स्थान, एक कोना उसका अपना हो, ताकि उस स्थान पर वह शांत मन से बैठ सके, बिना किसी अन्य बातों की फिक्र किएज अपने विचार में किसी भी अन्य के दखल से अलग। ऐसी जगह, जहां व्यक्ति की अपनी जरूरत के मुताबिक तय वक्त में अनावश्यक ही कोई उसके एकांत में प्रवेश न कर सके।



जरूरी नहीं कि इस तरह का कोना किसी विशेष स्थान पर हो। यह कोना कहीं भी हो सकता है, घर में, किसी तालाब किनारे, किसी बाग में। जहां भी हृदय सारी आशंकाओं या बाधाओं से मुक्त होकर अपने आप से बात कर सके। ऐसी ही जगह मन को सबल बनाने के लिए उचित है। अपने उस कोने में व्यक्ति आत्मचिंतन करे, किताबें पढ़े या फिर खुद से बातें करे। अपने दिमाग में आए प्रश्नों या समस्याओं पर विचार करे, कोई समाधान निकाले।

या फिर अपने अच्छे बुरे पलों को याद करे, उससे मिले सबक के आधार पर जीवन में आगे के सफर की दिशा तय करे। हालांकि कुछ भी करना व्यक्ति की मनःस्थिति और इच्छा पर निर्भर है, मगर उस कोने में व्यक्ति खुद के साथ थोड़ा ऐसा समय व्यतीत कर पाता है, जो उसे परिपक्व बनाने में सहायता करता है, बशर्ते उसका मस्तिष्क स्वस्थ हो। ऐसी स्थिति में वह अपने लिए ही एक अच्छा सलाहकार बन कर अपनी या अपने मन की मदद कर सकता है।

जब व्यक्ति का स्वयं का एक कोना होता है, तब वह उस एकांत में खुद को पूर्ण रूप से प्रकट या अभिव्यक्त कर पाता है। किसी मौके पर दबाई गई भावनाओं के बरक्स अकेले में वह खुलकर रो या चिल्ला सकता है, ताकि मन का गुबार निकल जाए और हल्का होकर नई राह की तलाश की जा सके। यह छिपा नहीं है कि अपने परिजनों या मित्रों के सामने किसी भी कारणवश व्यक्ति कई बार अपनी भावनाएं उजागर नहीं कर पाता, लेकिन यह मनोविज्ञान का तंत्र है कि वे भावनाएं मन में फांस बनकर चुभती हैं, जिसका असर संबंधों और व्यवहार पर भी पड़ता है।

जबकि अपने कोने में व्यक्ति आत्मविश्लेषण कर पाता है, क्योंकि यहां उसे कोई भय नहीं होता कि इस रूप में देखकर कोई उसके विषय में क्या सोचेगा! ऐसे कोने में अगर किसी बात पर उसकी आंखें भर जाएं तो उसे अपने आंसू किसी से छिपाने की आवश्यकता नहीं होती।

शुरुआत में दुख, क्रोध, विद्वेष के भाव बादलों की तरह उमड़ते हैं, लेकिन कुछ समय के बाद जब वे पूर्ण रूप से बरस चुके होते हैं और मन हल्का अनुभव करने लगता है, तब बुद्धि जाग्रत होती है और मन को आलंबन देती है। विवेक शक्ति देता है निर्णय लेने और उचित-अनुचित के अंतर को समझने की।

व्यक्ति का अपना कोना उसका सृजन स्थल होता है जो उसका सर्वांगीण विकास करने में सहायक होता है। व्यक्तित्व विकास और मानसिक विकास के साथ-साथ व्यक्ति का सामाजिक विकास करने में भी उसका अपना कोना सहायता करता है। अमूर्त विचारों को मूर्त रूप देने, अपनी रुचियां परिष्कृत करने और मनन के लिए अपने एक कोने की जरूरत बहुत सारे लोगों को महसूस होती है, जहां संसार से कुछ देर के लिए दूर होकर आत्मिक उन्नति का आधार ढूंढ़ा और अपने मन को शांत, उसकी थकावट दूर की जा सके।

अगर किसी के पास वह कोना है, तो बेहतर। अगर नहीं है तो इसे खोजने की जरूरत है और अपने क्लांत मन को सुकून से भरने का प्रयास हर रोज करना चाहिए। व्यक्ति का कोना मात्र एक स्थान नहीं है, बल्कि यह एक ऊर्जा केंद्र है जो उसे ऊर्जावान रख कर जीवन की विभिन्न परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने का साहस देता है।



# इन आसान हैक्स से चुटकियों में चमकेगा आपका घर

हम सभी अपने घर को साफ-सुथरा रखना चाहते हैं। लेकिन, घर में जमी गंदगी को साफ करना आसान नहीं होता है। फ्रिज में जमी गंदगी हो या फिर खिड़कियों की गंदगी, घर के कई कोने ऐसे होते हैं, जहां गंदगी आसानी से जम जाती है। लेकिन, उसे साफ करने में काफी मुश्किल आती है। लेकिन जरा सोचिए! अगर यहां हम आपको कुछ ऐसे आसान हैक्स के बारे में बताएं, जिनकी मदद से आप चुटकियों में, घर की कुछ खास चीजों और जगहों को आसानी से साफ कर पाएंगी, तो कितना अच्छा रहेगा। जी हां, गंदा फ्रिज हो, फर्श हो या फिर खिड़कियां, कुछ आसान हैक्स आपका टाइम और पैसा दोनों बचा सकते हैं। चलिए आपको बताते हैं।

### गंदे फ्रिज को इस आसान तरीके से करें साफ

फ्रिज के गंदे रबड़ और दरवाजे को साफ करने के लिए, आपको एक कटोरी में गर्म पानी लेना है। अब इसमें सफेद सिरका और लिक्विड डिश सोप डालें। इसमें किसी सॉफ्ट रुमाल, स्पॉज या फिर तौलिये को डुबाएं। जब कपड़ा, पानी को अच्छे से सोख लें तो इससे फ्रिज के दरवाजे, रबर और अंदर की रैक को भी आप आसानी से साफ कर सकती हैं। ऐसा करते वक्त फ्रिज की पॉवर ऑफ कर दें। सफाई करने के बाद, कुछ देर के लिए, आप फ्रिज को खुला छोड़ दें।

### गंदे खिड़की-दरवाजों को ऐसे करें साफ

कांच के खिड़की-दरवाजे देखने में बेशक बहुत खूबसूरत लगते हैं। लेकिन, इन्हें साफ करना भी उतना ही मुश्किल होता है। यहां हम आपको एक आसान स्प्रे के बारे में बता रहे हैं। इसकी मदद से आप आसानी से खिड़की-दरवाजों को साफ कर पाएंगे। एक स्प्रे बोतल में एक चम्मच विनेगर, लिक्विड डिटर्जेंट और थोड़ा पानी लें। अब इसे कांच के खिड़की-दरवाजों पर स्प्रे करें और फिर स्पॉज की मदद से गिलास को रगड़ें। इसके बाद टिश्यू पेपर, वेट वाइप्स या तौलिये की मदद से आप इसे साफ करें।

### बाथरूम के फर्श को कैसे करें साफ

बाथरूम का फर्श जल्दी गंदा, स्मैली और चिकना हो जाता है। इसे भी आप एक आसान घरेलू नुस्खे की मदद से साफ कर सकती हैं। एक कटोरी में आधा कप बेकिंग सोडा और चौथाई कप नींबू का रस मिलाएं। इसका एक पेस्ट बना लें। इसे स्क्रबर की मदद से फर्श पर लगाकर लगभग आधे घंटे के लिए छोड़ दें। इससे फर्श की चिकनाई, बदबू और गंदगी तीनों ही दूर होंगे और बाथरूम का फर्श साफ हो जाएगा।



# सावधानी सुरक्षा का सबसे अहम कदम है

**सर्वेक्षण साबित करते हैं कि महिलाएं सार्वजनिक स्थानों पर कम भीड़ होने, सुनसान या अंधेरा रास्ता होने, ट्रेन की बोगी या बस में कम यात्री होने, रास्ता अनजान होने, नशीले पदार्थों की बिक्री के स्थानों के आसपास डर महसूस करती हैं।**

बसों, ट्रेनों आदि में महिलाओं के साथ छेड़खानी, यौन उत्पीड़न के मामले रोज़ाना सामने आते हैं। इनसे निपटने के लिए सुरक्षा उपकरण लगाए जाने, निगरानी के लिए कैमरे तथा मदद के लिए हेल्पलाइन नंबरों की व्यवस्था के सुझाव हैं और कई शहरों में इन पर अमल भी किया जा रहा है। लेकिन यह जानते हुए कि अपराधी अपनी परवरिश, अपने माहौल और अपनी सोच का शिकार होता है, उससे बचाव करना बेहतर उपाय है। आत्मरक्षा के पैंतरे सीखने के साथ-साथ चंद उपकरणों को साथ रखना अक्लमंदी होगी।

घर से बाहर निकलना और सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करना लाज़मी है। कुछ सावधानियां ज़रूर अपनाई जा सकती हैं जिनकी मदद से स्वयं को सुरक्षित रखा जा सकता है।

### शुरुआत सही तरह से करें

- अगर समय अधिक हो गया है और आप कहीं दूर या अनजान जगह जा रही हैं तो किसी को अपने साथ ज़रूर रखें। भले ही वह लड़का हो या लड़की क्योंकि इससे आपको साथ मिल जाएगा और विषम परिस्थिति के लिए आपकी शक्ति भी बढ़ जाएगी।
- अकेले जाना पड़े तो सुनसान के बजाय ऐसे रास्ते का चुनाव करें जहां पर चहल-पहल रहती हो।
- होस्टल में या अकेले रहने वाली लड़कियों को रात के खाने के बाद टहलने के लिए बाहर जाने या भले घर के पास ही, लेकिन सड़क पर फोन करते हुए टहलने से गुरेज़ करना चाहिए।
- अपने मन की आवाज़ यानी गट फीलिंग को नज़रअंदाज़ न करें। अगर आपको लग रहा है कि कोई आपका पीछा कर रहा है तो जल्दी से जल्दी भीड़ के बीच चली जाएं या किसी दुकान या मॉल में जाकर मदद के लिए फोन करें।
- आप जहां कार पार्क करने वाली हैं, वो जगह अंधेरी है, तो वहां कार न खड़ी करें।

### सावधानी बरतना है ज़रूरी

- अमूमन महिलाओं की फोन पर बात करने की आदत होती है, विशेषकर तब जब वे अकेली हों। भले ही ऐसा करने पर आपको साथ की अनुभूति हो पर आपका ध्यान आस-पास की गतिविधियों से हट जाता है।
- फोन का इस्तेमाल न करने पर आपका ध्यान न सिर्फ़ आस-पास के लोगों पर पूरी तरह से रहता है बल्कि किसी हलचल को भी आसानी से महसूस कर सकती हैं व अपने आप को सुरक्षित रखने के प्रयास कर सकती हैं।

### सुरक्षा के लिए जरूरी है तैयारी

- किसी भी विषम परिस्थिति में अपनी सुरक्षा के लिए अपने पर्स में पेपर स्प्रे, शॉक लॉकेट, मिर्च पाउडर जैसी आत्मरक्षा की चीज़ें ज़रूर रखें।
- इसके अलावा फोन में महिला हेल्पलाइन (1090) और पुलिस हेल्पलाइन नंबर भी सेव करके रखें जिससे आवश्यकता पड़ने पर तुरंत डायल किया जा सके।
- कुछ आत्मरक्षा की तकनीक भी सीख सकती हैं। जैसे- जो व्यक्ति पीछा कर रहा है उसकी नाक, आंखों, घुटने या प्राइवेट पार्ट पर वार करके अपने आपको विषम परिस्थिति से बचा सकती हैं।
- अगर हमलावर चेहरा ढके हुए है या टोपी पहने है, तो उस पर हमला करके उसका नक़ाब हटा दें। पहचान ज़ाहिर होने पर अपराधी स्वयं डर जाता है।

### मदद मांगने से ना कतराएं

- तनिक भी अंदेशा लगे कि कोई आपका पीछा कर रहा है या आप किसी ख़तरे में हैं तो आस-पास के लोगों से मदद मांगें। लोग भी आपकी मदद तब ही करेंगे जब आप उनसे मांगेंगी। इसलिए अपने आस-पास के लोगों को अपनी समस्या बताकर उनसे मदद मांग सकती हैं।
- अगर आपके पास भीड़ है तो आप चिल्ला भी सकती हैं। अगर आप अपने लिए क़दम उठाती हैं तो लोग आपकी मदद के लिए आगे आ ही जाते हैं।





# घर पर लगा रहे हैं हर्बल प्लांट्स तो ऐसी होनी चाहिए मिट्टी

**घर में हमें कई तरह के हर्ब्स की हर दिन जरूरत पड़ती है। ऐसे में अगर आप अपने घर में हर्बल प्लांट लगा रहे हैं और उसकी अच्छी ग्रोथ होते हुए देखना चाहते हैं तो आपको उसकी मिट्टी पर भी ध्यान देना चाहिए।**

आज के समय में हम सभी अपने घर में प्लांटिंग करना पसंद करते हैं और हम ऐसे प्लांट्स को घर में जगह देना पसंद करते हैं, जिन्हें रोजमर्रा में इस्तेमाल भी किया जा सके। इस लिहाज से हर्ब्स को घर में उगाना एकदम सही विचार है। अपनी किचन में हमें हर दिन कई तरह के हर्ब्स की जरूरत होती है। ये बहुत अधिक स्पेस भी नहीं लेते हैं तो आप अपने किचन गार्डन में ही हर्ब्स भी उगा सकते हैं। हालांकि, जब आप अपने घर में हर्ब्स लगा रहे हैं तो आपको सही मिट्टी का चयन करना भी बेहद जरूरी है। अगर मिट्टी उस हर्ब्स की जरूरतों को पूरा नहीं करती हैं तो इससे ना केवल उनके लिए ग्रोथ करना मुश्किल हो जाता है, बल्कि पौधा सूख भी सकता है। दरअसल, जब आप घर में हर्ब्स लगाते हैं तो आपको मिट्टी की कुछ क्वालिटीज का खास ख्याल रखना चाहिए। यूं तो आप कई तरह की मिट्टी का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### ड्रेनेज सिस्टम हो बेहतर

जब भी आप अपने घर में हर्ब्स को उगाएं तो आपको यह जरूर सुनिश्चित करना चाहिए कि मिट्टी ऐसी होनी चाहिए, जिसका ड्रेनेज सिस्टम अच्छा हो। अगर ऐसा नहीं होता है तो पौधे में पानी अधिक समय तक यूं ही रह जाएगा, जिससे पौधे की जड़ों के सड़ने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए, हमेशा मिट्टी का अच्छा जल निकासी होना बहुत ही जरूरी है, ताकि पानी जमा न हो।

### पोषक तत्वों से हो भरपूर

जिस तरह अन्य पौधों को बढ़ने के लिए पोषक तत्वों की जरूरत होती है, ठीक उसी तरह हर्ब्स की मिट्टी में भी पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में होने आवश्यक है। कोशिश करें कि मिट्टी में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटेशियम जैसे पोषक तत्वों के अलावा सूक्ष्म पोषक तत्व भी जरूर हों। आप चाहें तो मिट्टी को बेहतर बनाने के लिए उसमें उर्वरक को भी मिला सकते हैं।

### पीएच लेवल पर दें ध्यान

जब भी आप अपने घर में हर्ब्स उगाएं तो आपको मिट्टी के पीएच लेवल का भी खास ख्याल रखना चाहिए। हमेशा ध्यान रखें कि 6 से 7 के बीच के पीएच स्तर वाली मिट्टी हर्बल पौधों के लिए अच्छी मानी जाती है। इससे उनकी ग्रोथ अच्छी होती है। हालांकि, कुछ हर्ब्स अधिक अम्लीय या क्षारीय मिट्टी में भी विकसित हो सकते हैं, इसलिए किसी भी हर्ब को मिट्टी में लगाने से पहले एक बार उनकी जरूरतों को समझ लें।

### हल्की हो मिट्टी

यह भी एक जरूरी टिप है, जिसका आपको ध्यान रखना चाहिए। हमेशा कोशिश करें कि आपके हर्बल प्लांट की मिट्टी हल्की हो। इससे मिट्टी में एरिएशन बेहतर होता है और प्लांट की बेहतर ग्रोथ होती है। इतना ही नहीं, मिट्टी के हल्की और मुलायम होने के कारण हर्बल प्लांट की जड़ों के लिए फैलाव भी अधिक आसान हो जाता है।





# आप खुद के लिए भी खरीदें ऑनलाइन बेस्ट सनग्लासेस

**सनग्लासेस खरीदने के कई फायदे होते हैं। सबसे पहले तो जब आप सनग्लासेस पहनती हैं तो ना केवल आप अपनी आंखों को सनप्रोटेक्शन प्रदान करती हैं, बल्कि आंखों में किसी भी तरह की गंदगी व कीट-पंतगे आदि के जाने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। इतना ही नहीं, इससे आपका लुक भी काफी अच्छा लगता है। कुछ महिलाएं तो अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए सनग्लासेस पहनना काफी पसंद करती हैं। हालांकि, सनग्लासेस से आपको एक अच्छा लुक तभी मिलता है, जब आप अपने अनुसार सही सनग्लासेस का चयन किया हो।**

अगर आप मार्केट जाकर सनग्लासेस खरीदती हैं तो शायद शॉपिंग करते समय आपसे कोई गड़बड़ ना हो, लेकिन अगर आप ऑनलाइन सनग्लासेस खरीदना चाहती हैं तो गलती होने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आसान टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप ऑनलाइन भी खुद के लिए बेस्ट सनग्लासेस खरीद सकती हैं-

### फ्रेम का साइज

जब आप ऑनलाइन सनग्लासेस खरीद रही हैं तो आपको सबसे पहले यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आप फ्रेम के सही साइज को सलेक्ट कर रही है। अगर चश्मा आप पर फिट नहीं होगा तो इससे आपका लुक भी अच्छा नहीं लगेगा। साथ ही साथ इसे पहनने पर आपको कंफर्टेबल भी फील नहीं होगा। यह कुछ ऐसा ही है, जैसा कि गलत साइज के कपड़ों को पहनने पर होता है। ध्यान रखें कि सनग्लासेस के फ्रेम का आकार आपके चेहरे के आकार के लगभग बराबर होना चाहिए। छोटे चेहरे वाले लोगों के लिए छोटे फ्रेम बेहतर होते हैं और बड़े चेहरे वाले लोगों पर बड़े फ्रेम अच्छे लगते हैं।

### फेस शेप पर दें ध्यान

आपने नोटिस किया होगा कि मार्केट में कई तरह के सनग्लासेस आपको देखने में अच्छे लगते हैं, लेकिन जब आप उन्हें पहनते हैं तो वह अच्छा नहीं लगता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हर व्यक्ति का फेस शेप अलग होता है। यही नियम ऑनलाइन सनग्लासेस खरीदते समय ध्यान में रखना चाहिए। हमेशा अपने फेस शेप के अनुसार सनग्लासेस के शेप को सलेक्ट करें। सही फ्रेम आपके चेहरे को हाइलाइट करेगा और खामियों को छिपाएगा। संक्षेप में, सही फ्रेम आपके लुक को बढ़ाएगा।

### फ्रेम के मैटीरियल पर करें फोकस

जब आप ऑनलाइन सनग्लासेस खरीद रही हैं तो आपको फ्रेम के मैटीरियल पर भी पर्याप्त ध्यान देना चाहिए। दरअसल, फ्रेम का मैटीरियल आपके कंफर्ट के लिए बेहद आवश्यक है। आप अपने फ्रेम मैटीरियल के रूप में नायलॉन, टाइटेनियम, पॉली कार्बोनेट, या यहां तक कि प्लास्टिक आदि का विकल्प चुन सकती हैं।

### लेंस मैटीरियल भी है अहम

फ्रेम के मैटीरियल के अलावा लेंस का मैटीरियल भी उतना ही अहम है। इन दिनों लेंस मैटीरियल में भी कई ऑप्शन अवेलेबल हैं। मसलन, ऑप्टिकल ग्लास लेंस पॉलिश और चिकने होते हैं। यह मैटीरियल स्क्रैच फ्री होते हैं और बहुत ही ड्यूरेबल होते हैं। हालांकि, वे बेहद महंगे होते हैं और इसलिए बहुत से लोग इसे नहीं खरीदते हैं। इसी तरह, ऐक्रेलिक लेंस अधिक सस्ते होते हैं और यदि आप कम पैसे खर्च करके एक क्लीयर लेंस को खरीदना चाहते हैं तो यह एक अच्छा विकल्प हैं।

### सनग्लासेस और यूवी प्रोटेक्शन

ऑनलाइन सनग्लासेस खरीदते समय इस बात पर भी ध्यान देना चाहिए। ऐसे सनग्लासेस को खरीदना चाहिए, जो आपको यूवीए और यूवीबी किरणों से प्रोटेक्शन प्रदान करे। इसलिए, जब भी आप ऑनलाइन सनग्लासेस खरीद रही हैं तो उसके डिस्क्रिप्शन को अवश्य पढ़ें। इस तरह आपके लिए सही सनग्लासेस खरीदना अधिक आसान हो जाएगा।



# लाइफस्टाइल बदलने से बढ़ती है उम्र

जीवनशैली में परिवर्तन करके वृद्धावस्था की घड़ी को पीछे किया सकता है। एक नए अध्ययन से इस बात के समुचित सबूत मिले है कि जीवनशैली में फेरबदल करके हमारे डीएनए को सुरक्षा देने वाले टेलोमियर्स को लंबा किया जा सकता है। टेलोमियर्स कोशिका के नाभिक में पाए जाने वाले डीएनए के गुच्छे क्रोमोसोम (गुणसूत्र) के सिरों की टोपियां हैं। इधर कुछ समय से दुनिया में टेलोमियर पर गहन अनुसंधान चल रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि उम्र के साथ टेलोमियर की लंबाई घटती जाती है। किसी भी उम्र में छोटे टेलोमियर का होना खतरे की घंटी है। लेकिन उम्र के साथ टेलोमियर की लंबाई का घटना हर मामले में अलग-अलग होता है।

टेलोमियर डीएनए को जीर्ण-शीर्ण होने से बचाता है। इसकी तुलना शूलेस के सिरों पर लगे कवर से की जा सकती है। जिस तरह इस सिरे के अलग होने पर शूलेस बिखरने लगता है, ठीक उसी तरह टेलोमियर के कमजोर पड़ने पर हमारी कोशिकाओं के क्षतिग्रस्त होने का खतरा बढ़ जाता है। हमारी कोशिकाएं हर समय विभाजित होती रहती हैं। हर विभाजन के बाद टेलोमियर की लंबाई कम होती जाती है और डीएनए का कुछ हिस्सा कम हो जाता है। यह प्रक्रिया जीवन भर चलती रहती है। वैज्ञानिक अनुसंधानों से पता चला है कि श्वेत रक्त कोशिकाओं में छोटे टेलोमियर का संबंध वृद्धावस्था से जुड़ी बीमारियों से है जिनमें कई तरह के कैंसर शामिल हैं। इसके अलावा जीवनशैली से जुड़ी आदतें भी टेलोमियर की लंबाई को प्रभावित करती हैं।

यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के प्रिवेंटिव मेडिसिन रिसर्च इंस्टिटयूट के रिसर्चरों का कहना है कि खानपान और जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन करके टेलोमियर को लंबा होने के लिए उकसाया जा सकता है। रिसर्चरों ने अपने अध्ययन के लिए 35 लोगों को चुना जो कम रिस्क वाले प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित थे। इनमें 25 लोगों को अपनी जीवनशैली और खानपान सुधारने को कहा गया। इन लोगों ने अशोधित अनाज, फल व सब्जियों पर आधारित शाकाहारी भोजन लेना शुरू किया और हर रोज तीस मिनट की साधारण कसरत को अपने शेड्यूल में शामिल किया। थकान व तनाव से मुक्ति के लिए इन लोगों को ध्यान और योगाभ्यास करने को कहा गया। सोशल सपोर्ट के लिए उनकी काउंसलिंग भी की गई। दस लोगों के दूसरे ग्रुप को सामान्य ढंग से जीने को कहा गया। पांच साल बाद दोनों ग्रुपों के रक्त के नमूनों के विश्लेषण से पता चला कि बदली जीवनशैली वाले लोगों की कोशिकाएं ज्यादा युवा थीं। उनके टेलोमियर की लंबाई में दस प्रतिशत की वृद्धि हुई। जबकि पुराने अंदाज में जीने वाले लोगों में टेलोमियर की लंबाई तीन प्रतिशत कम हो गई। इस अध्ययन से जुड़े प्रमुख रिसर्चर डीन ओर्निश का कहना है कि हमारे जीन और टेलोमियर हमारे शरीर की प्रकृति को दर्शाते है लेकिन यह जरूरी नही है कि वे हमारी नियति भी तय करें। हमारे शरीर के अंदर खुद को ठीकठाक करने की अद्भुत क्षमता है और यदि हम अपने स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारणों को दूर करने के लिए जीवनशैली में परिवर्तन करें तो शरीर को चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। वैज्ञानिकों को चिरयौवन की कोई जादुई गोली तो नही मिली है लेकिन यह खोज सही दिशा में बढ़ रही है। अभी तक हम यही सोचते थे कि टेलोमियर की लंबाई उम्र के साथ घटती जाती है। अब हमें पता चला है कि इसकी लंबाई बढ़ाई भी जा सकती है।

कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि ओर्निश की टीम के अध्ययन से हमें जल्दबाजी में कोई निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए क्योंकि अध्ययन में शामिल दोनों ग्रुपों की निगरानी सिर्फ पांच साल ही की गई थी। एजिंग पर रिसर्च करने वाले कुछ अन्य विशेषज्ञों ने टेलोमियर की लंबाई से निकाले जा रहे निष्कर्षों से ही असहमति जताई है। न्यू यॉर्क सिटी में एल्बर्ट आइंस्टीन कॉलेज ऑफ मेडिसिन के प्रफेसर डॉ. नीर बर्जलाई का कहना है कि इस बात से सभी सहमत हैं कि टेलोमियर की लंबाई कुछ कह रही है लेकिन इसका अर्थ अभी तक स्पष्ट नहीं है। ओर्निश की रिसर्च से भी इस प्रश्न का कोई जवाब नहीं मिलता। हो सकता है लंबे टेलोमियर की वजह से आप स्वस्थ हैं, लेकिन यह भी हो सकता है कि आपके स्वस्थ होने की वजह से आपके टेलोमियर लंबे है। बर्जलाई के अनुसार शतायु लोगों में 85 साल के लोगों की तुलना में लंबे टेलोमियर देखे गए हैं लेकिन उनका मानना है कि लंबे टेलोमियर उनके अच्छे स्वास्थ्य की वजह से हैं।

अमेरिका के नेशनल इंस्टिटयूट ऑन एजिंग के डॉ. नान-पिंग वेंग का कहना है कि यह सही है कि टेलोमियर छोटा होने से शरीर की प्रतिरोधी कोशिकाओं पर असर पड़ता है लेकिन बुढ़ापे की प्रक्रिया सिर्फ टेलोमियर पर नहीं, कई और चीजों पर भी निर्भर करती है। लंबे या छोटे टेलोमियर की भूमिका को लेकर वैज्ञानिकों के बीच असहमति तो है ही, साथ में इससे जुड़ी एक चीज उन्हें विचलित भी कर रही है। वह यह कि कैंसर कोशिकाओं में भी लंबे टेलोमियर देखे गए हैं। कुछ रिसर्चरों को डर है कि टेलोमियर की लंबाई बढ़ाने वाली दवाएं कैंसर को बढ़ावा दे सकती हैं। इसके बावजूद कुछ अमेरिकी कंपनियां ऐसी दवाओं के विकास में जुटी हुई हैं।



# लापरवाही से बेकाबू न हो जाए हाई बीपी

हर साल सात अप्रैल को वर्ल्ड हेल्थ डे मनाया जाता है। स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता लाई जाती है। डायबिटिज, रक्तचाप और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के बारे में लोगों को सजग किया जाता है। फिर भी हर साल लाखों लोग ऐसी बीमारियों की चपेट में आ ही जाते हैं। ऐसी ही एक बीमारी है- हाइपरटेंशन। गलत खानपान और तनाव के कारण इस बीमारी से हर साल लगभग डेढ़ लाख लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं।



विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार हारपरटेंशन या हाई ब्लड प्रेशर का अटैक 25 साल की उम्र से शुरू हो जाता है। मगर इसके लक्षण काफी पहले से दिखने लगते हैं। हाई बीपी के कारण हार्ट अटैक, स्ट्रोक, किडनी का खराब हो जाना और न जाने कितनी परेशानियां उत्पन्न होने लगती हैं। लेकिन राहत और खुशी की बात यह है कि इसे आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है।

हालांकि हाई बीपी कई कारणों से शरीर को प्रभावित करता है। स्मोकिंग, ओवरवेट, शारीरिक श्रम का न होना, नमक का ज्यादा सेवन और तनाव यह सब हाई बीपी को बढ़ावा देते हैं।

अपनी दिनचर्या सुधार कर खतरे को कम किया जा सकता है। अपने वजन को नियत्रित रखें। नियमित व्यायाम करें, तेज कदमों से टहलें। साइकलिंग, बागवानी और घर के काम आसान विकल्प हैं। बहुत ज्यादा तनाव बीपी को थोडत्री देर के लिए बढ़ा सकता है, इसीलिए पूरी नींद लें। इसके अलावा गहरी सांस लेने से मेडिटेशन और हर दिन आधे घंटे को व्यायाम करने से तनाव कम किया जा सकता है।

खाने-पीने की कुछ चीजें भी हाइपरटेंशन बढ़ाने में मदद करती हैं। कई लोगों में खाने के वक्त ऊपर से नमक डालने की आदत होती है। यह हाइपरटेंशन को बढ़ाता है। हाईफैट युक्त डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे चीज़, बटर, क्रीम, घी भी इसकी वजह बनती है। तनाव के कारण अल्कोहल और स्मोकिंग भी हाईबीपी को बढ़ाने में मदद करते हैं।

डाइट में बदलाव लाकर भी हाईबीपी को कंट्रोल किया जा सकता है। हरी पत्तेदार सब्जियां, सूप, सलाद, खट्टे फल, ताजा नींबू पानी और नारियल पानी शरीर में पोटाशियम की सही मात्रा देते हैं। फाइबर युक्त भोजन बेहद फायदेमंद है। जैसे साबुत अनाज, दलिया, ओट्स, लोबिया, नट्स, फिग्स, प्रून्स, फ्लेक्सीड, सब्जियां और फल।

मछली जैसे सालमन और टूना में मिलने वाला ओमेगा थ्री फैटी एसिड शरीर के लिए बेहतर है। इसके अलावा फिश ऑयल और नट्स भी ओमेगा थ्री फैटी एसिड से भरपूर होता है।

कुछ चीजों को अवाइड कर हाई बीपी से बचा जा सकता है। बहुत ज्यादा सोडियम का सेवन खतरनाक होता है। सेचुरेटेड फैट को अपने खाने में शामिल न करे जैसे मीट, घी। हाई फैट डेयरी प्रोडक्ट्स दूध, मक्खन, क्रीम और चीज को भी न कहें। खाने में ट्रांस फैट को भी न कहे जैसे चिप्स, बेकरी प्रोडक्ट्स, फ्रेंच फ्राई। मोनोसेचुरेटेड फैट जैसे ऑलिव ऑयल, पीनट ऑयल, अवोकाडो और पोलीसेचुरेटेड फैट जैसे सूरजमुखी और सोयाबीन का तेल अपने खाने में शामिल करें। स्मोकिंग और अल्कोहल हाइपरटेंशन के खतरे को बढ़ाता है। इसलिए इनसे बचना ही बेहतर है।

# सिर्फ एक मिनट में कैलोरी घटाएंगी ये कसरतें!

स्लिम और फिट रहने के लिए यह जरूरी नही है कि घंटों जिम में वर्कआउट किया जाए। 60-70 सेकेंड की एक्सरसाइज भी आपको फिट और छरहरा बना सकती है।

अमेरिका की उटाह यूनिवर्सिटी के एक शोध की मानें, तो कुछ एक्सरसाइज को अगर महज एक मिनट तक किया जाए, तो इससे शरीर को उतना ही फायदा होगा, जितना कि 10 मिनट तक किसी साधारण एक्सरसाइज करने से होता है।

फिटनेस वैज्ञानिकों का मानना है कि फिट रहने के लिए, वर्कआउट को दिया जाने वाला समय मायने नहीं रखता, बल्कि एक्सरसाइज को किए जाने वाले एफर्ट मायने रखते हैं। एक नजर कुछ ऐसे ही एक्सरसाइज पर, जो रिकॉर्ड टाइम में आपकी एक्स्ट्रा कैलोरी बर्न करेंगी।

काफ एक्सरसाइज

पैरों को साथ जोड़ लें और हाथों को भी जांघों के करीब रख कर सीधे खड़े हों। अपनी एड़ियों को धीरे-धीरे ऊपर उठाएं इस दौरान शरीर का सारा भार पंजों पर होगा फिर धीरे-धीरे एड़ियां नीचे लाएं। इस क्रिया को एक मिनट तक दोहराएं।

बस एक मिनट में साइकिल एब्स - कमर के बल जमीन पर लेटें और हाथों को सिर के पीछे अंगुलियों से आपस में जोड़ लें। पैरों और टांगों को घुटने से 90 डिग्री के कोण पर मोड़ लें। अपने सिर और कंधों को भी जमीन से थोड़ा ऊपर रखें।

अब पहले बाईं कोहनी, दाएं घुटने की ओर ले जाएं। इस बीच बायां पैर पेट की ओर आएगा। इस एक्सरसाइज को दोनों साइड से दस-दस बार करें।

हर दिन करें पुश अप्स - पूरे शरीर को हाथ और पैरों के बल पर उठाएं। शरीर फट्टे के समान सीधा रखें और हाथों पर जोर देते हुए पुश अप्स करें। एक मिनट में 20 पुश अप्स होने चाहिए। ऐसा हर दिन करके आप फैट को बर्न कर सकती हैं।

सीढ़ियों से परहेज क्यों - बेशक सीढ़ियों पर चढ़ने या उतरने का काम थकाने वाला होता है, पर इससे आप खुद को फिट रख सकती है। अपनी बिल्डिंग में बनी सीढ़ियों पर तेजी से चढ़िए। इतनी गति तो होनी ही चाहिए कि आपकी हार्ट बीट तेज हो जाए। एक मिनट में कम-से-कम 70-80 सीढ़ियां चढ़ने का प्रयास करें।

# हो रहा है बुढ़ापा रोकने का इंतजाम

भविष्य में एजिंग (बुढ़ापा) के इफेक्ट्स को रोकना संभव हो सकता है और बहुत मुमकिन है कि मनुष्य का जीवनकाल बढ़ाने का कोई कारगर तरीका भी हाथ लग जाए। वैज्ञानिक एजिंग की प्रक्रिया के पीछे मौजूद आणविक कारणों को समझने की कोशिश कर रहे हैं।

बर्कली स्थित युनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया (यूसी) में किए गए एक अध्ययन में इस दिशा में महत्वपूर्ण सफलता दर्ज की गई है और इससे बुढ़ापे से जुड़ी बीमारियों के इलाज के नए तरीके विकसित करने की उम्मीद जग गई है। यूसी के रिसर्चरों ने अपने एक प्रयोग में एक बूढ़े चूहे की रक्त स्टेम कोशिका में एक दीर्घायु जीन मिला कर उसकी आणविक घड़ी को पीछे खिसका दिया। इससे बूढ़ी स्टेम कोशिकाओं में नई जान आ गई और वे फिर से नई ब्लड स्टेम कोशिकाएं उत्पन्न करने में समर्थ हो गईं। दीर्घायु जीन का नाम सर्ट 3 है।



यह दरअसल सर्ट समूह का प्रोटीन है, जो ब्लड स्टेम कोशिकाओं को स्ट्रेस से निपटने में मदद करता है। रिसर्चरों ने जब बूढ़े चूहे की ब्लड स्टेम कोशिकाओं में सर्ट 3 मिलाया तो नई ब्लड स्टेम कोशिका बनने लगी। यह इस बात का सबूत था कि बूढ़ी ब्लड स्टेम कोशिका के फंक्शन में वृद्धावस्था से जुड़ी गिरावट न सिर्फ रुक गई, बल्कि उसमें पुनर्जीवित होने की क्षमता भी उत्पन्न हो गई। जीव वैज्ञानिकों को पहले से इस बात की जानकारी थी कि सर्ट ग्रुप के प्रोटीन बुढ़ापे की प्रक्रिया को नियंत्रित करते हैं, लेकिन यूसी टीम के अध्ययन में पहली बार यह साबित हुआ कि यह प्रोटीन स्वास्थ्य में आने वाली बुढ़ापे से जुड़ी गिरावट को भी पलट सकता है।

प्रमुख रिसर्चर डेनिका चेन के अनुसार यह खोज बहुत रोमांचक है और इससे बुढ़ापे से जुड़ी बीमारियों के इलाज के तरीके विकसित करने का रास्ता खुल गया है। पिछले 10-20 वर्षों में वैज्ञानिकों को बुढ़ापे की प्रक्रिया को समझने में कई सफलताएं मिली हैं। वृद्धावस्था को अब अनियंत्रित और बेतरतीब प्रक्रिया नहीं माना जाता। यह बहुत ही नियंत्रित प्रक्रिया है, लेकिन इसमें फेरबदल की गुंजाइश मौजूद है। चेन के मुताबिक एक अकेले जीन के म्यूटेशन या परिवर्तन से जीवनकाल बढ़ाया जा सकता है। प्रश्न यह है कि क्या हम इस प्रक्रिया को समझ कर वृद्धावस्था को सचमुच पलट सकते हैं?

बुढ़ापे की प्रक्रिया में सर्ट ग्रुप के प्रोटीन की भूमिका स्पष्ट होने के बाद वैज्ञानिक इसे और ज्यादा गहराई से समझने की कोशिश कर रहे हैं। सर्ट 3 प्रोटीन कोशिका के माइटोकॉन्ड्रिया में पाया जाता है। कोशिका का यह हिस्सा उसका पावरहाउस कहलाता है और यह उसके विकास और मृत्यु को नियंत्रित करने में मदद करता है। पिछले अध्ययनों में पता चला था कि सट 3 जीन कैलोरी में कटौती के दौरान सक्रिय होता है। प्रयोगों के दौरान एक बात यह भी सामने आई कि कैलोरी में कटौती अनेक प्रजातियों में जीवन क ा ल बढ़ाने में सहायक होती है।

एजिंग के प्रभावों को समझने के लिए रिसर्चरों ने वयस्क स्टेम कोशिकाओं के काम का अध्ययन किया। वयस्क स्टेम कोशिकाएं टिशूज के रखरखाव और उनकी मरम्मत के लिए जिम्मेदार होती हैं। उम्र बढ़ने के साथ स्टेम कोशिकाओं के इस फंक्शन में कमी आने लगती है। रिसर्चरों ने अपने अध्ययन के लिए रक्त स्टेम कोशिकाओं को चुना क्योंकि वे ब्लड सिस्टम को पूरी तरह से पुनर्गठित करने की क्षमता रखती हैं।

रिसर्चरों ने सबसे पहले ऐसे चूहों के ब्लड सिस्टम का अध्ययन किया, जिनमें सर्ट 3 प्रोटीन के जीन को निष्क्रिय कर दिया गया था। हैरानी की बात यह थी कि युवा चूहों में सर्ट 3 की गैरमौजूदगी से कोई फर्क नहीं पड़ा। लेकिन जैसे-जैसे इन चूहों की उम्र बढ़ी, सर्ट 3 से युक्त सामान्य चूहों की तुलना में उनमें रक्त स्टेम कोशिकाओं की संख्या घटती गई और नई ब्लड कोशिकाओं को पुनर्जीवित करने की उनकी क्षमता भी कम हो गई। इससे पता चलता है कि युवा कोशिकाओं में ब्लड स्टेम कोशिकाएं ठीकठाक ढंग से काम करती हैं और उन्हें बहुत कम ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस का सामना करना पड़ता है।

ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस शरीर के भीतर मेटाबोलिज्म अथवा कोशिकाओं में कुदरती रासायनिक प्रक्रियाओं का एक नुकसानदायक बायप्रॉडक्ट है। इससे शरीर पर बोझ बढ़ता है। मेटाबोलिज्म के दौरान ऑक्सीजन का एक स्वतंत्र अणु निकलता है, जिसे फ्री रेडिकल भी कहा जाता है। इसमें इलेक्ट्रिकल चार्ज होता है। यदि इस अणु को किसी एंटी ऑक्सीडेंट से तुरंत न्यूट्रलाइज नहीं किया जाता है तो यह और ज्यादा फ्री रेडिकल उत्पन्न करता है। इससे कोशिका की दीवार बनाने वाले प्रोटीन और यहां तक कि कोशिका के डीएनए को भी नुकसान पहुंचता है। फ्री रेडिकलों का एक्शन एक कटे हुए सेब के भूरा पड़ने या लोहे के जंग खाने जैसा ही है। शरीर पर दिखने वाले बुढ़ापे के लक्षण ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस के कारण होते हैं और वृद्धावस्था से जुड़ी कई बीमारियां भी इसी वजह से होती हैं।

युवावस्था में शरीर की एंटी-ऑक्सीडेंट प्रणाली थोड़े-बहुत स्ट्रेस को आसानी से झेल सकती है, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ हमारा सिस्टम ठीक से काम नहीं करता क्योंकि हम या तो ज्यादा ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस उत्पन्न करते हैं या उसे हटा नहीं पाते। इन स्थितियों में हमारी सामान्य एंटी-ऑक्सीडेंट प्रणाली काम नहीं करती और हमें सर्ट 3 की जरूरत पड़ती है, लेकिन उम्र के साथ सर्ट 3 का लेवल भी कम हो जाता है। रिसर्चरों ने जब बूढ़े चूहों में सर्ट3 का लेवल बढ़ाया तो उनकी रक्त स्टेम कोशिकाएं पुनर्जीवित होने लगीं। इसके चलते उनकी ब्लड कोशिकाओं का उत्पादन बढ़ गया।

अभी यह देखना बाकी है कि सर्ट 3 की अत्यधिक अभिव्यक्ति क्या सचमुच में किसी की उम्र बढ़ा सकती है। लेकिन वैज्ञानिकों का कहना है कि जीवन काल बढ़ाना ही इस रिसर्च का एकमात्र लक्ष्य नहीं है। आनुवंशिक नियंत्रण के ज्ञान का उपयोग वृद्धावस्था से जुड़ी बीमारियों के लिए किया जाएगा और यह एजिंग से संबंधित रिसर्च का एक प्रमुख लक्ष्य है। यूसी बर्कली में चेन की लैब में काम करने वाली एक अन्य वैज्ञानिक कैथरीन ब्राउन का कहना है कि इस रिसर्च में सर्ट 3 से काफी उम्मीदें हैं। हमें इसमें काफी संभावनाएं दिखाई देती हैं। कुछ अन्य रिसर्चर इस प्रोटीन में ट्यूमर को दबाने के गुण को पहले ही उजागर कर चुके हैं।

# गैस्ट्रिक से परेशान हैं तो इस 7 उपायों से मिलेगा आराम

रुटीन या खानपान में जरा सी गड़बड़ गैस्ट्रिक समस्याओं को बढ़ा सकती है। ऐसे में गैस्ट्रिक समस्याओं से निजात के लिए कुछ घरेलू उपाय मददगार हो सकते हैं।

अगर आपको अक्सर इस तरह की सम्सयाएं होती हैं तो सैर और व्यायाम के साथ इन घरेलू उपायों को रुटीन में शामिल करने से आपको आराम मिल सकता है।

गुनगुना पानी - गुनगुना पानी पीने से न सिर्फ पाचन ठीक होता है बल्कि यह अपच से होने वाले पेट दर्द में भी आराम पहुंचाता है। गैस्ट्रिक की समस्या अधिक हो तो गर्म पानी में अज्वाइन या जीरा खौलाकर पीने से भी तुरंत आराम मिलता है।

काली मिर्च - आयुर्वेद में काली मिर्च के सेवन को गैस्ट्रिक समस्याओं का प्रभावी इलाज माना गया है। यह शरीर में लार और गैस्ट्रिक जूस की मात्रा बढ़ाती है जिससे पाचन आसानी से होता है और गैस्ट्रिक दिक्कतें दूर होती हैं।

छाछ - छाछ का सेवन न सिर्फ पाचन ठीक रखता है बल्कि इसमें मौजूद लैक्टिक एसिड गैस्ट्रिक समस्याओं को भी दूर करता है। पेट में जलन और अपच दूर करने में भी यह मददगार है।

सौंफ - सौंफ न सिर्फ गैस्ट्रिक समस्याओ से दूर रखने में मददगार है बल्कि मुंह का स्वाद भी खराब नही होने देता है। इसके सेवन से गैस्ट्रिक व एसिड रिफ्लक्स जैसी समस्याओं को दूर करने में मदद मिलती है।

अदरक - अदरक के रस में गर्म पानी और शक्कर मिलाएं और इसका सेवन करें। आयुर्वेद में इस मिश्रण को पेट से संबंधित समस्याओं को दूर करने में प्रभावी माना गया है। चाहें तो अदरक वाली काली चाय भी पी सकते हैं।

नींबू -कई शोधों में नींबू का सेवन गैस्ट्रिक, अपच, हार्ट बर्न जैसी समस्याओं के उपचार में मददगार माना गया है। नींबू के रस में पानी मिलाकर पीने से कॉन्स्टिपेशन की समस्या नहीं होती है और पाचन ठीक रहता है।

सुबह का समय इसके सेवन के लिए सबसे सही माना जाता है।

अजवाइन - अजवाइन दाने के सेवन से गैस्ट्रिक संबंधी समस्याओं में मिनटों में आराम मिल सकता है। आधा चम्मच अजवाइन और आधा चम्मच नमक का सेवन गर्म पानी के साथ करने से गैस्ट्रिक संबंधी समस्याएं खत्म हो जाती हैं।

संक्षिप्त समाचार

## इंडोनेशिया के माउंट इबू ज्वालामुखी में विस्फोट, 3.5 किलोमीटर तक उठी राख

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के सेंटर फॉर वल्केनोलॉजी एंड जियोलॉजिकल हैजर्ड मिटिगेशन (पीवीएमबीजी) ने बताया कि पूर्वी इंडोनेशियाई प्रांत उत्तरी मालुकु में हल्माहेरा द्वीप पर माउंट इबू ज्वालामुखी में रविवार सुबह विस्फोट हो गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पीवीएमबीजी ने बताया कि ज्वालामुखी स्थानीय समयानुसार रात लगभग 12:37 बजे करीब 206 सेकंड के लिए फटा, जिससे उसकी चोटी से 3 हजार 500 मीटर ऊपर तक राख उठ गई।

समुद्र तल से 1,325 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माउंट इबू ज्वालामुखी को हाईएस्ट लेवल चार से नीचे दूसरे खतरे के स्तर के रूप में वर्गीकृत किया गया है। पीवीएमबीजी ने लोगों से क्रेटर (ज्वालामुखी पहाड़ का मुख) से 3.5 किलोमीटर के दायरे में गतिविधियां न करने का आह्वान किया है।

## दक्षिण कोरिया का दावा, उत्तर कोरिया ने दोनों देशों को जोड़ने वाली सड़क पर बारूदी सुरंगें बिछाईं



**सोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के एक सैन्य अधिकारी ने सोमवार को दावा किया कि उत्तर कोरिया ने सीमा पार सड़कों को बंद करने के लिए दोनों कोरिया को अलग करने वाले असैन्यीकृत क्षेत्र (डीएमजेड) के भीतर एक अंतर-कोरियाई सड़क पर बारूदी सुरंगें स्थापित की हैं। योनहाप समाचार एजेंसी ने अधिकारी के हवाले से बताया कि सेना ने पिछले साल के अंत में सोल से 85 किमी उत्तर-पूर्व में चेओरवोन में एरोहेड हिल के पास डीएमजेड के अंदर कच्ची सड़क पर उत्तर की ओर से माइंस बिछाने का पता लगाया था।

यह रास्ता 1950-53 के कोरियाई युद्ध के दौरान पहाड़ी के पास मारे गए लोगों के अवशेषों की खुदाई के संयुक्त प्रयासों के लिए दक्षिण और उत्तर को जोड़ने के लिए 2018 के अंतर-कोरियाई सैन्य समझौते के तहत बनाया गया था। पिछले साल के अंत से, उत्तर कोरिया ने दोनों कोरिया के बीच सभी सड़कों पर बारूदी सुरंगें लगा दी हैं। जनवरी में, उत्तर कोरियाई सैनिकों को दो अंतर-कोरियाई सड़कों - दक्षिण कोरिया के पश्चिमी सीमावर्ती शहर पाजू और उत्तर कोरिया के काएसोंग के बीच ग्योंगुई सड़क और पूर्वी तट के साथ डोंगहे सड़क- पर बारूदी सुरंगें लगाते हुए देखा गया था।

पिछले महीने, सेना ने यह भी पाया था कि उत्तर कोरिया ने दोनों सड़कों पर दर्जनों स्ट्रीट लाइटें हटा दी हैं। यह कदम उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन द्वारा दक्षिण कोरिया के साथ एकीकरण की दशकों पुरानी नीति को खत्म करने और उनके संबंधों को एक-दूसरे के प्रति शत्रुतापूर्ण दो राज्यों के रूप में परिभाषित करने के आह्वान के बाद उठाया गया। जनवरी में, किम ने सीमा पर अंतर-कोरियाई संचार के सभी चैनलों को अवरुद्ध करने के लिए सख्त उपायों के निर्देश दिए, जैसे कि ग्योंगुई भूमि मार्ग को अपरिवर्तनीय स्तर तक काट देना।

## गाजा में युद्ध जारी रहा तो इजरायल के साथ कोई समझौता नहीं : हमास

**गाजा , एजेंसी।** हमास के एक अधिकारी ने कहा है कि इजरायल अगर गाजा में युद्ध समाप्त नहीं करता है तो वो उसके साथ कोई समझौता नहीं होगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी सामी अबू जुहरी ने रविवार को एक बयान में कहा कि समूह ऐसे किसी भी समझौते को स्वीकार नहीं करेगा जिसमें गाजा में युद्ध की समाप्ति शामिल नहीं है। अबू जुहरी ने कहा कि मध्यस्थों के माध्यम से इजरायल की प्रतिक्रिया का अध्ययन किया जा रहा है और इसके बारे में किसी फैसले पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। इससे पहले एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने हमास के साथ बंधक समझौते तक पहुंचने के प्रयास को निर्णायक बताया। अधिकारी ने कहा, हम हमास नेता याह्या सिनवार की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इजरायल ने उत्तरी गाजा में विस्थापित व्यक्तियों की वापसी के संबंध में महत्वपूर्ण रियायत दी है।

# अमेरिका में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी पर फिलीस्तीनी झंडा फहराया

### इजराइल विरोधी प्रदर्शन में 900 छात्र गिरफ्तार; यूनिवर्सिटी में तोड़फोड़, आजाद फिलिस्तीन के नारे लगे



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की यूनिवर्सिटीज में फिलिस्तीन के समर्थन में हो रहे प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। न्यूज एजेंसी कके मुताबिक देशभर में अब तक 900 छात्रों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस बीच रविवार को हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में छात्रों ने फिलिस्तीनी झंडा फहराया।

यूनिवर्सिटी में जॉन हार्वर्ड के स्टैच्यू के ऊपर जहां अमेरिका का झंडा फहराया जाता है, वहां रविवार को फिलिस्तीनी झंडा दिखा। यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता ने कहा, यह हमारी पॉलिसी के खिलाफ है। इसके लिए जिम्मेदार छात्रों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

### इजराइल समर्थक और विरोधी गुटों में झड़प

वहीं लॉस एंजिल्स की यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ कैलिफोर्निया में रविवार को फिलिस्तीन और इजराइल समर्थक गुटों में झड़प भी हुई। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, यूनिवर्सिटी में दोनों गुटों को एक-दूसरे से दूर रखने के लिए बैरियर लगाया गया था, जिसे प्रदर्शनकारियों ने तोड़ दिया। इस दौरान विश्वविद्यालय में तोड़फोड़ भी हुई। विरोध प्रदर्शनों पर रविवार को व्हाइट हाउस के नेशनल सिक्योरिटी प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडेन को मामले से जुड़े अपडेट्स दिए जा रहे हैं। हालांकि, मामले को संभालने की जिम्मेदारी फिलाहल लोकल प्रशासन पर ही छोड़ी गई है।

### अमेरिकी यूनिवर्सिटी ने बोइंग कंपनी से गिफ्ट-पैसे न लेने की घोषणा की

कोलंबिया यूनिवर्सिटी से लेकर न्यूयॉर्क युनिवर्सिटी तक फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन करने वाले संगठनों की मांग है कि यूनिवर्सिटीज उन कंपनियों से अलग हो जाएं, जो इजराइल से लाभ कमाती हैं। अब पोर्टलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी ने इस मांग को स्वीकार कर लिया है। यूनिवर्सिटी ने रविवार को बोइंग कंपनी से मिलने वाले गिफ्ट और गांट्स (राशि) न लेने की घोषणा की है। दरअसल, इजराइल की सेना और डिफेंस इंडस्ट्री बोइंग के करीब 9 प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती है। रिपोर्ट के मुताबिक, बोइंग का इजराइल की अर्थव्यवस्था में 29 हजार करोड़ का योगदान है। 1980 के दशक में कोलंबिया यूनिवर्सिटी में काफी प्रदर्शन हुए थे। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि विश्वविद्यालय नस्लभेदी साउथ अफ्रीका से संबंध तोड़े। दरअसल, उस वक्त साउथ अफ्रीका में काफी नस्लभेद होता था। अश्वेतों को बुनियादी अधिकार भी नही दिए गए थे। हाल ही में कोलंबिया यूनिवर्सिटी ने फॉसिल फ्यूल्स और प्राइवेट जेल कंपनियों से डोनेशन लेने पर पाबंदी लगा दी है। कैलिफॉर्निया यूनिवर्सिटी में सोशियॉलॉजी के प्रोफेसर चार्ली एर्टोन के मुताबिक कोलंबिया यूनिर्सिटी चाहे तो बेशक इजराइली कंपनियों से संबंध तोड़ सकती है। अभी तक समानता और न्याय को ध्यान में रखते हुए कई मौकों पर ऐसा किया गया है।

### विश्वविद्यालय में यहूदियों की हत्या करो के नारे

बोस्टन की नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के कैंप उखाड़ दिए। इस दौरान 100 लोगों को हिरासत में लिया गया। अलजजीरा के मुताबिक यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता ने बताया कि धरने के दौरान प्रदर्शनकारियों ने यहूदियों की हत्या करो के भी नारे लगाए। यह लाइन क्रॉस करने जैसा था और इसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अमेरिका की यूनिवर्सिटीज में हो रहे प्रदर्शन कनाडा, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया तक भी पहुंच गए हैं। कनाडा की मेकगिल यूनिवर्सिटी में शनिवार को छात्रों ने गाजा में नरसंहार रोकने की मांग के साथ कैंपिंग की। वहीं सिडनी की यूनिवर्सिटी में टेंट लगे नजर आए।

## लंदन में गूंजे मोदी के नारे, भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली पैदल यात्रा

**लंदन , एजेंसी।** यूके के भाजपा के प्रवासी दोस्तों ने लंदन में रन फॉर मोदी कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें भारी संख्या में प्रवासी भारतीयों ने सम्मिलित होकर भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के लिए अपना विशेष लगाव दिखाया। कार्यकर्ता भाजपा का चुनाव प्रचार लंदन में भी करते नजर आए।




भाजपा के समर्थक भारत के अलावा लंदन में भी हैं। यूके भाजपा के प्रवासी दोस्तों ने लंदन में रन फॉर मोदी और फ्लैश मॉब कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कायर्कम में कई सारे प्रवासी भारतीय ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम के दौरा ब्रिटेन में प्रवासी भारतीय भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के लिए अपना समर्थन दिखाते नजर आए।

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूके के महासचिव सुरेश मंगलगिरी ने बताया कि 2019 में भी उन्होंने चुनाव के दौरान भी उन्होंने इस कार्यक्रम का आयोजन किया था। तब भी लोगों ने इसी तरह भाजपा के प्रति अपना प्यार दिखाया था। लोगों में भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के लिए आज भी वही प्यार और उत्साह है। कार्यक्रम को सफल प्रवासी भारतीयों की प्रतिभागिता ने बनाया।

उन्होंने कहा कि अयोध्या का राम मंदिर बनाना, आर्टिकल 370 हटाना जैसे कई कार्य भाजपा ने किए हैं, जो कि एक हिंदुस्तानी होने के नाते हम समझ सकते हैं कितने आवश्यक थे। हाथ में भारत और भाजपा के झंडे लिए निकले लोगों ने लंदन की सड़कों पर भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयकारे लगाए। वहीं हर हर मोदी, घर घर मोदी, अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार के नारे लगाए।

# 400 गेट, 26 करोड़ यात्रियों की क्षमता, दुबई में बन रहा दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट



**दुबई, एजेंसी।** दुबई अपनी रईसी के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। अब यह अपनी शान में एक और नमूना तैयार करने जा रहा है। दुबई में दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनकर तैयार होने वाला है। दुबई के शेख मोहम्मद बिन राशित अल मकतूम ने कहा कि यह दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा और ग्लोबल सेंटर के रूप में विकसित होगा। जानकारी के मुताबिक इसमें करीब 35 अरब डॉलर यानी करीब 2.9 लाख करोड़ रुपये का खर्च आएगा।

इस नए एयरपोर्ट का नाम अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा। इस एयरपोर्ट पर पांच समानांतर रनवे होंगे। इसके अलावा एयरपोर्ट की क्षमता सालाना 26 करोड़ लोगों की होगी। एयरपोर्ट पर 400 एयरक्राफ्ट गेट होंगे। शेख अल मकतूम ने कहा कि यह एयरपोर्ट ना केवल मौजूदा पीढ़ी के लिए महत्वपूर्ण होगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भी विकास में बड़ी भूमिका निभाता रहेगा।

आने वाले समय में दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट को भी इसी नए एयरपोर्ट में मिला दिया जाएगा। दुबई के मौजूदा एयरपोर्ट से यह नया एयरपोर्ट पांच गुना बड़ा होने वाला है। इस एयरपोर्ट के माध्यम से ही दुबई में 10 लाख लोगों के हाउसिंग प्रोजेक्ट का भी काम होना है। इसके अलावा यह एयरपोर्ट कई वैश्विक लॉजिस्टिक कंपनियों के लिए भी संभावनाओं के द्वार खोलेगा। बता दें कि दुबई इंटरनेशल एयरपोर्ट की गिनती दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट में भी होती है। 2022 में इस हवाई अड्डे का इस्तेमाल 6.6 करोड़ यात्रियों ने किया था। इस हवाई अड्डे से बड़ी संख्या में लोग सऊदी अरब, भारत, पाकिस्तान और ब्रिटेन की यात्रा करते हैं।

## ओक्लाहोमा में बवंडर आने से चार की मौत



**ह्यूस्टन, एजेंसी।** अमेरिका के ओक्लाहोमा में शनिवार रात से कई बड़े बवंडर आने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई है। ओक्लाहोमा के गवर्नर केविन स्टिट ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने स्टिट के हवाले से रविवार को बताया कि दक्षिण ओक्लाहोमा में मुर्रे काउंटी के सर्वाधिक प्रभावित शहर सल्फर में कम से कम दो बड़े बवंडर के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और लगभग 30 अन्य घायल हो गए। कई घर और इमारतें नष्ट हो गईं। राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार, शहर के लिए बाढ़ की चेतावनी भी जारी की गई थी।

स्टिट ने कहा, ऐसा लगता है जैसे यहां सल्फर में हर व्यापारिक प्रतिष्ठान नष्ट हो गया है। मेरे गवर्नर बनने के बाद से यह निश्चित रूप से ऐसी क्षति मैंने नहीं देखी है।

होल्डनविले शहर में एक शिशु सहित दो अन्य की मौत हो गई। वहां कम से कम 14 घर भी क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए। स्थानीय मीडिया ने बताया कि चौथे व्यक्ति की मौत एक अंतरराज्यीय सड़क के पास हुई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि रविवार को लगभग 4.7 करोड़ लोगों को खराब मौसम का खतरा है, जब मिसौरी से टेक्सास तक तूफान, भारी बारिश और बड़े ओले गिरने का खतरा बना हुआ है।

राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा, गंभीर मौसम के अलावा, कभी-कभी इन तूफानों के साथ तेज बारिश की भी संभावना है, जिससे मध्यम से स्थानीय स्तर पर अचानक बाढ़ आने की आशंका है।

## यूनिसेफ की रिपोर्ट, अफगानिस्तान की स्थिति नाजुक, बीमारी से जूझ रहे 2.37 करोड़ लोग, मानवीय मदद की जरूरत



**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने अपनी एक रिपोर्ट के जारी करते हुए कि अफगानिस्तान में 12.3 मिलियन बच्चों के साथ-साथ 23.7 मिलियन लोगों को भी मदद की आवश्यकता है। इस साल में अब तक खसरे के 14,570 मामले सामने आ चुके है, जिसमें से 71 मौतें हो चुकी हैं।

अफगानिस्तान के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार अफगानिस्तान में जलवायु परिवर्तन, आर्थिक मंदी और बेरोजगारी के कारण लंबे समय से गरीबी बढ़ती जा रही है। बता दें कि यूनिसेफ ने मार्च में देश की मानवीय स्थिति पर रिपोर्ट जारी की है, जिसमें अफगानिस्तान को मानवीय सहायता की आवश्यकता पर बात की गई है। रिपोर्ट के अनुसार अफगानिस्तान 12.3 मिलियन बच्चों के साथ-साथ 23.7 मिलियन लोगों को मानवीय मदद की आवश्यकता है। स्थिति यहां तक बिगड़ी हुई है कि इस साल की शुरूआत से अब तक लगभग 71 मौतें दर्ज हुई हैं, वहीं 14,570 खसरे के मामले सामने आए हैं। बीमारों में 11,000 से अधिक बच्चे हैं, जिनकी उम्र 5 वर्ष से कम है। वहीं 6000 से अधिक महिलाएं इसका शिकार हुई हैं।

यूनिसेफ ने अपने मानवीय साझेदारों से अफगानिस्तान में महिला कर्मचारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। रिपोर्ट के अनुसार 1.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता से अफगानिस्तान के केवल 35 प्रतिशत बच्चों को ही सुरक्षित किया गया है।

बता दें कि सेव द चिल्ड्रन ने हाल ही में अफगानिस्तान के बच्चों की स्थिति पर चिंता व्यकत की है। अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन ने कहा कि पाकिस्तान से लौटने वाले 2,50,000 अफगान बच्चों को भोजन और आश्रय की कमी का सामना करना पड़ रहा है। 27 अप्रैल को विश्व खाद्य कार्यक्रम में बताया गया कि हर महीने छह मिलियन लोगों को भोजन के साथ-साथ नगद दिया जा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं आता है तो अफगानिस्तान में लगभग 15.8 मिलियन लोग खाद्य असुरक्षा संकट से जूझेंगे। बता दें कि अफगानिस्तान में लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने 3.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का बजट मांगा गया है।

# अधिक मानवीय सहायता लॉरियां गाजा पहुंच रहीं

### संयुक्त राष्ट्र ने संख्या बढ़ने की पुष्टि की : आईडीएफ

**गाजा/तेल अवीव, एजेंसी।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता ने बताया कि गाजा पट्टी में अधिक मानवीय सहायता पहुंच रही है। पिछले सप्ताह कुछ दिनों में 400 से अधिक लॉरियां मानवीय सहायता लेकर यहां पहुंची हैं। इजरायल पर भूमध्य सागर के सील बंद क्षेत्र में अधिक सहायता वितरण की अनुमति देने के लिए भारी अंतरराष्ट्रीय दबाव है। संयुक्त राष्ट्र ने हाल ही में आने वाली लॉरियों की संख्या में वृद्धि की पुष्टि की है, लेकिन वह इजरायल से अधिक सहायता वितरण की अनुमति देने के लिए और कदम उठाने का आह्वान कर रहा है। गाजा पट्टी में प्रवेश करने वाली लॉरियों पर संयुक्त राष्ट्र के आंकड़े भी अक्सर इजरायल द्वारा जारी आंकड़ों से काफी कम होते हैं। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय के अनुसार, 18 अप्रैल तक और इसमें शामिल सप्ताह में प्रति दिन औसतन केवल 175 रॉलियां आईं।

सहायता संगठनों ने कहा कि युद्ध से पहले हर दिन लगभग 500 ट्रक क्षेत्र में प्रवेश करते थे। हालांकि, सेना के प्रवक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि ये सिर्फ मानवीय सहायता नहीं ले जा रहे थे। युद्ध से पहले गाजा का अपना कृषि उद्योग था, जिससे आबादी को खाना खिलाने में मदद मिलती थी।


आईडीएफ प्रवक्ता ने कहा, गाजा पट्टी के तट पर अमेरिकी सेना द्वारा एक



अस्थायी बंदरगाह के निर्माण से सहायता की मात्रा और बढ़ाई जाएगी। बंदरगाह के मई की शुरुआत में चालू होने की उम्मीद है। अमेरिकी सरकार का मानना है कि पहले चरण में, बंदरगाह के माध्यम से प्रतिदिन 90 लॉरियों के साथ सहायता सामग्री पहुंचाई जा सकती है। हर रोज यह सख्या बढ़कर 150 लॉरी तक हो सकती है। इजराइल ने हाल ही में सहायता वितरण के लिए अतिरिक्त सीमा पार मार्ग खोले हैं। गाजा में मानवीय स्थिति विनाशकारी बताई जा रही है, खासकर उत्तर में। स्वतंत्र विशेषज्ञों का मानना है इस क्षेत्र में अकाल का खतरा है।

## जापान की सत्तारूढ़ एलडीपी उपचुनाव में निचले सदन की तीन सीटें हारी

**टोक्यो , एजेंसी।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) निचले सदन के लिए हुए तीन सीटों पर उपचुनाव हार गई है। विपक्ष को यहां बड़ी जीत मिली है।



समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जापान की कॉन्स्टिट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी (सीडीपी) को रविवार को हुए तीन महत्वपूर्ण उप-चुनाव में बड़ी जीत मिली है। पिछले साल के अंत में एलडीपी के स्लश फंड घोटाले के सामने आने के बाद यह पहला चुनाव था जो शिमाने और नागासाकी प्रान्तों के साथ-साथ टोक्यो में भी आयोजित किया गया। ये सीटें पहले कंजर्वेटिव एलडीपी के पास थीं।

स्थानीय विश्लेषकों ने बताया कि घोटाले के प्रति जनता का असंतोष इस चुनाव में देखने को मिला। एलडीपी महासचिव तोशिमित्सु मोतेगी ने जनता की तीखी प्रतिक्रिया का हवाला देते हुए प्रेस को बताया, पूरे चुनाव अभियान के दौरान हमें राजनीतिक रूप से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ा।

किशिदा की पार्टी के सदस्यों ने रविवार के उप-चुनाव से पहले चेतावनी दी थी कि मतदाताओं के गुस्से के कारण अगले आम चुनाव के बाद सरकार बदल सकती है।

# 2 मई को मिलेगी आईपीएल प्लेऑफ की पहली टीम!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन अब अपने रोमांचक मुकाबलों के साथ प्लेऑफ की ओर बढ़ने लगा है. इसके लिए राजस्थान रॉयल्स समेत 7 टीमों ने अपनी दावेदारी ठोक दी है. जबकि संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान अभी एकमात्र टीम ऐसी है, जिसने प्लेऑफ की दहलीज पर कदम रख दिया है. इसके अलावा बाकी 6 टीमें अब भी रेस में बनी हुई हैं. इनमें कोलकाता नाइट राइडर्स , सनराइजर्स हैदराबाद , लखनऊ सुपर जायंट्स (स्त्त), दिल्ली कैपिटल्स , चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स शामिल हैं.

**2 मई को मिलेगी इस सीजन की पहली प्लेऑफ टीम-** मगर इन सबके बीच फैन्स के लिए जल्द ही एक बड़ी खबर सामने आ सकती है. इस सीजन में पहली प्लेऑफ टीम जल्द देखने को मिल सकती है. यह पहली टीम राजस्थान रॉयल्स हो सकती है. दरअसल, राजस्थान ने अब तक 9 में से



8 मुकाबले जीते हैं. इसके साथ ही इस टीम के अभी 16 अंक हो गए हैं. अब यदि राजस्थान टीम अपना अगला मुकाबला जीत लेती है, तो उसकी प्लेऑफ में जगह पक्की हो जाएगी. वैसे 16 अंक के साथ भी जगह पक्की मानी जा सकती है, लेकिन इसमें नेट रनरेट काफी मायने रखेगा. 18 पॉइंट्स के साथ टिकट पक्का हो जाएगा.

### अगले मुकाबले में राजस्थान की हैदराबाद से टक्कर

राजस्थान टीम का अगला मुकाबला 2 मई को हैदराबाद के खिलाफ होगा. यदि संजू की कप्तानी वाली आरआरटीम यह मुकाबला जीतती है, तो इसी दिन आईपीएल 2024 सीजन की पहली प्लेऑफ टीम मिल जाएगी. राजस्थान के अलावा बाकी टीमों के पॉइंट्स अब तक 12 तक भी नहीं पहुंचे हैं. ऐसे में दूसरी प्लेऑफ टीम मिलने में थोड़ा समय लगेगा. 2 मई से पहले तक चेन्नई को भी एक मुकाबला खेलना है. यदि वो अपना अगला मैच पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत लेती है, तो उसके 12 अंक होंगे. ऐसे में बाकी 3 टीमों के लिए अभी 6 टीमें रेस में हैं. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम की हालत इस सीजन में बेहद खराब रही है. उसने अब तक 10 में से सिर्फ 3 ही मैच जीते हैं. आरसीबी पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे यानी 10वें नंबर पर है. यदि आरसीबी अपने बाकी बचे सभी 4 मैच जीत लेती है, तब भी उसका प्लेऑफ में पहुंचना नामुमकिन सा रहेगा. दरअसल, आईपीएल में 2022 सीजन से 10 टीमें खेल रही हैं. तभी से प्लेऑफ में कभी भी कोई टीम 14 अंक के साथ प्लेऑफ में नहीं पहुंची है. सबसे नीचे यानी चौथे नंबर की टीम के भी 16 अंक रहे हैं. ऐसे में आरसीबी टीम के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद ना के बराबर नजर आ रही है.

दूसरी ओर मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स की हालत भी कुछ इसी तरह है. इन दोनों टीमों ने 9 मैच खेले, जिसमें से 3 जीते हैं. यानी इनके पास आरसीबी से एक मैच ज्यादा है. मगर मुंबई और पंजाब के लिए चुनौती ये होगी कि उन्हें सभी मैच जीतने होंगे. एक भी मैच हारने पर आरसीबी जैसी स्थिति बन जाएगी.

## संक्षिप्त समाचार

### सिंधू-लक्ष्य और प्रणय समेत सात भारतीय खिलाड़ियों का जलवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इन सात खिलाड़ियों में से हाल में क्वालिफाई करने वाले खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन हैं। इन दोनों ने पुरुष एकल वर्ग में क्वालिफाई किया। वहीं, सिंधू ने महिला एकल में क्वालिफाई कर लिया है। भारत के सात



बैडमिंटन खिलाड़ियों ने आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया है। ये सात खिलाड़ी चार अलग-अलग श्रेणी के हैं। साई मीडिया ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की है। इन सभी खिलाड़ियों ने रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया। ओलंपिक इस साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक खेला जाएगा। इन सात खिलाड़ियों में से हाल में क्वालिफाई करने वाले खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन हैं। इन दोनों ने पुरुष एकल वर्ग में बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया। वहीं, दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू ने महिला एकल वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया। वह इस वर्ग में भारत की अकेली प्रतिद्वंद्वी हैं। सिंधू ने 2016 रियो ओलंपिक में रजत पदक और 2021 टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था।

### गत चैंपियन भारत ने इंग्लैंड को 5-0 से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का सामना आखिरी ग्रुप मैच में 14 बार के चैम्पियन इंडोनेशिया से होगा। टीम इंडिया ने पिछले साल भी शानदार प्रदर्शन किया था और कई बड़ी टीमों को शिकस्त दी थी। डिफेंडिंग चैंपियंस भारत ने इंग्लैंड को 5-0 से हराकर थॉमस कप बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम इंडिया



ने अपने पहले मैच में थाईलैंड को 4-1 से शिकस्त दी थी। इंग्लैंड के खिलाफ भारत की शुरुआत शानदार रही थी। एच एच प्रणय ने हैरी हुआंग को 21-15, 21-15 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बेन लेन और सीन वेंडी को युगल मुकाबले में 21-17, 19-21, 21-15 से हराया।दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने नदीम दलवी को 21-16, 21-11 से हराकर भारत को 3-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भारत की दूसरी युगल टीम एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन को 21-17, 21-19 से हराकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

### इंटर मियामी की जीत में मेसी ने दागे दो गोल

- **न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन को 4-1 से दी शिकस्त**

**मैसाचुसेट्स (अमेरिका), एजेंसी।** विश्व कप विजेता कप्तान मेसी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी कराई। उन्होंने मैच में दो गोल दागे। इंटर मियामी के सुपरस्टार



स्ट्राइकर लियोनल मेसी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) के मुकाबले में न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन के घरेलू मैदान में रिकॉर्ड संख्या में मौजूद दर्शकों के सामने अपनी फुटबाल टीम इंटर मियामी को 4-1 से जीत दिला दी। विश्व कप विजेता कप्तान मेसी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी कराई। उन्होंने मैच में दो गोल दागे।

## तीरंदाज दीपिका फिर टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने शीर्ष रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में फिर से शामिल करने का फैसला किया है। यह निर्णय पेरिस ओलंपिक को ध्यान में रखकर लिया गया है। मातृत्व अवकाश के बाद एक्शन में लौट रहीं दीपिका ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में एशिया कप 2024 में पदक भी जीता था। रविवार को 29 वर्षीय तीरंदाज ने मुकाबले में दुनिया की दूसरे नंबर की कोरियाई लिम सिह-योन से हारने के बाद 2024 तीरंदाजी विश्व कप चरण 1 में महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा रजत पदक के साथ समाप्त किया। दीपिका के अलावा, तीरंदाज मृणाल चौहान को भी टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया गया है, जबकि प्रवीण जाधव डेवलपमेंट से कोर ग्रुप में आ गए हैं।



अपनी 133वीं बैठक के दौरान, एमओसी ने स्क्वैश खिलाड़ियों अनाहत सिंह, अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार को 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारी में मदद करने के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया। अक्टूबर 2023 में एलए2028 आयोजन समिति ने लॉस एंजिल्स में खेलों के 2028 संस्करण में शामिल करने के लिए स्क्वैश को स्वीकार कर लिया।

मंत्रालय के बयान में बताया गया, पिछले दो दशकों में स्क्वैश में भारत के प्रदर्शन को देखते हुए विशेष रूप से राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में एमओसी ने अपने टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में तीन स्क्वैश खिलाड़ियों को शामिल करने का फैसला किया, जिसका उद्देश्य उन्हें वैश्विक तैयारी के लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने में मदद करना है। इसके अलावा, पैरा-पावरलिफ्टर अशोक को भी टॉप्स कोर ग्रुप में शामिल किया गया है।

### युवा मुक्केबाजों ने बिखेरा जलवा, जादुमणि-आकाश युवा चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

नई दिल्ली, एजेसी। इससे पहले, शनिवार को जतिन (57 किग्रा), सागर जाखड़ (60 किग्रा) और यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) भी अगले दौर में पहुंच गए थे। जतिन और यशवर्धन ने अपने-अपने मुकाबले 5-0 के अंतर से जीते, जबकि सागर को वॉकओवर मिला था। एम जादुमणि (51 किग्रा) और आकाश गोरखा (60 किग्रा) रविवार को एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। जादुमणि ने अंडर-22 वर्ग के दूसरे दौर में आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकने) निर्णय के साथ मंगोलिया के अल्दरखिशिग बटुल्गा को मात दी।

## टी20 विश्व कप के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने सोमवार को टी20 विश्व कप 2024 के लिए केन विलियमसन की कप्तानी में अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। यह टूर्नामेंट वेस्टइंडीज और यूएसए में 1 जून से शुरू होगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने यह ऐलान सोमवार को दो बच्चों से कराया। बच्चों में लड़की का नाम मटिल्डा और लड़के का नाम एंगस है। इसका एक वीडियो एनजेडसी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर साझा किया जो अब सुर्खियों में है। वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले मेगा-इवेंट से पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। वहीं, वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड टीम में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट का यह वीडियो वायरल हो गया और नेटिज़न्स एनजेडसी की अपनी टीम को सार्वजनिक करने की अनोखे शैली से आश्चर्यचकित हैं। कुछ ने अन्य बोर्डों को भी ऐसा कुछ नया करने का सुझाव दिया। यह पहली बार नहीं था कि न्यूजीलैंड ने बड़े



टूर्नामेंट के लिए टीम की घोषणा करने का अनोखा तरीका अपनाया। पिछले साल वनडे विश्व कप के लिए बोर्ड ने अपने खिलाड़ियों के परिवार वालों से टीम का ऐलान कराया था।

**आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए न्यूजीलैंड टीम-** केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमन, डेवोन कॉन्वे, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, जिम्मी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, ईश सोढ़ी और टिम साउदी।

## नाडा पैनल से हरी झंडी मिलने के बाद इंडियन ग्रां प्री एक में वापसी करेंगी हिमा दास

**नई दिल्ली , एजेंसी।** स्टार धाविका हिमा दास पिछले महीने सुनवाई के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल द्वारा हरी झंडी दिये जाने के बाद बेंगलुरु में मंगलवार को इंडियन ग्रां प्री एक में वापसी करेंगी। भारत की स्टार धाविका हिमा दास पिछले महीने सुनवाई के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल द्वारा हरी झंडी दिये जाने के बाद बेंगलुरु में मंगलवार को इंडियन ग्रां प्री एक में वापसी करेंगी। पीटीआई की एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई। पिछले साल नाडा ने 12 महीने में तीन दफा अपने रहने के स्थान की जानकारी देने में विफलता के बाद 24 वर्षीय हिमा को अस्थायी रूप से




निलंबित कर दिया था।भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा 30 अप्रैल को होने वाले इंडियन ग्रां प्री 1 की महिलाओं की 200 मीटर रेस की प्रविष्टि सूची में हिमा का नाम शामिल है। भारतीय एथलेटिक्स टीम के एक सूत्र ने पीटीआई को गोपनीयता की शर्त पर कहा, पिछले महीने नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल की सुनवाई में उन्हें प्रतियोगित में हिस्सेदारी के लिए हरी झंडी मिल गयी। हालांकि सूत्र ने यह नहीं बताया कि नाडा के पैनल ने उन्हें फिर से प्रतिस्पर्धा करने की मंजूरी कैसे दी। हिमा ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में 400 मीटर का व्यक्तिगत रजत पदक जीता था।

## विराट कोहली ने अपने स्ट्राइक रेट पर दिया मुंह तोड़ जवाब, वर्ल्ड कप से पहले बड़ा बयान

**अहमदाबाद, एजेंसी।** आईपीएल:2024 में गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बड़ी आसानी के साथ अपने नाम कर लिया। यह इस सीजन आईपीएल में आरसीबी की तीसरी जीत है। इस मैच में विल जैक्स ने शानदार शतक जड़ा जिसके कारण उनकी टीम यह मुकाबला जीत सकी। विल जैक्स के अलावा इस मैच में विराट कोहली ने भी शानदार पारी खेली। विराट आज के मैच में काफी एग्रेशन में नजर आए। विराट कोहली ने इस मुकाबले के बाद कई बड़े बयान दिए। जहां उन्होंने अपने स्ट्राइक रेट के बारे में भी बात कही है।



**विल जैक्स पर विराट ने कही ये बात-** गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच जीतने के बाद विराट कोहली ने पहले जैक्स पर कहा कि जब जैक्स बल्लेबाजी करने आए थे, तो वह थोड़ा नाराज थे कि वह गेंद को उतनी सफाई से नहीं मार पा रहे थे जितना वह चाहते थे, लेकिन हमारे बीच केवल यही बातचीत हुई थी कि एक दूसरे का समर्थन करते रहें, टिके रहें क्योंकि हम जानते हैं कि वह कितना विस्फोटक हो सकते हैं। जैसे ही उन्होंने मोहित शर्मा के ओवर में काफी रन बनाए मेरी भूमिका पूरी तरह से बदल गई, मुझे खुशी थी कि मैं दूसरे छोर से खेल देख रहा था। मेरा मतलब है, मैंने सोचा था कि हम 19 ओवर में खेल जीत सकते हैं, लेकिन इसे 16 ओवर में समाप्त करना कमाल था।

### स्ट्राइक रेट पर क्या बोले कोहली

विराट कोहली ने अपने स्ट्राइक रेट पर हो रही बातों को लेकर कहा कि वे सभी लोग जो स्ट्राइक रेट और मेरे स्पिन को अच्छी तरह से नहीं खेलने के बारे में बात करते हैं, वे वही लोग हैं जो इस बारे में बात करना पसंद करते है। लेकिन मेरे लिए, यह टीम के लिए खेल जीतने के बारे में है और एक कारण है कि ऐसा मैं पिछले 15 सालों से कर रहा हूं क्योंकि मैंने दिन-ब-दिन ऐसा ही किया है और आपने टीमों के लिए खेल जीते हैं।

## माहेश्वरी ने रजत पदक जीता

### निशानेबाजी में 21वां कोटा स्थान हासिल किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की माहेश्वरी चौहान ने दोहा में लुसैल शूटिंग रेंज में इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) फाइनल ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप शॉटगन के समापन दिन महिला स्कीट प्रतियोगिता में रजत पदक जीता और इसके साथ ही पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में शूटिंग प्रतियोगिता में भारत के लिए 21वां कोटा स्थान हासिल किया। 60 शॉट के फाइनल में 54 हिट पर बराबरी पर रहने के बाद माहेश्वरी स्वर्ण पदक के शूट-ऑफ में चिली की फ्रांसिस्का क्रोवेटो चाडिड से 3-4 से हार गईं। यह एक शानदार प्रदर्शन था क्योंकि यह जालोर की निशानेबाज के लिए पहला आईएसएसएफ फाइनल था। उनके प्रदर्शन ने भारत को महिलाओं की स्कीट में दूसरा पेरिस कोटा स्थान भी दिलाया। माहेश्वरी ने फाइनल के बाद कहा,मैं रोमांचित हूं। यहां तक पहुंचने के लिए पिछले कुछ वर्षों में काफी मेहनत करनी पड़ी है। मैं शूट-ऑफ को लेकर थोड़ा निराश हूं, लेकिन कुल मिलाकर, यह बहुत संतोषजनक रहा। दिन की शुरुआत भारतीय खिलाड़ी के क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहने के साथ हुई, लेकिन अंतिम राउंड में 23 के स्कोर का मतलब था कि वह चौथे स्थान पर रहते हुए शीर्ष छह फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लेगी। हालाँकि, उनके 121 अंकों ने उन्हें नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड प्रदान किया।



यह देखते हुए कि चाडिड ने पहले ही प्रतियोगिताओं में कोटा स्थान हासिल कर लिया था और चीन की जियांग यितिंग, छठी क्वालीफायर, अयोग्य थी क्योंकि उनके देश ने पहले ही प्रतियोगिता में अपने कोटा समाप्त कर दिए थे, माहेश्वरी की लड़ाई तीन अन्य लोगों (कजाकिस्तान की असेम ओरीबे, अजरबैजान की रिगिना मेफताखेतदीनोवा और शीर्ष क्वालीफायर स्वीडन की विक्टोरिया लार्सन) के साथ थी।

## भारत को वर्ल्डकप जिताने वाले गैरी पाकिस्तान के कोच बने

### वनडे और टी-20 टीम को ट्रेनिंग देंगे, गिलेस्पी टेस्ट टीम के कोच नियुक्त

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत को 2011 में वनडे वर्ल्ड कप जिताने वाले कोच गैरी कर्स्टन अब पाकिस्तान की वनडे और अ20 टीम के कोच होंगे। दरअसल, जून में टी-20 वर्ल्ड कप होना है। ऐसे में पाकिस्तान बोर्ड ने साउथ अफीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को कोच नियुक्त कर एक बड़ा फैसला किया है। उनके अलावा ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी को पाकिस्तानी टेस्ट टीम का कोच नियुक्त किया गया है। दोनों को दो साल का कॉन्ट्रेक्ट दिया गया है। अजहर महमूद जिन्हें न्यूजीलैंड सीरीज के लिए कोच बनाया गया था, सभी फॉर्मेट में सहायक कोच के रूप में काम करते रहेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को यह जानकारी दी।

**आर्थर, ब्रैडबर्न और पुटिक ने इस्तीफा दिया-** मिकी आर्थर, ग्रांट ब्रैडबर्न और एंड्रयू पुटिक ने भी हाल ही में अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। अप्रैल 2023 में मिकी आर्थर को पाकिस्तान मेंस क्रिकेट टीम का निदेशक नियुक्त किया गया था। ब्रैडबर्न को पिछले साल की शुरुआत में टीम का मुख्य कोच घोषित किया गया था। साउथ अफीका के पूर्व क्रिकेटर एंड्रयू पुटिक अप्रैल 2023 से पाकिस्तान के बल्लेबाजी कोच थे।